निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 152 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



घाटशिला में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चन्द्र सोरेन की नामांकन सभा में हिस्सा लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन






## संक्षिप्त समाचार

### फरार आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाघमारा थाना क्षेत्र में मुखिया पति पर फायरिंग मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी विश्वजीत उर्फ विशु चक्रवर्ती और उसके सहयोगी अभय कुमार पासवान उर्फ बंगाली के घर ढोल-नगाड़े के साथ कोर्ट के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस टीम ने विशु चक्रवर्ती के तीलाटांड स्थित आवास और अभय पासवान उर्फ बंगाली के फुलारीटांड बेनीडीह स्थित क्वार्टर पर यह कार्रवाई की।

### चुनाव ड्यूटी पर आये जवान की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर में चुनाव ड्यूटी को लेकर जम्मू कश्मीर से आए आरपीएफ के एएसआई की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे खानपुर थाना क्षेत्र के मसीना उच्च विद्यालय में चुनाव ड्यूटी पर तैनात थे। उनकी पहचान जम्मू कश्मीर के बारामूला जिला के अबला के अब्दुल हमीद गांगी (54 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार जवान कुछ दिन पहले ही जम्मू कश्मीर से चुनाव ड्यूटी के लिए समस्तीपुर पहुंचे थे। उन्हें जिले के वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र में तैनात किया गया था।

### बिजली का करंट लगने से पति-पत्नी की मौत

**शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कसार थाना क्षेत्र के जंगली बिगहा गांव में बीती रात एक दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत हो गई। दोनों धान की फसल की सिंचाई के लिए खेत जा रहे थे तभी उन्हें 11 हजार वोल्ट के टूटे बिजली के तार का करंट लगा। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय नूनूलाल चौहान और उनकी 38 वर्षीय पत्नी पूनम देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया है।

### पलामू में धान के खेत से मिला शव

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के तरहसी थानाक्षेत्र के मंझौली गांव में शुक्रवार को एक धान के खेत से 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जगनारायण यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव मिलने की सूचना मिलते ही तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और आवश्यक कार्रवाई की। शव को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया है।

### गोलीबारी मामले में छह गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सीमेंट-छड़ कारोबारी राधेश्याम साहू पर हुई गोलीबारी मामले में रांची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। कांड के उद्भेदन के लिए रांची पुलिस की कई टीमें एक साथ काम कर रही हैं। कारोबारी राधेश्याम साहू पर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों में जमीन कारोबारी और बिल्डर शामिल हैं। वहीं पकड़े गए लोगों में दो रांची के पुंदाग के बिल्डर-जमीन कारोबारी शामिल हैं। पुलिस की टीम हिरासत में लिए लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है। हालांकि अब तक पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली है।

## घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा और जेएमएम प्रत्याशी ने किया नामांकन

# झारखंड की जनता ही हमारी ताकत : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बाबूलाल सोरेन के पक्ष में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत कई सांसद, विधायक मौजूद रहे। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी सोमेश सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो समेत झामुमो के कई नेता मौजूद रहे। झामुमो ने यहां से दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सोमेश सोरेन को और भाजपा ने चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को चुनाव मैदान में



उतारा है। झामुमो प्रत्याशी सोमेश चन्द्र सोरेन के नामांकन सभा में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद उनके पीछे-पीछे ही हमारे बड़े भाई मंत्री रामदास सोरेन का भी निधन हो गया, न जाने क्या संजोग है। यह हम नहीं बता सकते लेकिन कोई ना कोई जरूर ताकत है जो ऐसी स्थिति पैदा करती है। ऐसी स्थिति आई की हमने सोमेश बाबू को प्रत्याशी बनाया। आप जिस तरीके से पिछले बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड मत के साथ घाटशिला के इतिहास में पहली बार 20 से 22 हजार से अधिक वोट से रामदास सोरेन को विधायक बनाया, इस बार ऐसा वोट करना है की विरोधी प्रत्याशी का खाता भी न खुले। जमानत तक जब्त हो जाना चाहिए। इस बार वोट बंटने का नहीं है अभी तो दो-तीन दिन और चुनाव का पर्चा भरेगा। इसलिए अभी हम बहुत ज्यादा नहीं बोलते। जब मैदान में हम लोग आ जाते हैं तो हम लोगों के ऊपर भी थोड़ा सा कुछ भूत चढ़ जाता है। कभी-कभी कुछ ज्यादा भी बोला जाता है लेकिन अभी समय है। हमारे विपक्ष के लोग पूरी तैयारी के साथ सुने यहां पर एक दर्जन मुख्यमंत्री पूरे अलग-अलग राज्य से आकर डेरा डालेंगे। एक दर्जन क्या दो दर्जन मुख्यमंत्री पर भी ये अकेला मुख्यमंत्री भारी पड़ेगा। वह इसलिए की यहां का मुख्यमंत्री हम नहीं यहां का मुख्यमंत्री सामने बैठी जनता है। उसकी ताकत मेरी ताकत है।

# साथी सुरक्षा गार्ड की हत्या कर खुद थाना पहुंचा आरोपित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुर्रामकला रामगढ़ कॉलेज के समीप बन रहे एक मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने अपने ही साथी गार्ड की हत्या कर दी। हत्या का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपी गार्ड खुद थाना पहुंचा और पूरी वारदात की जानकारी रामगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुरक्षा कर्मी सुनील सिंह और शंकर महतो की ड्यूटी लगाई गई थी, किसी बात को लेकर सिक्योरिटी गॉर्ड के बीच में कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई भी हो गई। इसके बाद रात में ड्यूटी के दौरान शंकर महतो ने सुनील सिंह को सोने के दौरान ही टांगी से कान और सिर पर जोरदार प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शंकर महतो रात के 3:00 बजे के करीब रामगढ़ थाना पहुंचा और पुलिस के सामने साथी गार्ड सुनील सिंह की हत्या कर देने की बात बताई। जानकारी मिलने के तुरन्त बाद रामगढ़ पुलिस की गश्ती टीम घटनास्थल पर पहुंची और सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय ने मृतक सुनील सिंह के शव का पंचनामा किया। जिस टांगी से मार कर हत्या की गई थी, उस टांगी को भी बरामद कर लिया गया है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि बीती रात थाने पहुंचकर शंकर महतो नामक व्यक्ति ने सुनील सिंह की हत्या टांगी से मारकर कर देने की बात बताई, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। परिजनों को पूरी वारदात की जानकारी दी गई। परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आरोपी शंकर महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी जब्त कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक चार वर्षीय बच्चे और एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। एक घटना में स्कूल बस ने आंगनबाड़ी जा रहे बच्चे को कुचल दिया जबकि दूसरी घटना में ट्रैक्टर की टक्कर के बाद बाइक सवार युवक ने दम तोड़ दिया। पहली घटना शुक्रवार सुबह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुल्हर गांव में हुई। दुल्हर गांव निवासी रवीन्द्र राम का चार वर्षीय पुत्र मयानंद राम सुबह करीब 8:15 बजे आंगनबाड़ी जा रहा था। इसी दौरान वह एक स्कूली बस की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मयानंद को तुरंत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने दोषी बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर दूसरी घटना गुरुवार देर शाम पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई बस स्टैंड के पास हुई। बहेरी, थाना हंटरगंज, जिला चतरा निवासी स्वर्गीय संतु सिंह के इकलौते पुत्र अभिजीत कुमार उर्फ दुर्गा (20) की बाइक की ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अभिजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल डाल्टनगंज से रांची ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। अभिजीत की मौत के बाद शुक्रवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने पांकी-मेदिनीनगर मुख्य सड़क को जाम कर दिया था।

# दो इनामी एरिया कमांडरों ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** चतरा पुलिस को नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा (टीएसपीसी) उग्रवादी संगठन के दो एरिया कमांडर ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इन दोनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण कार्यक्रम शुक्रवार को चतरा समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर की उपस्थिति में उग्रवादियों ने मुख्य धारा में लौटने का संकल्प लिया। आत्मसमर्पण करने वाले एरिया कमांडर कुलदीप गंझू उर्फ पत्थर उर्फ कुणाल हैं, जो पृथ्वी गंझू के पुत्र




और चतरा जिले के कुंदा थाना अंतर्गत कोजरम के निवासी हैं। दूसरे नक्सली रोहनी गंझू उर्फ रोहनी पाहन हैं, जो स्वर्गीय बबुनी गंझू के पुत्र और कुंदा थाना के अनगड़ा के निवासी हैं। आत्मसमर्पण के दौरान इन उग्रवादियों ने अपनी आपराधिक दुनिया को त्यागने के प्रतीक के रूप में आग्नेयास्त्रों का एक जखीरा भी सौंपा। रोहनी गंझू ने एक एसएलआर राइफल और 82 राउंड जिंदा गोली जबकि कुलदीप गंझू ने एक सेमी राइफल और 103 राउंड जिंदा गोली पुलिस को समर्पित की। कुलदीप गंझू उर्फ कुणाल पर चतरा के कुंदा, सदर, मनातू, छतरपुर, प्रतापपुर, वशिष्ठ नगर और गिद्धौर थाना क्षेत्रों में कुल 16 गंभीर मामले दर्ज हैं। दूसरा रोहनी गंझू के विरुद्ध कुंदा और मनातु थाना क्षेत्रों में कुल 10 मामले दर्ज हैं। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि कुणाल और रोहनी, दोनों ही नक्सल हिंसा और खूनी वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं।

# व्यापारी के घर से ले भागे 20 लाख रुपये

**देवघर (नबिटा ब्यूरो)।** देवघर में हथियारबंद अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया था। घटना मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गांव की है। दरअसल गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपराधियों ने व्यापारी दिनेश मंडल के घर एक बड़ी डकैती को अंजाम दिया। सभी लोग उसके घर बोलेरो से तकरीबन 8 से 10 की संख्या में पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार अपराधी सफेद बोलेरो में सवार होकर गांव पहुंचे। इसके बाद व्यापारी के घर में घुसते ही पिस्तौल की नोंक पर परिजनों को बंधक बना लिया फिर घर मालिक सीताराम मंडल और उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर पूरे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने घर में रखे करीब 20 लाख रुपये नकद और कीमती सामान लूट लिये।

# ग्रामीण बैंक में घोटाले का आरोपित मैनेजर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के हुसैनाबाद के दंगवार शाखा में करोड़ों के घोटाला का मामला सामने आया है। घोटाला का आरोप तत्कालीन शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह पर लगा है। पलामू पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए बैंक घोटाले के आरोपी मनोज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। मनोज कुमार सिंह, बिहार के बक्सर जिले के



राजपुर थाना क्षेत्र के कोनौली गांव का रहने वाला है। दरअसल जुलाई महीने में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के दंगवार शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गड़बड़ियों को पकड़ा गया, जिसके बाद पूरे मामले में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के दंगवार शाखा के प्रबंधक आशीष रंजन ने, पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होने के बाद पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है। अनुसंधान के क्रम में बैंक मैनेजर पर लगे आरोपों की पुष्टि भी हुई है, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी करते हुए मनोज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ऑडिट में तत्कालीन शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के कार्यकाल में गड़बड़ी पकड़ी गयी थी। शुरुआती दौर के 1.36 करोड़ का घोटाला सामने आया था। बैंक और पुलिस द्वारा जांच की गई तो घोटाले की रकम बढ़कर 6.3 करोड़ रुपए हो गई। जिस वक्त मामला दर्ज किया गया, उस वक्त बैंक में 1.36 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश हुआ था। घोटाला पकड़े जाने के बाद आरोपी शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह के द्वारा बैंक को 4.66 करोड़ रुपए वापस भी किए गए थे। घोटाले की जांच के लिए हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का भी गठन किया गया था।

# साइबर पुलिस ने दो सहोदर भाइयों को दबोचा

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर पुलिस ने दो सहोदर भाइयों को गिरफ्तार किया है। इन पर मोबाइल छीनकर बैंक खातों से 1.11 लाख रुपए निकालने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपी अमन कुमार चौधरी और विजय कुमार चौधरी शहर के भुरभुरा मोड़ के निवासी हैं। साइबर डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि यह घटना 15 अक्टूबर को कृष्णापुरी मोहल्ले में हुई थी। जांच में सामने आया कि अमन और उसके छोटे भाई विजय ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों भाइयों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक, सिम कार्ड और छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।






# आदिवासियों ने हुंकार महारैली निकाल दिखाई ताकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कुड़मी समाज ने एसटी का दर्जा देने की मांग की है। 20 सितंबर को रेल टेका डहर छेका आंदोलन के जवाब में आदिवासी संगठनों ने उनकी मांग के खिलाफ आंदोलन करना शुरू कर दिया है। 17 अक्टूबर को आदिवासी बचाओ मोर्चा के बैनर तले रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। रांची की सड़क पर आदिवासी संगठनों ने पैदल मार्च भी निकाला। इसमें महिलाओं ने बढ़कर भागीदारी की। रांची के अरगोड़ा चौक के बाद



आदिवासी संगठनों ने पैदल मार्च का नजारा देखते बन रहा था। कुड़मी समाज की मांग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदिवासी समाज के लोग प्रभात तारा मैदान की ओर कूच कर रहे थे। इस रैली में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने हाथों में जय सरना और कुड़मी मांग के विरोध वाली तख्तियां ले रखी थी। काफी देर तक चले पैदल मार्च की वजह से अरगोड़ा बाईपास रोड पर ट्रैफिक जाम लगा रहा। इसमें स्कूली बसें भी फंसी रहीं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस जाम खत्म कराने को लेकर तत्पर दिखी। इससे पहले दर्जनों ऑटो और बसों में सवार होकर आदिवासी समाज के लोग प्रभात तारा मैदान की ओर जाते दिखे। बता दें कि अलग-अलग आदिवासी संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कुड़मी द्वारा एसटी का दर्जा देने की मांग के खिलाफ 12 अक्टूबर को आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा के बैनर तले मोरहाबादी में आदिवासी समाज का जुटान हुआ था। इसमें अच्छी खासी संख्या में लोगों ने भागीदारी निभाई थी। इस दौरान कुड़मी समाज के मांग का पुरजोर विरोध किया गया था। फिलहाल आदिवासी संगठनों की ओर से आंदोलन होने पर सोशल मीडिया खींचतान का अखाड़ा बना हुआ है।

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया 'देशी मसाला रेस्टोरेंट' का उद्घाटन, कहा–

# युवाओं के आथमनिर्भरता के प्रयास सराहनीय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** मेन रोड स्थित इन्द्रलोक टॉवर (थर्ड फ्लोर) पर शुक्रवार को 'देशी मसाला रेस्टोरेंट' का उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की दिशा में किया गया यह प्रयास प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है।

विधायक प्रसाद ने कहा कि यह प्योर वेज रेस्टोरेंट न केवल स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का आकर्षक केंद्र बनेगा, बल्कि यह हजारीबाग में उद्यमिता, गुणवत्ता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

उन्होंने रेस्टोरेंट के संचालक अमित जैन और विक्की जैन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी लगन और सेवा भावना से हजारीबाग की पहचान स्वाद और आतिथ्य दोनों में नई ऊँचाइयों तक पहुँचेगी। विधायक ने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद, दिनेश चंद्र पाठक, आलोक सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व के संकल्प को साकार करने में ऐसे स्थानीय प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को छोटे-छोटे उद्यमों के माध्यम से रोजगार सृजन और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

अंत में विधायक ने कहा कि हजारीबाग के युवाओं की ऊर्जा और उद्यमशीलता शहर के विकास की नई दिशा तय कर रही है, और इस दिशा में उनका पूरा सहयोग हमेशा बना रहेगा।

## मुखिया ने निजी खर्च से तीन किमी जर्जर सड़क की मरम्मत

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत का एक कच्चा रास्ता पूरी तरह जर्जर हो गया था। इससे लोगों का चलना दूभर हो गया था। पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को निजी खर्च से तीन किमी लंबे उक्त सड़क का मरम्मत कराया। चौधरी ने बताया कि यह रास्ता रेलवे स्टेशन से ज्वाला मिस्त्री के घर होते हुये पंजरी खुर्द गेरनारी बाबा देव स्थल तक जाती है। इसे निजी खर्च से जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर लगवाकर मेटल व मोरंग गिरवाया। फिर मजदूर लगवाकर इस कच्चे पथ का मरम्मत करवाया गया है। इधर सड़क के बन जाने से ग्रामीण काफी खुश दिखे। साथ ही मुखिया धर्मेंद्र चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि सभी कार्य सरकार के ही भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। लोगों का परेशानी व दर्द बांटना ही उनका पहला उद्देश्य है। इसलिए हमेशा ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते रहते हैं।

### चौपारण में वन विभाग की सख्त कार्रवाई

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने एक बार फिर अवैध कोयला तस्करी पर नकेल कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात विभाग ने कोयला लदा 14 चक्का ट्रक (नंबर इफ2 ॠ 2686) को चौपारण चेकनाका पर रोककर जब्त कर लिया।

सूत्रों के अनुसार, डीएफओ मौन प्रकाश को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक अवैध कोयला लेकर बिहार की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम ने चौपारण चेकनाका पर विशेष निगरानी बढ़ाई। देर रात संदिग्ध ट्रक दिखाई देने पर उसे रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे में फरार हो गया। वाहन की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ट्रक पर लदा कोयला जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से निकाला गया था। ट्रक को जब्त कर रेंज कार्यालय लाया गया है, जहां उससे संबंधित कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच पूरी होने के बाद मामला वन अधिनियम के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि हाल के महीनों में विभाग अब तक छह से अधिक कोयला लदे ट्रकों को जब्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि वन विभाग अवैध खनन और कोयला परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है और चौपारण क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों पर सख्त निगरानी जारी है।

### लगातार 9वें वर्ष हजारीबाग में जगमगाया 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम

## शौर्य, आस्था व देशभक्ति का अनूठा संगम

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** दीपावली की पूर्व संध्या पर गुरुवार की शाम शहीद स्मारक परिसर देशभक्ति की रोशनी से जगमगा उठा। लगातार नौवें वर्ष आयोजित हो रहे 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम में हजारीबागवासियों ने अमर शहीदों के सम्मान में हजारों दीये जलाकर राष्ट्रभक्ति और कृतज्ञता की मिसाल पेश की।

कार्यक्रम के दौरान शहीद सुभाष सौरव बारला, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और शहीद संदीप पाल के परिजनों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दीपमालाओं से जगमगाते स्मारक स्थल पर उपस्थित लोगों ने शहीदों की शहादत को नमन किया और दीपावली पर अपने घरों में भी एक दीया शहीदों के नाम जलाने की अपील की। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, सदर एसडीपीओ अमित आनंद (आईपीएस), भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद ओझा, सांसद सुपुत्र करण जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आईपीएस अमित आनंद ने कहा कि 'झारखंड प्रांत के किसी अन्य जिले में इस तरह का आयोजन नहीं देखा गया है। हजारीबाग का यह कार्यक्रम शहीदों के सम्मान में एक अनूठी पहल है।' वहीं विधायक मनोज यादव ने कहा कि 'शहीदों की शहादत की बदौलत ही हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले पा रहे हैं, और इस आयोजन से उन्हें श्रद्धांजलि देना गर्व की बात है।' कार्यक्रम में आरंभ बैंड की देशभक्ति प्रस्तुतियों, तरंग ग्रुप, शर्मिष्ठा डांस एंड आर्ट एकेडमी, और शोभा सिन्हा संगीतालय के बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका, देशभक्ति गीतों और संगीत वाद्ययंत्रों की धुनों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। विशेष आकर्षण रहे सेल्फी पॉइंट, रंगोली, और झिलमिलाते दीपों की श्रृंखलाएं, जिनसे पूरा स्मारक परिसर आलोकित हो उठा। कार्यक्रम स्थल पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से रंजन चौधरी, रवि सिंह, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, शंकर चंद्र पाठक, सागर कुमार और अभिजीत कुमार सोनू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजक रंजन चौधरी ने कहा कि 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और शहीद परिवारों के प्रति सम्मान बनाए रखना है।' उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे दीपावली पर अपने घरों में एक दीया शहीदों के नाम अवश्य जलाएं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लायंस क्लब ऑफ रॉयरिंग ने आयोजकों को सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष लायन राजीव आनंद ने कहा कि 'नौ वर्षों से निरंतर इस परंपरा का निर्वहन करना हजारीबाग के लिए गर्व की बात है।' हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों लोगों की सहभागिता से शहीद स्मारक परिसर शौर्य, श्रद्धा और आस्था के दीपों से आलोकित हुआ— एक ऐसा दृश्य जिसने साबित किया कि हजारीबाग की धरती शहीदों के सम्मान में सदैव अग्रणी रहेगी।

### अवैध रूप से संचालित 9 ईंट भट्ठों को हटाने का आदेश

## अनुपालन नहीं करने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना अंतर्गत मौजा गाली, गोन्दलपुरा एवं मोत्रा में अवस्थित कुल 09 ईंट चिमनी भट्ठों को जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग द्वारा अवैध पाते हुए नोटिस जारी किया गया है। इन ईंट भट्ठों के पास किसी भी प्रकार के वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं तथा यह स्थल गोन्दलपुरा स्थित कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आता है।

इन भट्ठों का संचालन वैध नहीं है। भट्ठेदारों के नाम क्रमशः पंचम कुमार, रवि कुमार, रोहित कुमार, आसीत चक्रवती, विकास कुमार महतो एवं बिनोद कुमार मेहता (सभी ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव) हैं। जिला खनन कार्यालय द्वारा सभी भट्ठेदारों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने भट्ठा स्थल से सभी उपकरण एवं सामग्रियों को 15 दिनों के भीतर हटा लें तथा ईंट भट्ठों का संचालन पूर्ण रूप से बंद करें।

निर्धारित समय सीमा के भीतर आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अवैध रूप से स्थापित ईंट भट्ठों को ध्वस्त किया जाएगा एवं संबंधित भट्ठेदारों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन गतिविधियों तथा बिना अनुमति संचालित इकाइयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, सभी संचालकों से वैधानिक प्रक्रिया का पालन करने की अपील की गई है।

## दनुआ घाटी में गैस टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला, चालक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड अंतर्गत जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी में शुक्रवार की सुबह एक गैस टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि समय रहते गैस रिसाव नहीं होने से बड़ी दुर्घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार, गैस टैंकर (वाहन संख्याः वढ17 अळ 1770) हल्दिया से मिजार्पुर होते हुए बनारस जा रहा था। दनुआ घाटी के तीखे मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिससे टैंकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक अनिल यादव, निवासी बलिया (उत्तर प्रदेश), गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक पैर टूट गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत चौपारण थाना और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस टीम ने घायल को चौपारण सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस और आपदा प्रबंधन दल ने मौके पर पहुंचकर टैंकर की सुरक्षा जांच की, जिसमें किसी प्रकार की गैस लीकेज की पुष्टि नहीं हुई। एहतियातन कुछ समय के लिए घाटी में यातायात रोका गया था, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

## जन सुराज के मनोज ऋषिदेव ने बनमनखी सीट से किया नामांकन, रोड शो में उमड़ा भारी जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी विधानसभा 59 (अनुसूचित जाति) सीट पर चुनावी हलचल तेज होती दिख रही है। इसी कड़ी में जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी मनोज ऋषिदेव ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। नामांकन के समय उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे, जिन्होंने उत्साह और जोश के साथ उनका स्वागत किया। नामांकन के बाद मनोज ऋषिदेव ने गाजे-बाजे के साथ रोड शो निकाला। समर्थकों की भीड़ ने सड़कों को भर दिया और पूरे क्षेत्र में चुनावी उत्साह का माहौल बना। इसके बाद उन्होंने मार्केटिंग यार्ड में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

मनोज ऋषिदेव ने कहा, "बनमनखी की जनता ने मुझ पर भरोसा जताया और जन सुराज पार्टी से उम्मीदवार बनने का अवसर दिया। मैं हमेशा जनता का भाई बनकर सेवा करता रहा हूँ और आगे भी पूरी निष्ठा से अपने क्षेत्र की सेवा करता रहूँगा।" जनसभा में समर्थकों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए और मनोज ऋषिदेव के समर्थन में एकजुटता दिखाई। इस बीच, महागठबंधन की ओर से बनमनखी सीट के लिए अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं होने से उनके समर्थकों में निराशा का माहौल नजर आया।

## बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी सुजीत पासवान ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई /कटिहार।** अनुमंडल कार्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच बलरामपुर विधानसभा के एक प्रत्याशी सुजीत कुमार ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी आकांक्षा आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बलरामपुर विधानसभा से चौथे दिन एक प्रत्याशी सुजीत पासवान ने अपना पर्चा दाखिल किया है। तथा पांच प्रत्याशी ने अपना नजीर रशीद कटवाया है। जिसमें संगीता देवी, मोहम्मद आफताब आलम, प्रिया कुमारी राय, रोशन अग्रवाल, मोहम्मद आदिल हसन शामिल हैं। वही कदवा विधानसभा में चार प्रत्याशियों ने अपना नजीर रसीद कटवाया है। इस संबंधमें डीएसएलआर प्रियंका कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौथे दिन एक भी नामांकन पर्चा दाखिल नहीं हुई है।

चार प्रत्याशियों का नजीर रशीद कटवाया गया है। जिसमे भोलानाथ केवट, समीम, सुरेश यादव इन तीनों के अलावे बहुजन समाज पार्टी की ओर से विद्यानंद मंडल ने नजीर रसीद कटाया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी आकांक्षा आनंद ने कहा कि नामांकन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती किए गए हैं।

## पुलिस ने पकड़ी बड़ी मात्रा में देशी शराब, दो तस्कर गिरफ्तार

**के नगर/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की शाम केनगर थाना पुलिस ने बेलारिकावगंज पंचायत के रमणा लोहा गाँव एवं झील टोला में विशेष छापेमारी कर दो देशी शराब तस्करों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी कब्जे से कुल 30 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रमणा लोहा गाँव निवासी 19 वर्षीय डोमा बासुकी और झील टोला निवासी 40 वर्षीय रमेश उरांव शामिल हैं। कार्रवाई में डोमा बासुकी के कब्जे से 15 लीटर और रमेश उरांव के कब्जे से भी 15 लीटर शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि दोनों तस्करों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई और शुक्रवार को उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## दीपावली, कालीपूजा व छठ पर्व में शांति एवं सुरक्षा पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत रघुवंशनगर थाना परिसर में दीपावली, कालीपूजा और छठ पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने की।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि ये पर्व समाज में भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक हैं। अतः इन अवसरों पर शांति और एकता बनाए रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय या शांति भंग करने वाली स्थिति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की आवश्यकता है, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके। बैठक में थाना क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि पर्व के दौरान सभी छठ घाटों पर सघन गश्ती के साथ पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। विशेष रूप से बेलापेमु, महिखण्ड नहर, वरुणा, कामास्थान ओरलाहा और लक्ष्मीपुर भित्ता छठ घाटों पर अधिक भीड़ की संभावना को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त चौकसी रखने का निर्णय लिया गया।

## छापामारी के क्रम में दो देशी कट्टे एवं 4 जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** बरारी थाना अध्यक्ष ने छापेमारी के क्रम में अवैध हथियार वह जिंदा कारतूस को बरामद किया है इस बाबत थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुरूवार की रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरोपार सिक्कट में अवैध हथियार को अपने घर में छिपाकर रखा हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ तत्परता से उक्त स्थल पर छापामारी करने पहुँचे।छापामारी के क्रम में ग्राम बोरोपार सिक्ट से 02 देशी कट्टा एंव 04 जिंदा कारतूस बरामद की गई। उन्होने बताया कि हथियार को जप्त करते हुए विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## मनरेगा में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा प्रारंभ, दो पालियों में गिरिवर +2 हाई स्कूल में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** विभिन्न पदों के लिए शुक्रवार को लिखित परीक्षा प्रारंभ हो गया। दिनांक 17 सितंबर को दो पालियों में गिरिवर +2 हाई स्कूल में परीक्षा आयोजित हुआ। आज प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)पदों के लिये परीक्षा आयोजित हुआ।प्रथम पाली सुबह 10:30 बजे से 7 क्लासरूम में और द्वितीय पाली 12:30 बजे से 4 क्लासरूम में शुरू हुआ।प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के लिये 264 एडमिट कार्ड जारी किए गए थे,वहीं सहायक अभियंता के लिये 140 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किया गया था।परीक्षा को लेकर स्कूल में पर्याप्त पुलिस एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति की गयी थी।सदर व छत्तरपुर एसडीओ,सहायक समाहर्ता और डीआरडीए निदेशक लगातार परीक्षा की पूरी



प्रणाली पर नजर रखे हुए थे।इस तरह 18 अक्टूबर को भी कनीय अभियंता,लेखा सहायक एवं कंप्यूटर सहायक पदों के लिये परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।इस परीक्षा का आयोजन झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प और नियुक्ति सेवा शर्त नियमों के अनुरूप किया जा रहा है।

## मध्य विद्यालय में चोरी पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बड़हरा कोठी प्रखंड के मध्य विद्यालय देवरी में 16 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और वर्ग कक्ष के ताले तोड़कर 12 सीलिंग पंखा सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री चोरी कर ली। इस घटना के बाद विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने इस संबंध में बड़हरा कोठी थाना में आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका कांड संख्या 269/2024 दर्ज है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार षड्यंत्र के तहत परेशान करने के इरादे से यह घटनाएँ अंजाम दी जा रही हैं। इस मामले पर पूछे जाने पर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि आवेदन मिलते ही पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और जांच पूरी होने के बाद मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में लगातार चोरी की घटनाओं के चलते असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना से प्रभावित पंचायतों की समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त ने की संवादात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना से विस्थापित एवं प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य परियोजना क्षेत्र से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना था। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने पानी, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, अस्पताल और स्थानीय रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से




जुड़ी मांगें रखीं। उपायुक्त श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'आपके अधिकार को सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुआवजा, पुनर्वास और स्थानीय रोजगार से जुड़ी हर समस्या का समाधान संवाद और प्रशासनिक प्रक्रिया से किया जाएगा।' उन्होंने स्पष्ट किया कि 'रूल ऑफ लॉ सर्वोपरि है' और प्रशासन पारदर्शिता के साथ हर पात्र लाभुक को उसका हक दिलाने के लिए प्रयासरत है। उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे प्रशासन और ग्रामीणों के बीच संवाद का पुल बनें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास और कम्युनिटी डेवलेपमेंट के लिए कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सदर एसडीओ, बड़कागांव सीओ, बीडीओ सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## विस चुनाव को लेकर मनसाही थाना के सामने सघन वाहन जांच अभियान जारी

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नारायणपुर - पूर्णिया फोरलेन सड़क के मनसाही थाना के सामने विधानसभा चुनाव को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा हैं। पूरे बिहार में दो चरण में मतदान होना हैं। इस कड़ी में कटिहार जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को मतदान होना हैं इसको लेकर मनसाही पुलिस सक्रिय हो गया हैं 24 घंटे थाना के सामने बैरिकेटिंग लगाकर सभी तरह के वाहन की सघन तलाशी की जा रही हैं वाहन जांच का नेतृत्व थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार विधानसभा का चुनाव को देखते हुए सभी तरह के वाहन का जांच किया जा रहा हैं एवं सभी वाहन चालक अपने गाड़ी का कागज अवश्य लेकर चलें। एएसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक वाहन का जांच किया जा रहा हैं।

## दीपावली त्योहार व छठ पर्व के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, हुई बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- नकली खोआ, नकली लड्डू व खराब सोनपापड़ी किए गए नष्ट
- स्वीट्स प्रतिष्ठानों पर लगाया गया आर्थिक जुमार्ना

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दीपावली त्योहार व छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने गुरुवार को चैनपुर बाजार व सदीक चौक के पिंटू होटल, स्वीट पैलेस, डोमन प्रसाद होटल, सुबंती मिठाई दुकान, राज स्वीट्स, मुन्ना स्वीट्स, राज होटल, सुहाना मिष्ठान भंडार, हिमांशु स्वीट्स, फूड लवर स्वीट्स व माही स्वीट्स प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मुन्ना स्वीट्स, राज होटल, सुहाना मिष्ठान भंडार, हिमांशु स्वीट्स, फूड लवर स्वीट्स, माही स्वीट्स प्रतिष्ठानों की सफाई नहीं होने व सही तरीके से भंडारण नहीं रहने व फूड लाइसेंस सहज दृश्य स्थल पर नहीं रहने के कारण सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को आर्थिक जुमार्ना लगाया गया। साथ ही स्पष्टीकरण पूछा गया। स्वीट पैलेस प्रतिष्ठान में मिले नकली खोआ (लगभग 5 केजी) नष्ट किया गया। सुबंती मिठाई दूकान में मिले खराब लड्डू (लगभग 3 किलोग्राम) नष्ट किया गया। सदीक चौक स्थित पिंटू होटल में मिले खराब सोनपापड़ी (लगभग 3 किलोग्राम) नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि स्वीट पैलेस से रसगुल्ला, हिमांशु स्वीट्स से पनीर व मुन्ना स्वीट्स से रसगुल्ला बतौर सैंपल संग्रह किया गया है।

# कुड़मी को एसटी का दर्जा देने की मांग का आदिवासी संगठनों ने किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ झारखंड में आदिवासी संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर को 'आदिवासी बचाओ मोर्चा' के बैनर तले रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग, विशेषकर महिलाएं, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। इस दौरान अरगोड़ा चौक से प्रभात तारा मैदान तक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। हाथों में "जय सरना" और कुड़मी समाज की मांग के विरोध में लिखी तख्तियां लिए आदिवासी समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए सरकार को चेतावनी दी। पैदल मार्च के कारण अरगोड़ा बाईपास रोड पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिसमें कई स्कूली बसें भी फंस गईं। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस स्थिति संभालने में सक्रिय रही। यह एक सप्ताह के भीतर कुड़मी समाज की मांग के खिलाफ आदिवासी संगठनों का दूसरा बड़ा प्रदर्शन था। इससे पहले 12 अक्टूबर को 'आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा' के बैनर तले मोरहाबादी में भी बड़ी संख्या में लोगों ने जुटकर विरोध दर्ज कराया था।



**सरकार को चेतावनी : गीताश्री उरांव**

आदिवासी बचाओ मोर्चा की संयोजक एवं पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा, "जब तक कुड़मी समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी, इस तरह के आंदोलन जारी रहेंगे। झारखंड के कुड़मी कभी आदिवासी नहीं रहे हैं। पुराने दस्तावेज बताते हैं कि उन्होंने स्वयं को जनजाति समुदाय से अलग किया था। आज वे गलत तरीके से सरकार पर दबाव बनाकर एसटी सूची में शामिल होने की मांग कर रहे हैं, जिसका हम पुरजोर विरोध करते रहेंगे।"

'हमारा हक छीनना चाहते हैं कुड़मी' : देवकुमार धान

पूर्व मंत्री एवं आदिवासी नेता देवकुमार धान ने कहा, "कुड़मी समुदाय हमारी जल-जंगल-जमीन, जनप्रतिनिधित्व और बच्चों की नौकरियों पर अधिकार छीनना चाहता है। सरकार पर गलत दबाव बनाकर वे एसटी सूची में शामिल होना चाहते हैं, जिसे जनजातीय समाज किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा।" वहीं प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि जनजातीय अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट में भी स्पष्ट रूप से कुड़मी समुदाय को आदिवासी सूची से बाहर रखने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने कहा, "कुड़मी समुदाय का जीवन जीने का तरीका और पूजा पद्धति आदिवासियों से अलग है, इसलिए उन्हें आदिवासी नहीं माना जा सकता।" फिलहाल, कुड़मी समाज की मांग और आदिवासी संगठनों के विरोध को लेकर सोशल मीडिया पर भी तीखी बहस और खींचतान का दौर जारी है।

# रांची में धनतेरस की खरीदारी से गुलजार बाजार, व्यापारियों के चेहरे खिल उठे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** धनतेरस के मौके पर रांची का बाजार इस साल भी पूरी तरह सज-धज कर ग्राहकों का स्वागत कर रहा है। पारंपरिक सामान से लेकर अत्याधुनिक वस्तुएं, सोने-चांदी के आभूषण और ऑटोमोबाइल तक, हर प्रकार का सामान ग्राहकों को लुभा रहा है। बाजार में महंगी गाड़ियों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है, वहीं नारियल, झाड़ू जैसे पारंपरिक धनतेरस सामान भी केरल और पश्चिम बंगाल से लाए गए हैं। इस अवसर पर झाड़ू खरीदने की परंपरा लक्ष्मी का रूप मानकर की जाती है। इस साल नारियल झाड़ू की कीमत 50 से 70 रुपये और फूल झाड़ू की कीमत 80 से 100 रुपये तक है। व्यापारियों के अनुसार, जीएसटी दरों में कमी की वजह से ऑटोमोबाइल और अन्य महंगे सामानों में ग्राहकों की रुचि बढ़ी है। सोने-चांदी के आभूषण



और पीतल के बर्तन की मांग महंगाई के बावजूद इस बार भी बनी हुई है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने बताया कि इस साल धनतेरस के मौके पर पिछले साल की तुलना में 20% अधिक कारोबार होने की उम्मीद है। पूर्व उपाध्यक्ष दीनदयाल वर्णवाल के अनुसार, बाजार के रुझान के आधार पर इस साल झारखंड में 25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। उन्होंने कहा, "जीएसटी दरों में कमी और सोने-सेंसेक्स में उतार-चढ़ाव ने ग्राहकों में खरीदारी की उत्सुकता बढ़ाई है। दीपावली, धनतेरस और छठ के मौके पर यह कारोबार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है।"

# बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी प्रवर्तन एजेंसियां आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन में बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की सभी प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आपस में और बिहार राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। श्री के. रवि कुमार ने बताया कि झारखण्ड राज्य के 10 जिले बिहार राज्य के साथ सीमाएं साझा करते हैं और बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार और झारखण्ड की सीमाओं पर 'मिरर चेकपोस्ट' बनाए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इन चेकपोस्टों को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाए ताकि चुनाव को प्रभावित करने वाली अवैध सामग्रियों की आवाजाही पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से नकदी, शराब, ड्रग्स और अन्य प्रलोभनों की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के अंतर राज्य सीमाओं पर निगरानी रखने के साथ–साथ बिहार से सटे सीमावर्ती इलाकों में भी प्रवर्तन एजेंसियां सक्रिय रूप से संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करें। अवैध शराब भट्ठियों की सूचना आपस में साझा कर उसे ध्वस्त करें। अवैध कैस अथवा चुनाव के लिए प्रलोभन हेतु किसी प्रकार की संदिग्ध सामग्री के आवागमन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाएं। उन्होंने कहा कि छापेमारी में प्राप्त अवैध सामग्रियों के बैकवर्ड लिंकेज तलाशते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी माइकल राज,आयुक्त, वाणिज्य एवं कर विभाग अमित कुमार, आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग लोकेश कुमार मिश्रा, आइजी धनंजय कुमार, आइजी अश्विनी कुमार, नारकोटिक्स, टैक्स, वन विभाग के वरीय पदाधिकारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देव दास दत्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के दो मेडिकल कॉलेजों में बढ़ीं एमबीबीएस सीटें, छात्रों के लिए बड़ी सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने 16 अक्टूबर 2025 को नई एमबीबीएस सीट मैट्रिक्स जारी की है। इसके तहत झारखंड के दो मेडिकल कॉलेजों में 50-50 सीटों की बढ़ोतरी की गई है। इनमें एक सरकारी और एक निजी कॉलेज शामिल है। झारखंड स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पहले 100 सीटें स्वीकृत थीं, अब 50 नई सीटें जोड़कर कुल 150 कर दी गई हैं। वहीं, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर में पहले 150 सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 200 कर दिया गया है। इस बदलाव से राज्य के चिकित्सा शिक्षा ढांचे को मजबूती मिलेगी। एमएमसी की नई सीट मैट्रिक्स शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से प्रभावी होगी और इसका सीधा असर नीट-यूजी 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया पर पड़ेगा। बढ़ी हुई सीटों के माध्यम से छात्र इसी सत्र में आवेदन कर सकेंगे। झारखंड के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण) अजय कुमार सिंह ने कहा, "हमारे लगातार प्रयास का परिणाम है कि राज्य में एमबीबीएस सीटें बढ़ी हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में कम से कम 150 सीटें उपलब्ध हों। इस विस्तार से राज्य में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवा को मजबूती मिलेगी।"

## मदनपुर प्रखंड में कई जगहों पर कूड़े के ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन की इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। यहां सफाई के नाम पर साल में एक करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद भी कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और दुर्गंध निकल रही है। प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण स्वच्छ गांव और स्वास्थ्य गांव बनाने की मंशा पर पानी फिर गया है। प्रखंड में 19 ग्राम पंचायत हैं, जहां स्वच्छ गांव, सुंदर गांव और स्वास्थ्य गांव बनाने के उद्देश्य से 259 स्वच्छता कर्मी, 19 चालक, 19 सहचालक और 19 सुपरवाइजर बहाल किए गए हैं। इसके अलावा, प्रत्येक पंचायत में सात-सात लाख रुपये की लागत से गीला और सूखा कचड़ा जमा करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन इकाई सेड का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद भी प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट जय प्रभा कन्या उच्च विद्यलय के बगल में, धर्मशाला रोड में, घोरहत मोड़ के सामने एनएच 19 के किनारे, प्रखंड मुख्यालय के बगल में जीटी रोड के किनारे, खिरियावां दक्षिण ग्रामीण बैंक के समीप, केउली मोड़ समेत कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और कई जगहों पर गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है। प्रशासनिक अनदेखी और लापरवाही तथा लोगों में जागरूकता की कमी और कूड़ा फेंकने की आदत ने जहां-तहां कूड़े की ढेर लगा दी है, जिससे बारिश होने पर दुर्गंध निकलती है और उस रास्ते से लोगों को गुजरना मुश्किल हो गया है।

# रांची में पारा गिरा, झारखंड में इस साल पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। मौसम केंद्र, रांची के अनुसार 17 अक्टूबर को रांची में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो पिछले साल की इसी तारीख 22.2 डिग्री सेल्सियस से लगभग 5 डिग्री कम है। इस गिरावट से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस साल झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले कई दिनों तक न्यूनतम तापमान औसत से 2-3 डिग्री कम रह सकता है। 18 अक्टूबर को राज्य में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन मौसम शुष्क रहेगा। 19 और 20 अक्टूबर को भी आंशिक बादल



और शुष्क मौसम का अनुमान है। दीपावली के दिन दक्षिणी जिलों जैसे पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन मौसम शुष्क रहने के कारण ठंड का एहसास अधिक होगा। 21 और 22 अक्टूबर को मौसम शुष्क और साफ रहने का अनुमान है। मौसम केंद्र ने राज्यवासियों से न्यूनतम तापमान में बदलाव के मद्देनजर सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह सूरज निकलने से पहले और शाम को सूर्यास्त के बाद हल्के गर्म कपड़े पहनना जरूरी है, क्योंकि इस दौरान थोड़ी सी लापरवाही से ठंड लगने की संभावना बढ़ जाती है।

# देव में छठ करने का है विशेष महत्व

## कार्तिक व चैती छठ पर लगता है चार दिवसीय मेला, बिहार, यूपी, झारखंड सहित दूसरे राज्यों से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव में छठ का विशेष महत्व है, क्योंकि यह बिहार के सबसे प्रसिद्ध और प्राचीनतम छठ घाटों में से एक है, जिसे देवार्क सूर्य मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान पर देव माता अदिति ने छठी मैया की कठिन तपस्या की थी जिसके बाद उन्हें तेजस्वी पुत्र आदित्य भगवान की प्राप्ति हुई। इसी वजह से यह स्थान संतान प्राप्ति और परिवार की सुरक्षा के लिए छठ पूजा करने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। देव सूर्य मंदिर में छठ पूजा करने से जुड़ी एक पौराणिक कथा है जिसके अनुसार देव माता अदिति ने सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए यहां तपस्या की थी। वहीं कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर देव में एक राजकीय छठ मेला लगता है, जो पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बनाता है। इस स्थान पर छठ पूजा का व्रत रखने से संतान प्राप्ति, परिवार की सुरक्षा और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। देव सूर्य मंदिर का अस्तित्व छठ पूजा के साथ-साथ एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। देव की छठ पूजा पूरे देश से श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है जो यहां की पौराणिक कथाओं और महत्व से प्रभावित होते हैं। बता दें कि यहां कार्तिक और चैती छठ व्रत के अवसर पर चार दिवसीय राजकीय छठ



मेले की रौनक देखते ही बनती है। पूरा मेला क्षेत्र छठी मईया के गीतों से गुंजायमान रहता है। मेला परिसर और मंदिर क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जाती है। इस अवसर पर त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। मेला क्षेत्र समेत पूरे देव में हर तरफ छठी मईया के गीत सुनाई पड़ती हैं। लोक मान्यता है कि देव में अत्यंत प्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजन-अर्चन करने और पौराणिक सूर्य कुंड में स्नान करने से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है। छठ पूजा का विधान इतिहास के अलावा हमारे किसी भी धर्म के प्रमाणित पवित्र सद्ग्रंथों में नहीं है। इस दिन व्रत रखने की प्रथा है जो की श्रीमद्भागवत गीता अध्याय 6 श्लोक 16 के अनुसार व्यर्थ है। छठ के मौके पर भगवान भास्कर के साक्षात उपस्थिति की रोमांचक अनुभूति लोगों को होती है। देव में जिला प्रशासन के साथ स्काउट गाइड मिलकर सुरक्षा, विधि व्यवस्था बनाने में स्काउट गाइड की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। देव एक ऐसा जगह है जहां हिन्दू के साथ मुस्लिम भी छठ करते हैं। कोणार्क सूर्य मंदिर, देव सूर्य मंदिर व कालपी मंदिर तीन ऐसी जगहें हैं, जहां सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है। इसका जिक्र भविष्य पुराण में किया गया है। इस पुराण के मुताबिक धरती पर इंद्र वन, मुंडीर वन व कालपी भगवान सूर्य का मुख्य स्थान है। देव छठ मेले में देश के विभिन्न भागों और राज्य के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं और व्रतधारियों की सुविधा के लिए पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा, परिवहन आवासन सहित की बेहतर व्यवस्था की जाती है।

# मदनपुर प्रखंड में नहीं होती स्नातक की पढ़ाई

## पढ़ाई के लिए औरंगाबाद व शेरघाटी जाते हैं बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड में स्नातक की पढ़ाई नहीं होती है। जिसके कारण छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि मदनपुर प्रखंड कार्यालय और पुलिस अनुमंडल मुख्यालय होने के बावजूद यहां स्नातक की पढ़ाई के लिए एक भी महाविद्यालय नहीं है। इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल होने के बाद छात्रों को अबतक की पढ़ाई के लिए 25 किलोमीटर दूर औरंगाबाद या गयाजी के शेरघाटी जाना पड़ता है, जिससे छात्रों की आर्थिक स्थिति और समय दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षाविद उमेश प्रसाद, रंजन प्रसाद गुप्ता, दीपक प्रियदर्शी कहते हैं कि सरकार मदनपुर में स्नातक की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय की स्थापना करा दे तो छात्रों को यहीं पर उच्च शिक्षा मिल सकेगा। उनका मानना है कि इससे छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और समय




में बचत होगी। खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गांव के छात्रों को दूरियां उच्च शिक्षा में बाधा उत्पन्न करती हैं और इसके कारण स्नातक की पढ़ाई नहीं कर पाते थे। यदि महाविद्यालय की स्थापना होती है तो छात्रों को इस समस्या से निजात मिलेगी। मदनपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांव के छात्रों को ातक विद्यालय नहीं होने से अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छात्र सुबह 6-7 बजे निकलते हैं और पहले 10-15 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय पहुंचते हैं। इसके बाद वे जिला मुख्यालय पहुंचकर अपने स्नातक के महाविद्यालय जाते हैं और फिर उसी तरह घर लौटते हैं। छात्रों को घर लौटने में काफी रात्रि हो जाती है, जिससे उनकी यात्रा और भी लंबी और थकाऊ हो जाती है। यहां तक की अधिक दूरी की यात्रा छात्रों के लिए बोझ बन जाती है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। छात्रों को आर्थिक खर्च के साथ-साथ समय का भी नुकसान होता है। यदि मदनपुर में स्नातक महाविद्यालय की स्थापना की जाती है तो उन्हें उच्च शिक्षा के साथ आर्थिक स्थिति और पढ़ाई दोनों में सुधार होगा, जो उनके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। इससे छात्रों को अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और उनकी परेशानियों में कमी आएगी। इंटरमीडिएट की छात्रा नंदनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, वंदना कुमारी ने कहा कि मदनपुर में स्नातक महाविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे इंटरमीडिएट पास हुए छात्र-छात्राओं को अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और पढ़ाई दोनों में सुधार होगा। महाविद्यालय की स्थापना से न केवल छात्र-छात्राओं की परेशानी कम होगी, बल्कि इससे क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-61, दिनांक 17.10.2025।** मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय/पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001 नीचे उल्लिखित कार्य के लिए समरूप कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले अनुभवी और प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में डानकुनी (डीकेएई)-चेराग्राम (सीआरएई) ऑटो सेक्शन में डुअल डिटेक्शन के लिए एएफटीसी के सामानांतर एमएसडीएसी का प्रावधान (दो लिफाफा प्रणाली)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 17,36,38,219.55। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 10,18,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीना। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने (बंद होने) की अंतिम तारीख और समय:** 12.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **तारीख और वेबसाइट का पता जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** 17.10.2025 से भारतीय रेल की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर। **खुलने की तारीख और समय:** 12.11.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती है:** (1) बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा करनी होंगी। (2) ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अवश्य पंजीकरण कराना होगा। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, अगर आवश्यक हुआ तो, सिर्फ इस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा। (3) बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। (4) इस निविदा के तहत मैनुअल बोलियों/प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। (5) रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस दिनांक 28.03.2018 के अनुसार कार्य अनुबंध (रु. 50.00 करोड़ एवं उससे अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) लागू है।

(CON-49/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 134-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 13.10.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: 134-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/मालदा टाउन के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यू/मालदा अनुभाग में बीसीएम द्वारा 24.5 टीकेएम. 24 अदद टी-आउट एवं मैनुअल पद्धति द्वारा 0.8 टीकेएम ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग तथा 44 अदद स्विच नवीनीकरण तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 1,25,11,206.01; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.11.2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन। (MLD-203/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 131-132-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 06.10.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: 131-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन बंका स्टेशन में त्वरित जल व्यवस्था की स्थापना कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 1,67,45,640.48; **क्रमांक 2, निविदा सं.: 132-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर अनुभाग में प्रमुख पुलों (पुल सं. 163, 164, 165, 182, 183, 184, 186, 187, 188, 195, 205, 57, 58, 59, 60, 75) के ब्रिज एप्रोचों के मजबूतीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 1,83,57,191.19; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.10.2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन। (MLD-201/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 135-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 15.10.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: 135-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीडब्ल्यू/बड़हरवा अनुभाग में बीसीएम द्वारा ट्रैक 10.5 टीकेएम. 25 अदद प्वाइंट एवं क्रॉसिंग एवं मैनुअल पद्धति द्वारा 0.5 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग तथा 45 अदद स्विच नवीनीकरण, टीएफआर 54.2 टीकेएम तथा बड़हरवा स्टेशन के यार्ड की रिमॉडलिंग के साथ लाइन सं. 1 एवं 2 के विस्तार के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 2,51,62,690.25; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.11.2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन। (MLD-204/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. 01-डीसीई-कॉन-आरओबी-एसडीएएच-25-26; दिनांक 15.10.2025;** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/आरबीओ, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरी मंजिल, आरएमएस बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा प्रणाली के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.:** 01-डीसीई-कॉन-आरओबी-एसडीएएच-25-26. **कार्य का नाम:** डेपुटी सीई/कॉन/आरओबी/पूर्व रेलवे/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न जारी परियोजनाओं के संबंध में इन-सीटू ग्लूड ज्वाइंट (52 किग्रा/60 किग्रा) का निर्माण, स्थापना। **निविदा मूल्य:** रु 3.77 करोड़ (लगभग)। **बयाना राशि:** रु. 3,38,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **खुलने की तारीख:** 10.11.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** 24 महीने। निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(CON-48/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. 0101–बीकेएस–डीसीई–सी–01–2025–26,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य अभियंता (निर्माण-I)/गार्डन रीच द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तिथि को 15.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के उप मुख्य अभियंता, बोकारो और राँची के अधीन यार्ड रिमॉडलिंग कार्यों के संबंध में एस एंड टी स्केच प्लान के अनुसार बोकारो, भोजूडीह, हटिया, किता, टाटी और कानारोवां स्टेशन यार्ड की मेन लाइन और लूप लाइनों पर ट्रैक लिंकिंग कार्यों में प्रीफैब्रिकेटेड ग्लूड ज्वाइंटों की एटी वेल्डिंग सहित इन–सीटू ग्लूड ज्वाइंटों की आपूर्ति, स्थापना और फिक्स करना। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2.46 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु.2,73,200/–, **समापन अवधि:** 12 माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 07.11.2025, इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** "प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।" **(PR-740)**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई. निविदा सूचना सं.: एस. जी.–664–18–संकेत–2025–26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. : 1. कार्य का नाम:** (1) बरकाकाना–बीआरकेए में कवर शेड के साथ सिक लाइन का प्रावधान हेतु। (2) बरकाकाना–बरकाकाना में शंटिंग नेक के साथ सीआईसी लाइन का कनेक्शन हेतु। **क्र. सं. : 2. कार्य का आकलित मूल्य:** ₹ 3,02,88,608.65 (लगभग) **क्र. सं. : 3. कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 3,01,500.00 **क्र. सं. : 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 06.11.2025 (12:30 बजे)। **क्र. सं. :** 5. ऐसी ई. निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई. निविदा के ई. निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई. निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कृते वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1167/डीएचएन/एसएण्डटी./टी/25–26/36

# मां काली पूजा की धूम

- आठ मंडपों की जाती है मां स्थापना
- 14 प्रकार के साग का लगता है भोग
- श्मशान में स्थापित की जाती है प्रतिमा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका के ऐतिहासिक मंदिरों का गांव मलूटी में मंत्र ही नहीं तंत्र के साथ कालीपूजा की परंपरा अनूठी है। खास बात यह कि काली पूजा में यहां 14 अंक का खास महत्व है।

यह भी कि तारापीठ की मां तारा की बड़ी बहन मौलीक्षा से आदेश लेने के बाद ही मलूटीवासी दीपावली के दिन काली पूजा का अनुष्ठान शुरू किया जाता है। मलूटी गांव के आठ मंडपों में काली की प्रतिमा पूरे विधि-विधान से स्थापित की जाती है।

इसमें राजार बाड़ी में दो, मध्यम बाड़ी में एक, सिकीड़ बाडी में दो, छय तरफ में एक, चौठी बाड़ी में एक और श्मशान में एक काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है। काली पूजा के दौरान तारापीठ समेत कई क्षेत्रों से तांत्रिक व साधक यहां साधना के लिए पहुंचते हैं। अधिकांश तांत्रिकों का जमावड़ा श्मशान काली मंदिर में ही होता है। परंपरा के मुताबिक काली पूजा के दिन व्रतधारी व मलूटी गांव के ग्रामीण ढोल-ढाक के साथ शाम होते ही मां मौलीक्षा की मंदिर में पहुंचकर एओजा पूजन अनुष्ठान करते हैं। इस अनुष्ठान के जरिए ग्रामीण मां मौलीक्षा से काली पूजन की अनुमति ली जाती है।

इसके बाद मंदिर से सटे काली मंदिर के प्रांगण में जमकर आतिशबाजी की जाती है। आतिशबाजी को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीणों की भीड़ जुटती है। गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक कुमुदवरण राय बताते हैं कि इस वर्ष इस मौके पर तकरीबन डेढ़ लाख रुपये की लागत से आतिशबाजी करने की तैयारी है।

इस अनुष्ठान के बाद सभी काली मंडपों में मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके उपरांत महानिशा की बेला में काली की पूजा प्रारंभ की जाती है। पूजन के उपरांत बलि देने की परंपरा है। यहां छय तरफ काली मंडप पर भैंसा की बलि आज भी दी जाती है, जबकि शेष हिस्सों में पाठा की बलि पड़ती है।

दीपावली के अगले सुबह छह बजे विधि-विधान से मां काली का सांकेतिक विसर्जन किया जाता है। इसी दिन शाम में सभी प्रतिमाओं को मां मौलीक्षा के मंदिर के समक्ष लाकर रखा जाता है और फिर श्रद्धा के साथ अपने-अपने तालाबों में इसका विसर्जन किया जाता है।

मलूटी में काली पूजा में 14 अंक को शुभ माना गया है। यही कारण है कि काली पूजा के दिन मंडपों में 14 दीप जलाने की परंपरा है। इसके अलावा 14 प्रकार की साग को एक साथ बनाकर मां को भोग लगाया जाता है।

इसमें पुनका साग, पालक साग, कुलेखरा साग, कुमड़ा पत्ता का साग, लौकी पत्ता का साग, पूई का साग, हेंचा साग, सहजन का साग खास है। जबकि प्रसाद के रूप में भात, दाल, सब्जी, मछली व मांस समेत 14 तरह के व्यंजनों को शामिल किया जाता है।

# सीएम फेस पर अब भी रार

## मांझी बोले- चुनाव से पहले तय हो जाना चाहिए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? यह अब तक तय नहीं हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद यह बात साफ हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह से एक चैनल पर दिए गए इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि अगर बिहार चुनाव में एनडीए जीतता है तो क्या आप नीतीश कुमार बनाएंगे? तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है। बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा? इसका फैसला विधायक दल के नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे।

इधर गृह मंत्री अमित शाह के इस बयान के बाद सियासत गरमा गई कांग्रेस ने अमित शाह के इस बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और लिखा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। अमित शाह ने क्लियर कर दिया। वहीं एनडीए गठबंधन के घटक दल के प्रमुख केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी ने कहा कि अमित शाह एनडीए के प्रमुख नेताओं में आते हैं। उन्होंने कहा है कि उस बात को आधिकारिक ही माना जाएगा। लेकिन, मुझे लगता है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाना चाहिए था। ऐसे में कोई दुविधा नहीं रहती। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी के सवाल पर जीतन राम मांझी ने कहा कि हाल में ही सीएम नीतीश ने नाराजगी जताई थी। लेकिन, अब सब ठीक हो चुका है। गठबंधन में सब कुछ ठीक हो चुका है।

बता दें कि शुक्रवार सुबह गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। इसके बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष ने इस मुलाकात के बारे में कहा कि बिहार चुनाव में आगे की कैंपेनिंग रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अब समय कम है, इसलिए कई मुद्दों पर बातचीत हुई। एनडीए में कोई गड़बड़ी नहीं है। सबकुछ ठीक है। हमलोग एकजुट हैं। सीएम नीतीश कुमार ही चेहरा हैं।

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा बाल बाल बचे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव के पास एक पक्की मकान में अनियंत्रित ट्रक घुस गया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घर में उस समय चार लोग मौजूद थे। सभी अपनी जान बचाकर वहां से बहार निकले। घटना करीब 1 बजे रात के आसपास की बताई गई है। घटना के वक्त परिवार के लोग घर में सो रहे थे। क्षतिग्रस्त होने के बाद लोगों ने घर से बाहर निकला। लेकिन तब तक ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया था। स्थानीय लोगों ने घटना घटित होने के बाद चालक को पकड़ा और हथौड़ी पुलिस को सौंप दिया। लोगों ने बताया कि शराब के नशे में चालक गाड़ी चला रहा था। जिसके कारण घटना घटी। पुलिस के द्वारा ग्रामीणों के द्वारा पकड़ कर दिए गए चालक को लेकर थाने चले गए थे। ग्रामीणों के द्वारा आपसी समझौता के बाद पुलिस ट्रक चालक को छोड़ दिया।

# मझधार में फंसे अश्विनी चौबे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे का नाम है। वे विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। सवाल यह उठता है कि अश्विनी कुमार चौबे भागलपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रोहित पांडेय का चुनाव प्रचार करेंगे या फिर अपने पुत्र अर्जित शाश्वत चौबे का।

अर्जित शाश्वत चौबे पार्टी का टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए एनआर कटा लिया है। उनके समर्थकों का दावा है कि अगले दो-तीन दिनों में वे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस संबंध में अर्जित चौबे कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। पहले अर्जित 17 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले थे। अगर चौबे भागलपुर आते हैं तो उनको भाजपा प्रत्याशी रोहित पांडेय के पक्ष में प्रचार करना पड़ेगा। अगर नहीं आते हैं तो अर्जित को अकेले दम पर चुनाव-प्रचार करना पड़ेगा। इधर, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष दास ने पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने गुरुवार को एनआर कटा लिया है।

सर्वानंद सोनोवाल की छवि हिंदुत्व की है और असम में घुसपैठिये के खिलाफ काम किया है, जबकि विवेक ठाकुर डॉ. सीपी ठाकुर के पुत्र हैं और भूमिहार के नेता के तौर पर उभर रहे हैं। इसको लेकर गुरुवार को एनडीए घटक दलों की बैठक हुई और भारी संख्या में जुलूस में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

# उपायुक्त ने की जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाएं जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेशिय वायु का नियमित आकलन किया जा सके और आमजनों को भी वायु प्रदूषण की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो। इसके अलावा बैठक में उसरी नदी के संरक्षण तथा पर्यावरण समिति के उद्देश्य व कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने उसरी नदी के सफाई और संरक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उपलब्ध कराए गए सीएसआर फंड के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश के अलावे पौधारोपण के तहत दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से सीसीएल परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें साथ ही औधोगिक परिसर में मानक क्षेत्र में पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। जिले में हो रही अवैध बालू खनन, डंपिंग एवम स्टोन माइंस एवम क्रशर के संचालन की गहनता से जांच कर उचित कारवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शहर के गंदे नालों की उचित साफ सफाई, तथा गंदे नालों की पानी को फिल्टर करने के उपरांत ही नदी में प्रवाहित करने के निर्देश दिए। जिला अंतर्गत संचालित कारखानों से निकलने वाले धुवां, अपशिष्टों का निष्पादन, दूषित जल का बहाव, प्रदूषण नियंत्रण के मानक आदि सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# विश्व ट्रॉमा दिवस के मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) पटना के ट्रॉमा सर्जरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग द्वारा विश्व ट्रॉमा दिवस के उपलक्ष्य में चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रॉमा सेवाओं, प्रशिक्षण तथा सामुदायिक सुरक्षा को और बेहतर बनाना है।

कार्यक्रम की शुरूआत 14 अक्टूबर को पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड पर एक गहन हैंड्स-ऑन कार्यशाला के साथ हुई। इसमें देशभर से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ट्रॉमा एवं गंभीर रोगियों के लिए अल्ट्रासाउंड की मूलभूत जानकारी दी गई। साथ ही, मैनिकिन पर लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के अभ्यास, पशु ऊतक पर टांका लगाने का प्रशिक्षण तथा विशेषज्ञ पर्यवेक्षण में व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आज एआईआईएमएस पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रो. (डॉ.) पुनम प्रसाद भदानी (डीन, अकादमिक), प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा (डीन, छात्र कल्याण), प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार (मेडिकल सुपरिंटेंडेंट) तथा प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ट्रॉमा सर्जरी एवं क्रिटिकल केयर) भी उपस्थित रहे। उन्होंने ट्रॉमा टीम को शुभकामनाएँ दीं।

हम ट्रॉमा केयर को सशक्त करने के लिए सभी आवश्यक पहल करेंगे, ताकि देश का प्रत्येक नागरिक समय पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं का लाभ उठा सके।

इस मौके पर प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार ने अगस्त 2012 से अब तक विभाग की यात्रा का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विभाग में ट्रॉमा सर्जरी एवं क्रिटिकल केयर में दो अलग-अलग एम.च. कोर्स सफलतापूर्वक प्रारंभ किए जा चुके हैं।

इस सीएमई कॉल सत्र में विशेषज्ञों ने ट्रॉमा केयर के क्षेत्र में अपने अनुभव और सर्वोत्तम पद्धतियाँ साझा कीं, जिससे एआईआईएमएस पटना की ट्रॉमा टीम की दक्षता और भी सुदृढ़ हो सके।

विभाग के संकाय सदस्य – डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. माजिद अनवर, डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. संजय कुमार और डॉ. साकेत प्रकाश – ने सक्रिय रूप से भाग लेकर प्रतिभागियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने क्लीनिकल प्रोटोकॉल, प्रणाली सुदृढ़ीकरण, केयरगिवर समर्थन और देशभर में ट्रॉमा केयर नेटवर्क के विस्तार पर विचार साझा किए।

# स्थापना दिवस एवं सामूहिक विदाई सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत राधा कृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी इंटर महाविद्यालय शिवाजीनगर के सभा कक्ष में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस सह सामूहिक विदाई सम्मान समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मोहित ठाकुर एवं प्राचार्य प्रोफेसर कुंदेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों डॉक्टर मोहित ठाकुर, ललित कुमार सिंह, प्रोफेसर कुंदेश्वर प्रसाद सिंह, रामनाथ सिंह, अधिवक्ता मोहम्मद मुस्ताक आलम तथा प्रोफेसर नंद कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

मुख्य अतिथि रामदेव राय ने कहा कि यह महाविद्यालय शिवाजीनगर की गौरवशाली धरती पर शिक्षा के अलख जगाने का केंद्र रहा है। यही स्थिति इस कॉलेज की है। प्राचार्य कुंदेश्वर प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि जबसे उन्होंने महाविद्यालय की जिम्मेदारी संभाली है, कॉलेज के बकाया भुगतान की दिशा में लगातार प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, बैद्यनाथ प्रसाद सिंह, मणिकांत सिंह, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह सहित कई शिक्षाविदों ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को अंगवस्त्र, पाग, चादर, जूता और छाता देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रामनाथ सिंह, निर्मल प्रसाद सिंह, शोभित कुमार सिंह, मोहम्मद फिरदौस, चंद्रशेखर महतो, नरेंद्र कुमार सिंह, नंद कुमार सिंह, बैजू प्रसाद मेहता, जनार्दन सिंह, लाल बिहारी सिंह, भगवान लाल मंडल, जगदीश सिंह, डुमरा रामचंद्र सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, शुभकला देवी आदि शामिल थे मौके पर विधायक अशोक कुमार मुन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम कुमारी, राजकुमार सिंह, विमल कुमार राय, नरेंद्र कुमार सिंह, सहित कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आगे भी शिक्षा की ज्योति जलाता रहेगा और शिवाजीनगर की पहचान के रूप में नई ऊँचाइयाँ हासिल करेगा।




# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त को दी जाम की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह निर्वतमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि पचंबा फोर लेने विगत अठारह माह से बन रही है, अब कार्य अंतिम चरण में है कालीकरण का कार्य हो रहा हैं। अब आम जनता को धूल और गड्ढे से राहत मिलेगी।

उन्होंने कार्य कर रहे एजेंसी से कहा कि दिन में काम करने से आम जनता और स्कूल के छोटे छोटे बच्चे को काफी परेशानी होती हैं वन वे होने से घंटों तक लोग जाम में फंस जाते है खासकर गर्भवती महिलाओं को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती हैं वो समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते। जिले के अधिकतर प्रखंड तीसरी, देवरी ,जमुआ, गांवा,धनवार,सरिया,बिरनी के लोग इसी रास्ते होके मुख्यालय आते है सिंह ने कहा कि रोड का मेजरमेंट क्या है कुछ समझ नहीं आता कही अधिक छोड़ा तो कही कम। उन्होंने उपायुक्त को भी दूरभाष पर जाम होने की जानकारी दी।

## भाकपा माले ने दिया धरना

**गिरिडीह।** मधुबन के कोरिया के दलित बस्ती को उजाड़ने को लेकर भाकपा माले के बैनर तले आज पीरटांड़ प्रखंड में एक दिवसीय धरना दिया और सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि संबंधित विभाग को लिखे पत्र पूर्वी जॉन के डीएफओ मनीष तिवारी से टेलीफोनिक बात हुई उनके भी संज्ञान में दिया गया है,यदि गरीब को उजाड़ेंगे तो अमीरों को भी नोटिस देना होगा।धरना स्थल पर मुख्य रूप से उपस्थित थे आराधन तुरी,अशोक भुइया,चिरंजीवी महतो,अमृत साव,नागेश्वर महतोगुड़िया देवी,सोहन महतो महरू राय,सुरेंद्र तुरी,प्रखंड सचिव मसूदन कोल,किशोर राय,पवन यादव ने मंच संचालन किया,लखन कोल,भीम कोल,नुनु सिंह, चुन्नू तबारक,संजय यादव,मीना देवी,कुसमी,रेखा, रीना,गीता, लीला,पुष्पा, रिखवा, बासमती,सुनीता,गुलाबी आदि दर्जनों महिला पुरुष शामिल हुए।

# पर्व-त्योहार को ले डीएम तथा एसपी ने की संयुक्त बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर परमान सभागार अररिया में जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अररिया अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विधि व्यवस्था संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना अध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में दीपावली और छठ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, बिजली, सफाई, यातायात, सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई।जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध पटाखों का भंडारण एवं बिक्री पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। छठ महापर्व के अवसर पर सभी छठ घाटों की सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घाटों पर आवश्यक संख्या में गोताखोरों की तैनाती की जाए तथा मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षा बलों की तैनाती की जाय। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, चौक-चौराहों विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर तत्काल कार्रवाई की सुनिश्चित की जाय। बैठक के दौरान डीएम ने कहा विधानसभा चुनाव को लेकर भी पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। किसी भी प्रकार की आचार संहिता उल्लंघन, अवैध धन या शराबबंदी का उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, एसडीओ, एसडीपीओ, सीएस, डीपओ सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# प्रेम कुमार ने किया पर्चा दाखिल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के द्वितीय चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन शुक्रवार को बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी नगर विधानसभा सीट से नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। नामांकन के बाद मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा,फिर एक बार प्रत्याशी बनकर गया तीर्थ को सौभाग्यशाली बनाने के लिए बाबा महाकाल की नगरी मध्य प्रदेश से यहां आया हूँ। हमारे साथ सांसद अनिल सिसोदिया जी हैं। हमने एनडीए और बीजेपी की ओर से माननीय प्रेम कुमार जी का नामांकन पत्र दाखिल किया है। भगवान की कृपा से निश्चित रूप से विजय मिलेगी। जिस प्रकार का माहौल दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एनडीए की सरकार अच्छा काम कर रही है। बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन और विकास का सिलसिला आगे बढ़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि नामांकन के बाद वे एक और स्थान पर नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे। उन्होंने प्रेम कुमार को अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई दी। वहीं, नामांकन कर बाहर निकले डॉ. प्रेम कुमार का कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि इस सीट पर बीजेपी की जीत तय है।इसी दौरान बेलागंज विधानसभा सीट से भी नामांकन हुआ। यहां राजद प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह उर्फ विश्वनाथ यादव और जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद विश्वनाथ यादव ने कहा कि मनोरमा देवी हमारी मां के समान हैं। पिछले उपचुनाव में हार से मैंने बहुत कुछ सीखा है। इस बार बेलागंज विधानसभा सीट से चौंकाने वाला परिणाम सामने आएगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार ने गया को ह्लगयाजीह्व नाम देकर सम्मान देने का कार्य किया है। इसके साथ ही करीब 3 हजार एकड़ में राज्य का पहला और देश का सबसे विकसित औद्योगिक पार्क बनाकर इसे औद्योगिक हब के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

गयाजी में उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा- गयाजी की जनता लगातार डॉ. प्रेम कुमारजी के प्रति अपना स्नेह और विश्वास बनाए हुए है और एक बार फिर उन्हें विजयी बनाने के लिए तैयार है।

चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने गयाजी को नई पहचान दी है। कागजों में भी गया को गयाजी नाम देने की मांग वर्षों से गयाजीवासी कर रहे थे, सरकार ने इसे मान्यता दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पूछते हैं कि नाम बदलने से क्या होता है तो उन्हें जानना चाहिए कि गयाजी को न सिर्फ सम्मान मिला है, बल्कि यहां अभूतपूर्व विकास भी हो रहे हैं।

## तराई क्षेत्रों में गरजे गृह मंत्री अमित शाह, कहा-

# सारण की एक भी सीट महागठबंधन को गई तो थम जाएगी विकास की रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा/तरैया (सारण)।** तरैया विधानसभा क्षेत्र के रामपुर महेश (मंझोपुर) गांव में शुक्रवार को आयोजित चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि सारण जिले की एक भी सीट अगर महागठबंधन को गई, तो विकास की रफ्तार थम जाएगी।

अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता निर्भीक होकर 6 नवंबर को मतदान करे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाए। वे तरैया से एनडीए प्रत्याशी जनक सिंह और अमनौर से कृष्ण कुमार सिंह मंटू के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री शाह ने कहा कि सारण की सभी दस सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत जरूरी है, ताकि डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों की गति बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सारण की एक भी सीट महागठबंधन को गई, तो विकास की गाड़ी रुक जाएगी। सभा में उन्होंने भीड़ से सवाल किया कि बिहार को चाहिए विकास या जंगलराज?, जिस पर लोगों ने एक स्वर में जवाब दिया ह्लविकास।ह्व श्री शाह ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि जनता अब लालू-राज नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि लालू एंड राहुल कंपनी बिहार को कभी विकास की राह पर नहीं ले जा सकती।अमित शाह ने कहा कि 14 नवंबर के बाद लालू, राबड़ी और राहुल की कंपनी का सूपड़ा साफ हो जाएगा और एनडीए 20 साल के सबसे बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आरजेडी ने शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देकर एक बार फिर बिहार को असुरक्षित बनाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई। लालू-राबड़ी के राज में लोग डर के साए में जीते थे। अब बिहार को फिर उस काल में नहीं लौटने देना है।



श्री शाह ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि केंद्र ने धारा 370 हटाई, राम मंदिर बनवाया, दरभंगा में एम्स, बरौनी रिफाइनरी, गंगा पर पुल और नए एयरपोर्ट बनवाए। बिहार में बिजली, सड़क, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश बाबू ने सुशासन दिया, बिहार 2.0 में मोदी-नीतीश सरकार ने विकास को नई गति दी, अब समय है बिहार 3.0 का उद्योगयुक्त बिहार का।

सभा के अंत में अमित शाह ने मंच पर मौजूद दोनों प्रत्याशियों जनक सिंह और कृष्ण कुमार सिंह मंटू से खड़े होकर जनता का अभिवादन करवाया। मंच संचालन रामाशंकर मिश्र ने किया जबकि अध्यक्षता रंजीत सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल, सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, एमएलसी सचिदानंद राय, मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू, विधायक जनक सिंह, भाजपा नेत्री प्रियंका सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधन किया।सभा स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने फिर एक बार, एनडीए सरकार के नारे लगाए। सभा समापन के बाद अमित शाह हेलीकॉप्टर से पटना के लिए रवाना हो गए।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज के छात्रों ने किए 15 में से छह पुरस्कार अर्जित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा 'सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज, पटना ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में कुल 15 पुरस्कारों में से 6 पुरस्कार बी. डी. कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अर्जित किए जिससे महाविद्यालय की रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और डिजिटल नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, लैंगिक समानता और एचआईवी/एड्स की रोकथाम जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने हेतु सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के लिए प्रेरित करना था। राज्य भर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने लघु रील, पोस्टर और ऑनलाइन अभियानों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। बी. डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा–यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि यह दर्शाती है कि जब शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संगम होता है तो परिणाम प्रेरणादायक होते हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि बी. डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने रील मेकिंग श्रेणी में विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उनके कार्यों ने सकारात्मक सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन युवाओं को डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति जागरूक और सक्रिय नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# लोकतांत्रिक जनता दल ने बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की

## बिहार में अब तीसरे मोर्चे की जरूरत : जावेद रजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकतांत्रिक जनता दल ने फ्रेजर रोड स्थित कासा पिकोला रेस्टुरेंट में प्रेस वार्ता आयोजित कर तीसरे मोर्चे के गठन की घोषणा की। इस तीसरे मोर्चे में लोकतांत्रिक जनता दल के साथ लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक एवं अन्य सहयोगी दलों ने गठबंधन कर बिहार के सभी विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की बात कही। इस मौके पर लोकतांत्रिक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद रजा, प्रदेश संयोजक महादेव राउत, आंध्रप्रदेश एवं बिहार प्रभारी रत्नम साहब, लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक के पवन कुमार सहित अन्य सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद रजा ने कहा कि बिहार की जनता एनडीए और यूपीए की सरकार से ऊब चुकी है। जनता अब नया रास्ता चाहती है और वो रास्ता तीसरे मोर्चे से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनबल पर आधारित राजनीति करना है। वहीं प्रदेश संयोजक महादेव राउत ने कहा कि हम सभी तीसरे मोर्चे के घटक दल मजबूती से इस चुनाव में अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। हमारा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं, सत्ता की दिशा बदलना है जबकि लोकशक्ति पार्टी लोकतांत्रिक के पवन कुमार ने लोगों से इस तीसरे मोर्चे को बेहतर विकल्प मानकर वोट देने की अपील की ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

# राजस्व कर्मचारी राजू कुमार डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में निगरानी विभाग की टीम ने डुमरिया अंचल के राजस्व कर्मचारी राजू कुमार को डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अंचल कार्यालय के पास की गई। राजू कुमार पर जमीन को ऑनलाइन करने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। डुमरिया प्रखंड के मदारपुर निवासी अनवर खान ने इस संबंध में निगरानी विभाग को लिखित शिकायत के साथ एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी थी जिसमें 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने की बात कही गई थी। शिकायत के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया। अनवर खान ने राजू कुमार को अंचल कार्यालय डुमरिया के समीप पानी टंकी के पास बुलाया जहां 3 लाख रुपये देने की बात हुई थी। मौके पर राजू कुमार को डेढ़ लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ग्रामीणों ने बताया कि राजू कुमार पर पहले भी रिश्वत लेने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन सबूतों के अभाव में उन पर कार्रवाई नहीं हो पाई थी। शिकायतकर्ता अनवर खान ने कहा कि राजू कुमार भ्रष्ट व्यक्ति थे और गरीबों से भी पैसे लेते थे। उन्होंने ऐसे सभी भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ताकि व्यवस्था में सुधार आ सके।

# रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने आमलोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के आवासीय नवोदित विद्यालय में शुक्रवार को दीपावली पर्व के अवसर पर छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 7वीं कक्षा की छात्राओं ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर जिप सदस्या डॉ. पिंकी कुमारी एवं शिक्षकों ने रंगोली का जायजा लेते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर, जल संरक्षण, भ्रूण हत्या, आपसी भाईचारे, सोशल मीडिया तथा अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

# खिजरसराय में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में खिजरसराय अंचल के इस्माइलपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर तनाव गहराता जा रहा है। धर्मेंद्र पाठक ने आरोप लगाया है कि उनकी पैतृक जमीन को गांव के ही एक व्यक्ति ने फर्जीवाड़े के जरिए नंदकिशोर सिंह उर्फ उदय सिंह को बेच दिया है। धर्मेंद्र पाठक के अनुसार नंदकिशोर सिंह ने स्थानीय दबंगों की मदद से 8 अक्टूबर और 11 अक्टूबर को जमीन पर कब्जे की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने मिट्टी भरने का काम शुरू कर दिया और विरोध करने परिवार को गालियां दीं और गोली मारने की धमकी भी दी गई। धर्मेंद्र ने बताया कि नंदकिशोर और उसके साथियों ने मेरी जमीन के पास मिट्टी जमा करके रखा है। ताकि मौका मिलते ही जबरन भराव कर कब्जा कर ले। पूरे मामले की शिकायत डीसीएलआर खिजरसराय, एसडीओ बथानी, सीओ खिजरसराय, एसडीपीओ बथानी और खिजरसराय थाने को लिखित और डिजिटल माध्यम से दी है। व्यवहार न्यायालय गयाजी में टाइटल सूट दायर किया है। बावजूद इसके दबंगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि पुलिस के सामने ही महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। धर्मेंद्र पाठक का कहना है कि बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में जमीन पर मिट्टी भराया गया। इस मामले में एसडीएम के यहां आवेदन दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। इस बीच मिट्टी भराने का काम कर दिया गया। गांव में दोनों पक्षों के बीच माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की तो किसी भी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सीयूएसबी में सम्मान के साथ वृद्धावस्था शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत सम्मान के साथ वृद्धावस्था शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के दिशा निर्देश में समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और सम्मान के बारे में जागरूकता फैलाना और भारत में वृद्धजनों के प्रति देखभाल और सहानुभूति की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कुलपति प्रो के एन सिंह ने कहा कि यह पहल विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्वों और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाने के विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। जन संपर्क पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से अपने परिवारों और समुदायों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति दया, सम्मान और करुणा के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली।

# सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य आमजन को जीवन रक्षक तकनीक (लाइफ सेविंग स्किल्स) के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में हृदय गति रुकने (कार्डिक अरेस्ट) जैसी स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने की क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। यह पांच दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान गया जिले भर में चलाया गया जिसमें जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र सहित विभिन्न स्कूलों, सहायक नर्स मिडवाइफरी स्कूलों और समुदायिक स्थलों पर सीपीआर प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों, अध्यापकों, छात्रों एवं सामान्य नागरिकों को सीपीआर की तकनीक, उसके चरण और आपात स्थितियों में उसके प्रयोग की जानकारी व्यवहारिक रूप में दी गई। इस अभियान के सफल संचालन में जिला स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निलेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी प्रखंडों में इस कार्यक्रम की निगरानी और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के आयोजन में गया जिले में संचालित नेशनल हेल्थ रिसर्च प्रायरिटी (एनएचआरपी) प्रोजेक्ट आईसीएमआर के मुख्य अन्वेषक डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, एनएमएमसीएच के अंतर्गत कार्यरत रिसर्च साइंटिस्ट सृष्टि सिंह राठौर एवं डॉ. आशीष कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर सीपीआर प्रशिक्षण की वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार की और विभिन्न केंद्रों पर प्रशिक्षण सत्रों को सुचारु रूप से संपन्न किया। इसके अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सों तथा नॉन-टेक्निकल स्टाफ ने जनसामान्य तक इस महत्वपूर्ण संदेश को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को सीपीआर के साथ-साथ श्वसन रुकने, दम घुटने और आकस्मिक स्वास्थ्य संकटों में प्रारंभिक हस्तक्षेप के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# अतरी में एनडीए प्रत्याशी रोमित कुमार ने किया नामांकन

## जीतन राम मांझी ने भरी हुंकार मेरी अंतिम इच्छा अतरी का विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को अतरी विधानसभा (233) से चुनावी समर की औपचारिक शुरुआत हो गई। एनडीए गठबंधन के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रत्याशी रोमित कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के पांचवें दिन तक अतरी क्षेत्र से कुल 15 एनआर रसीद कट चुकी हैं, लेकिन औपचारिक रूप से पर्चा भरने वाले वे पहले उम्मीदवार बने। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद ने बताया कि मतदान से पूर्व सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन के बाद खिजरसराय प्रखंड के मनसा बिगहा के समीप आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दया शंकर ने की जबकि संचालन बथानी के पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने किया। सभा में केंद्रीय मंत्री एवं हम के राष्ट्रीय संरक्षक जीतन राम मांझी स्वयं पहुंचे और समर्थकों में जोश भरते हुए भावुक अपील की। मेरा जन्मभूमि और ननिहाल दोनों अतरी में है। जीवन में कई पद मिले, मंत्री और मुख्यमंत्री भी बने, लेकिन अपने क्षेत्र के लिए काम करने का अवसर नहीं मिला। इस बार मेरा सपना है कि अतरी का विकास करूं। आप लोग मेरे प्रत्याशी को अंतिम अवसर देकर आशीर्वाद दें, भले ही कफन ही क्यों न ओढ़ना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि जीत होने पर सोन नदी से फल्गु नदी तक पानी पहुंचाने जैसी योजनाओं पर कार्य होगा जिससे अतरी में विकास की धाराएं बहेंगी। हम प्रत्याशी रोमित कुमार ने भी जनता के सामने परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अतरी में बीस-पच्चीस वर्षों से जो साम्राज्य स्थापित है, उसे ध्वस्त करने का समय आ गया है। यहां का असली क्षेत्रीय कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि अतरी की महान जनता है। मैं बच्चों के भविष्य, शिक्षा और विकास के लिए आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। सभा स्थल पर एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में समर्थकों की भीड़ उमड़ी जिसने यह संकेत दे दिया कि अतरी की धरती इस बार महासमर के लिए पूरी तरह तैयार है।

# लाइंस क्लब ऑफ पटना सेनटेनियल में मना दीपोत्सव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर क्लब परिसर में गुरुवार को लाइंस क्लब ऑफ पटना सेनटेनियल की महिला सदस्यों ने दिपावली के महौल में दीपोत्सव का उत्सव मनाया। अध्यक्षा संगीता खेतान ने वीणा गुप्ता, ईला मित्तल के साथ-साथ सभी सदस्यों के सहयोग से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर मंच संचालन आशा अग्रवाल एवं सुनिता सर्राफ ने किया। हाउजी का संचालन अल्पना अग्रवाल एवं अनुराधा मित्तल ने किया। प्रभा अग्रवाल ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शबनम अग्रवाल की अहम भूमिका रही।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड के बहेरा थाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार। इस मामले की पुष्टि बहेरा थाना अध्यक्ष ने करते हुए कहा कि सघन वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान आयुष राज उम्र करीब 22 वर्ष पिता अंबुज प्रसाद दूसरा अभिषेक कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता संतोष कुमार दोनों ग्राम जमुआरा थाना-रौशनगंज जिला-गया के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है।

# जीबीएम कॉलेज में जीवन विद्या पर दो-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के संरक्षण में आईक्यूएसी एवं दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त संयोजन में मूल्य वर्द्धित पाठ्यक्रम के तहत मध्यस्थ दर्शन पर आधारित जीवन विद्या पर दो-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, आमंत्रित जीवन विद्या प्रबोधक नवीन कुमार, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, दर्शन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमृता कुमारी घोष ने वैल्यू ऐडेड कोर्स, आचरण, चरित्र, व्यवहार एवं जीवन जीने की कलाओं पर छात्राओं से अपने विचार साझा किये। प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा पद्धति में नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल पर आधारित पाठ्यक्रम का समावेश किया जाना स्वागतयोग्य है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक सेमेस्टर वन के स्टूडेंट्स के लिए वैल्यू ऐडेड कोर्स को शामिल किया गया है। इस कोर्स के तहत छात्राओं को अंतर्विषयक वातावरण में जीवन जीने की कला का ज्ञान दिया जायेगा। छात्राओं को उनके मुख्य विषय से परे अंतर्विषयक कौशल विकसित करने के अवसर प्रदान किये जायेंगे। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि 18 अक्टूबर को कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं को मानवीय मूल्यों एवं कुशल जीवन जीने की तरीकों एवं तकनीकों से परिचित करवाया जायेगा। उन्हें धीरता, वीरता, उदारता, दया, कृपा, करुणा जैसे सद्गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने के साथ काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर जैसे विकारों से मुक्त होने के तरीके बताये जायेंगे। ज्ञातव्य है कि वैल्यू एडेड कोर्स ऐसे अतिरिक्त पाठ्यक्रम होते हैं जो विद्यार्थियों को उनके मुख्य शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अलावा अतिरिक्त कौशल और ज्ञान प्रदान करते हैं। इनका उद्देश्य छात्रों को नौकरी के लिए अधिक योग्य बनाना, उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना तथा वास्तविक जीवन की स्थितियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना है।

# अदनान अंजीम बने युवा राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** युवा राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा ने युवा नेता अदनान अंजीम को पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के द्वारा जारी अधिसूचना में इस आशय की पुष्टि की गयी। अधिसूचना के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष धीरज शर्मा ने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रबुद्ध पटेल के नेतृत्व में संगठन के विस्तार, सशक्तिकरण एवं युवा वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने अदनान से अपेक्षा की है कि वे पार्टी की नीतियों, उद्देश्य एवं विचारधारा को बिहार राज्य के प्रत्येक जिले और प्रखंड में पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसकी सूचना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यकांत कुमार सिंह, बिहार के पर्यवेक्षक डॉ राजकुमार यादव, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रंजन प्रियदर्शी व युवा राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश आदिक को दी गयी है।

# भगवान महावीर निर्वाणोत्सव पर 21 अक्टूबर को जैन धर्मावलंबी चढ़ाएंगे लड्डू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक (निर्वाणोत्सव) पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से मंगलवार, 21 अक्टूबर को पटना के सभी जैन मंदिरों में मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश भर के जैन धर्मावलंबी भगवान महावीर को लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक का पर्व मनाएंगे। पटना के मंदिरों में प्रातःकाल भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के बाद लाडू चढ़ाने की परंपरा निभाई जाएगी। जैन समाज के एम.पी. जैन ने बताया कि भगवान महावीर का निर्वाण कार्तिक अमावस्या को प्रातः चार बजे पावापुरी में हुआ था। इसी उपलक्ष्य में जैन समाज इस दिन लाडू चढ़ाकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान को नमन करता है। एम.पी. जैन ने बताया कि इसी दिन भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसीलिए यह दिन जैन समाज के लिए आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक है। बिहार सहित देश के विभिन्न जैन मंदिरों में इस दिन श्रद्धालु लाडू चढ़ाते हैं और भगवान के उपदेशों का स्मरण करते हैं। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र समिति के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर के मोक्षस्थल पावापुरी में इस अवसर पर देशभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा महावीर निर्वाणोत्सव के दिन पावापुरी क्षेत्र में मांसाहार पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया है जिससे वातावरण पूर्णतः पवित्र और शांतिपूर्ण रहेगा। एम.पी. जैन ने बताया कि लाडू गोल आकार का होता है जिसका अर्थ है – जिसका न आरंभ है, न अंत। यह हमारी आत्मा की अखंडता का प्रतीक है। लाडू बनाने की प्रक्रिया – बूंदी को कड़ाही में तपाना और फिर चाशनी में डुबोना – आत्मा की तपश्चर्या और मोक्ष की प्राप्ति का प्रतीक है। जैसे बूंदी तपने के बाद मीठी हो जाती है, वैसे ही आत्मा भी तप और संयम के बाद मोक्षरूपी मधुरता प्राप्त करती है। एम.पी. जैन ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत पर आधारित है। इसलिए दीपावली या निर्वाणोत्सव पर जैन धर्मावलंबी पटाखे और आतिशबाजी नहीं करते। पटाखों से सूक्ष्म जीवों की हिंसा होती है और पर्यावरण पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। जैन समाज सत्य, अहिंसा और पर्यावरण संरक्षण के मार्ग पर चलते हुए भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने का प्रयास करता है।

# टिकारी में एनडीए समर्थित हम प्रत्याशी के नामांकन पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने जताई नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** एनडीए समर्थित हम पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार के नामांकन के दौरान जदयू नेताओं में असंतोष की स्थिति देखने को मिली। शुक्रवार को दोपहर दो बजे डॉ. अनिल कुमार ने टिकारी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार सुनी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष मो. जमीलू रहमान ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि टिकारी विधानसभा के हम प्रत्याशी द्वारा नामांकन कार्यक्रम में जदयू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जो एनडीए की एकजुटता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। मो. रहमान ने शुक्रवार की शाम चार बजे बयान जारी कर कहा कि 'हर बार बैठक या कार्यक्रम की सूचना नहीं दी जाती जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। भविष्य में अगर हार होती है तो कोच प्रखंड जदयू कमेटी पर आरोप न लगाया जाए कि सहयोग नहीं किया गया।' उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को दी जा रही है।

# शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज, पांचवें दिन पांच ने कटाया एनआर दो ने दाखिल किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (गया)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को शेरघाटी अनुमंडल में हलचल तेज हो गई है। नामांकन के पांचवें दिन शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र से कुल पांच उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी को लेकर एनआर पर्चा कटवाया है। जैसे-जैसे नामांकन की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ती जा रही है। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) से आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी सरयू दास जी महाराज उर्फ योगी बाबा तथा शोषित समाज दल के मनीष कुमार शामिल हैं। दोनों उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पर्चा भरा। वहीं इमामगंज विधानसभा (227) से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने अपना नामांकन दाखिल किया है जिससे इस क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। इसी क्रम में बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के एक प्रत्याशी ने भी नामांकन कराया है। प्रशासन की ओर से नामांकन प्रक्रिया को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने यह जानकारी दिया है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चुनावी माहौल पूरी तरह से बन चुका है और आने वाले दिनों में प्रचार अभियान में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सामने आई लापरवाही

सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जाती हैं, मगर इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंच पाता है या नहीं, इस पर शायद ही कोई ध्यान दिया जाता है। इससे न केवल सरकारी धन का बेजा इस्तेमाल होता है, बल्कि वे लोग भी लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें केंद्र में रखकर योजना तैयार की जाती है। यही वजह है कि सरकार की कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और निगरानी तंत्र का अभाव इसकी बड़ी वजह है।किसानों की आर्थिक मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी यही हाल है। इसके तहत किसान परिवार का एक सदस्य ही लाभ ले सकता है। मगर केंद्रीय कृषि मंत्रालय की सत्यापन जांच में पाया गया कि बड़ी संख्या में पति और पत्नी दोनों ही इस योजना के लाभार्थी बने हुए हैं। सवाल है कि इस तरह की योजनाओं में आर्थिक सहायता से पहले पात्रता की जांच करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती? प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इसमें हर वर्ष तीन किस्तों में किसान परिवार के एक सदस्य को दो-दो हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान है। इस रकम को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सीधे बैंक खाते में जमा किया जाता है। अगर यह नियम है, तो यह कैसे संभव हुआ कि एक ही घर से दो लोगों को राशि हस्तांतरित की जाती रही। जिन अधिकारियों के माध्यम से राशि जारी की जा रही थी, न तो उन्होंने और न ही संबंधित बैंक प्रबंधन ने कभी इस पर गौर करने की जरूरत महसूस की। इस योजना के अंतर्गत उन्नीस लाख से अधिक किसानों के सत्यापन से पता चला है कि इनमें 17.87 लाख पति-पत्नी ही लाभार्थी थे। इस हिसाब से करीब चौरानवे फीसद दंपति इस योजना का लाभ ले रहे थे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी अहम योजना के क्रियान्वयन में इस तरह की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में शासन-प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की योजनाओं की नियमित निगरानी हो, ताकि पात्र लोगों को इनका लाभ मिल सके।

# घटता चरण, बढ़ता लोकतंत्र



**सुमन कुमार झा**

बिहार की राजनीति हमेशा से राष्ट्रीय चर्चा का विषय रही है। यहाँ के चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक माहौल की दिशा तय करने वाले माने जाते हैं। बिहार की राजनीतिक चेतना ने भारत के लोकतंत्र को कई बार नई दिशा दी है। पहले जहाँ बिहार में विधानसभा चुनाव चार या पाँच चरणों में होते थे, वहीं अब सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा यह मांग की गई कि चुनाव सिर्फ 1 या 2 चरणों में ही कराए जाएँ। यह मांग केवल चुनावी सुविधा नहीं, बल्कि एक गहरा लोकतांत्रिक और सामाजिक संदेश अपने भीतर समेटे हुए है। यह एक राजनीतिक सहमति और परिपक्वता का उदाहरण है। आम तौर पर चुनाव के समय राजनीतिक दल एक-दूसरे के विरोधी होते हैं, लेकिन जब वे एक साथ इस मुद्दे पर सहमत होते हैं, तो यह दिखाता है कि वे राज्यहित को राजनीति से ऊपर रख रहे हैं।

यह लोकतंत्र में सहयोग और संवाद की भावना को दर्शाता है। साथ ही, यह संकेत देता है कि बिहार अब स्थिर, संगठित और आत्मविश्वासी राज्य बन चुका है, जहाँ जनता और राजनीति, दोनों लोकतंत्र की मजबूती के लिए साथ चल रहे हैं।

बिहार की कानून-व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ और स्थिर हो चुकी है। जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों यह मानने लगें कि राज्य में एक या दो चरणों में चुनाव कराना संभव है, तो यह दर्शाता है कि अब चुनावों में हिंसा, नक्सल प्रभाव या बूथ कैप्चरिंग जैसी पुरानी समस्याएँ लगभग समाप्त हो चुकी हैं। यह बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था और जनता दोनों के परिपक्व होने का प्रमाण है।

पहले बिहार में चुनाव का मतलब होता था कड़ी सुरक्षा, नक्सली इलाकों की चिंता, और कई चरणों में मतदान। मगर अबकी बार जब चुनाव आयोग ने केवल दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया, तो यह केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं था, बल्कि कानून-व्यवस्था की मजबूती और नक्सलवाद के अंत का प्रतीक भी है।

कभी गया, औरंगाबाद, जमुई, लखीसराय, भोजपुर, नवादा और मुंगेर जैसे जिले नक्सल प्रभाव के गढ़ माने जाते थे। इन इलाकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया कठिन थी। परंतु पिछले एक दशक में केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों, विशेष अभियानों और विकास योजनाओं ने नक्सलवाद की जड़ें कमजोर कर दीं। अब जनता में भय का माहौल नहीं है, बल्कि लोकतंत्र पर विश्वास है। लोग हथियार छोड़कर विकास की राह चुन रहे हैं। यही वजह है कि अब चुनाव आयोग को उन क्षेत्रों में अलग-अलग चरणों में मतदान कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

भारत में चरणबद्ध चुनाव प्रणाली की शुरुआत 1951ङ्क52 में पहले आम चुनाव के साथ हुई थी। उस समय पूरे देश में परिवहन, संचार और सुरक्षा की सीमाएँ थीं। इसलिए चुनाव एक साथ नहीं कराए जा सके। पहले आम चुनाव को अक्टूबर 1951 से मार्च 1952 तक कई चरणों में संपन्न किया गया। उसी से भारत में ÷फेज-वाइज÷ चुनाव की परंपरा शुरू हुई।

समय के साथ तकनीकी प्रगति, प्रशासनिक क्षमता और सुरक्षा बलों की उपलब्धता बढ़ी। अब भारत निर्वाचन आयोग के पास इतना सशक्त ढाँचा है कि वह बड़े राज्यों में भी सीमित चरणों में निष्पक्ष चुनाव करा सकता है। बिहार इसका उदाहरण है।

चुनाव सुधारों की इस यात्रा में तत्कालीन चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन और के. जे. राव की भूमिका मील का पत्थर साबित हुई। टी. एन. शेषन, जो 1990 से 1996 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे, उन्होंने चुनाव आयोग को एक निष्क्रिय संस्था से एक सशक्त संवैधानिक संस्था बना दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत सर्वोच्च अधिकार प्राप्त संस्था है। उन्होंने ÷आचार संहिता÷ को सख्ती से लागू किया, चुनावों में धनबल, बाहुबल, और धर्म-जाति आधारित प्रचार पर रोक लगाई।

उन्होंने मतदाता पहचान पत्र की शुरुआत कराई, मतदान केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की और चुनावी पारदर्शिता को नई दिशा दी। उनके कार्यकाल को भारतीय लोकतंत्र का ÷टर्निंग पॉइंट÷ कहा गया। उन्होंने सिद्ध किया कि एक ईमानदार अधिकारी यदि ठान ले, तो पूरे चुनाव तंत्र को भ्रष्टाचार और दबाव से मुक्त किया जा सकता है।

उनके बाद के. जे. राव ने इस सुधार की परंपरा को और आगे बढ़ाया। राव, जो चुनाव आयोग में सलाहकार रहे, उन्होंने विशेष रूप से 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। जब बिहार में हिंसा और बूथ कैप्चरिंग आम थी, तब के. जे. राव की सख्ती और पारदर्शिता के कारण पूरे राज्य में शांति से मतदान हुआ। उन्हें जनता और मीडिया ने ÷बिहार चुनावों का नायक÷ कहा। राव ने ईवीएम और वीवीपैट के प्रयोग को बढ़ावा दिया, जिससे मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और भरोसा बढ़ा। उन्होंने साबित किया कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि ईमानदारी और इच्छाशक्ति से होती है। बिहार विधानसभा चुनाव का दो चरणों में होना यह दर्शाता है कि राज्य अब भय, हिंसा और अस्थिरता से मुक्त होकर शांति, विकास और स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। यह केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है।

1990 से 2005 के बीच बिहार विधानसभा चुनावों में हिंसा की घटनाएँ अधिक थीं, जहाँ अक्सर तीस से पचास या उससे अधिक लोगों की मौत होती थी। 2005 के बाद, विशेषकर 2009 से आगे, चुनाव अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण हुए और 2015 में लगभग कोई मृत्यु नहीं हुई। सुरक्षा बलों की तैनाती समय के साथ अधिक व्यापक हुई, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में। 2010 के चुनावों में अंतिम चरण के लिए लगभग 35,000 सुरक्षा कर्मी, चार हेलीकॉप्टर और 350 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियाँ तैनात की गईं। वहीं, 2020 के चुनाव में लगभग 30,000 केंद्रीय सुरक्षा बल कर्मियों को नियुक्त किया गया। राज्य पुलिस और आरक्षित बल भी संवेदनशील बूथों पर तैनात रहे।

दो चरणों में चुनाव कराने से समय, धन और संसाधनों की बचत होती है। लंबे चुनावों से सरकारी कार्य बाधित होते हैं, जबकि सीमित चरणों में चुनाव कराने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है। इसके साथ ही, यह भी सुनिश्चित होता है कि पहले चरण के मतदान का असर दूसरे पर न पड़े जिससे चुनाव और अधिक निष्पक्ष बनते हैं।

अगर बिहार जैसे बड़े राज्य में चुनाव 1 या 2 चरणों में शांतिपूर्वक हो सकते हैं, तो यह ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ का अर्थ है कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएँ, ताकि प्रशासनिक खर्च घटे, आचार संहिता बार-बार लागू न हो, और विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। बिहार अगर इस मॉडल को सफलतापूर्वक लागू करता है, तो यह पूरे देश के लिए एक ÷पायलट प्रोजेक्ट÷ साबित हो सकता है, जो यह दिखाए कि भारत में एक साथ चुनाव कराना अब व्यावहारिक रूप से संभव है।

एक चरण या दो चरणों में चुनाव होना केवल तकनीकी व्यवस्था नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक स्थिरता और चुनावी सुधारों के नए युग की दिशा में कदम है। इन सुधारों और नई चुनावी व्यवस्थाओं का सबसे बड़ा लाभ जनता को हुआ है। अब मतदाता निडर होकर मतदान केंद्रों पर जाता है। चुनाव अब किसी भय या दबाव का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्सव का प्रतीक बन चुके हैं।

मतदाता यह महसूस करता है कि उसकी आवाज़ अब वास्तव में मायने रखती है। राजनीतिक दल भी अब जनता के मुद्दों पर अधिक ध्यान देने लगे हैं, क्योंकि चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह बन चुकी है।

बिहार विधानसभा चुनाव की यह नई दिशा 1 या 2 चरणों में चुनाव की मांग, नक्सलवाद का लगभग अंत, कानून-व्यवस्था की मजबूती, और टी. एन. शेषन व के. जे. राव जैसे अधिकारियों के सुधारात्मक प्रयास यह सब मिलकर एक ही बात का संदेश देते हैं कि भारतीय लोकतंत्र अब परिपक्व हो चुका है। बिहार अब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की प्रयोगशाला बन गया है। यहाँ के बदलाव पूरे देश को यह प्रेरणा देते हैं कि जब सरकार, जनता और संस्थाएँ एक साथ काम करें, तो कोई भी सुधार असंभव नहीं। बिहार के चुनावों का यह नया अध्याय यह बताता है कि भारत अब उस दिशा में आगे बढ़ रहा है जहाँ लोकतंत्र केवल चुनाव का नाम नहीं, बल्कि विश्वास, सहभागिता और विकास की भावना का प्रतीक बन चुका है।

**( लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य तथा विधि मंत्री के निजी सहायक हैं और ये उनके निजी विचार हैं )**

## उठते सवाल- महिला पत्रकार, तालिबानी सोच और दोस्ती की मजबूरियां!

**(अजय बोकिल)**

बेशक, दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान की भू राजनीतिक परिस्थिति, उससे हमारे ऐतिहासिक रिश्तों, बदलते वैश्विक समीकरण चलते और भारत के व्यापक अंतरराष्ट्रीय हितों के मद्देनजर तालिबान से दोस्ती सही मानी जा सकती है, लेकिन यह दोस्ती उन तालिबानी मूल्यों से कतई नहीं हो सकती, जो मध्ययुगीन और महिलाओं के प्रति दुराग्रह और प्रतिगामी सोच से भरे हैं। जबकि हमारे भारतीय मूल्य लिंग, धर्म अथवा जाति भेद से परे समानता, समता और सभी को न्याय की संवैधानिक गारंटी पर आधारित हैं।

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने अपने देश के दिल्ली स्थित दूतावास में जो पहली पत्रकार वार्ता की, उसमें भारतीय महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया। इस पर बवाल मचना ही था, क्योंकि इसे काबुल सरकार की वर्तमान सोच की संदर्भ में इस घटना को देखा गया।

महिला पत्रकारों और और 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने अफगान दूतावास द्वारा इस लैंगिक भेदभाव की कड़ी आलोचना की। इसके बाद भारत सरकार ने मामले से यह कहकर पल्ला झाड़ा कि उसका इसमें कोई रोल नहीं है। अफगान दूतावास के अंदर क्या होता है, वह वही जानें। जबकि अफगान दूतावास (जो कल तक खुद तालिबान सरकार के खिलाफ था) ने सफाई दी कि भारतीय महिला पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस से अलग रखने का उसका कोई सुचिंतित इरादा नहीं था। यह पत्रकारवार्ता जल्दबाजी में कुछ पत्रकारों को बुलाकर आयोजित की गई थी।

**प्रतिक्रिया का दिखा असर:** भारत में व्यापक प्रतिक्रिया के बाद रविवार को अफगान दूतावास में दूसरी पत्रकारवार्ता में न केवल महिला पत्रकारों को बुलाया गया, बल्कि उन्हें आगे बिठाया गया। यह संदेश देने की कोशिश थी कि महिला पत्रकारों के मुद्दे पर न तो अफगानिस्तान भारत से और न भारत अफगानिस्तान से रिश्ते बिगाड़ना चाहता है। लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि महिलाओं को लेकर तालिबानी सोच में रत्तीभर भी फर्क आया हो।वैसे यह सवाल राजनीतिक, कूटनीतिक और मीडिया जगत में भी तैर रहा है कि मोदी सरकार कट्टरपंथी तालिबान को इस तरह गले क्यों लगा रही है क्या यह स्वागत-सत्कार केवल संकट कालीन मजबूरी है, भू-राजनीतिक हालात का अपने ढंग लाभ उठाने की कोशिश है, पाक को कांटे से कांटा निकालने की शैली में सबक सिखाने की चाल है या फिर विवशताजनित दोस्ती है यह सही है कि अमेरिका द्वारा चार साल पहले अफगानिस्तान (और उन तमाम आधुनिक सोच वाले अफगानियों को उनकी किस्मत के भरोसे छोड़कर) से जाने के बाद भारत सरकार ने तालिबानी शासन को मध्ययुगीन बर्बर सोच वाला करार देकर उससे दूरी बना ली थी। लेकिन यह भी कड़वा सच है कि तालिबान चार साल से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने वहां कट्टर इस्लामिक शरिया कानून लागू कर रखे हैं, जिससे बहुत से अफगान भी सहमत नहीं है। लेकिन बेबस हैं। उधर अफगानिस्तान अभी भी मानता है कि भारत के साथ उसके ऐतिहासिक रिश्ते हैं लेकिन इस्लामिक देश होते हुए भी पाकिस्तान पर अफगानों का कभी भरोसा नहीं रहा।

## धनतेरस पर इन चीजों की खरीदारी से बढ़ेगा 13 गुना धन, मिलेगा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद



**(मनीष पाण्डेय)**

धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार को मनाया जाएगा। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व है। धनतेरस पर कुछ खास चीजें खरीदना घर में सुख-शांति और धन वृद्धि के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

धनतेरस का त्योहार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इसे धन त्रयोदशी और धन्वन्तरि त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस से ही पांच दिन चलने वाले दिवाली के त्योहार की शुरुआत होती है। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है की इसी दिन समुद्र मंथन से देवी लक्ष्मी और अमृत कलश प्रकट हुआ था इसी वजह से इसे धनतेरस कहा जाता है।

पंचांग के अनुसार, इस साल धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा करने से सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। इस दिन कुछ खास चीजों को खरीदना बेहद ही शुभ माना जाता है। मान्यता है कि धनतेरस पर इन शुभ चीजों को खरीदने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और धन की वृद्धि होती है। आइए जानते हैं कि इस शुभ दिन पर किन-किन चीजों की खरीदारी करने से आपका धन 13 गुना बढ़ जाएगा।

**कुबेर यंत्र:** इस दिन कुबेर यंत्र को खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन घर, दुकान के गल्ले या तिजोरी में कुबेर यंत्र रखने से धन और समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस उपाय से धन की कमी दूर होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**नमक और धनिया:** धनतेरस के दिन नमक खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से दरिद्रता दूर होती है और घर में धन की वृद्धि होती है। नमक नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है। वहीं, धनिये को घर के आंगन या गमले में डालने से समृद्धि आती है।

**तांबा:** धनतेरस के दिन तांबे की वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। तांबे के बर्तन या पूजा से जुड़ी वस्तुएं घर लाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसी दिन कांसे से बने बर्तन या सजावटी वस्तुएं भी घर लाना शुभ रहता है।

**बर्तन:** धनतेरस का संबंध 'धन' और 'धातु' दोनों से है। इसीलिए तांबा, पीतल और चांदी के बर्तनों को खरीदना इस दिन बेहद ही शुभ माना जाता है। ज्योतिष में कहा गया है कि धातु खरीदने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है और खर्चों में कमी आती है।

**झाड़ू:** धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा बहुत पुरानी है। मान्यता है कि इस दिन नया झाड़ू लाने से दरिद्रता दूर होती है। झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। नई झाड़ू से घर की सफाई करने पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है। धनतेरस के दिन भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है।

नई मूर्ति घर लाने और उनकी विधिवत पूजा करने से घर में धन, अन्न और सुख की कभी कमी नहीं होती। माता लक्ष्मी समृद्धि और सौभाग्य की देवी हैं। इन दोनों की कृपा से जीवन में उन्नति और शांति बनी रहती है।

# इजरायल पर जिन्ना के कर्मों की सजा भुगत रहा पाकिस्तान, टीएलपी की आग में जला लाहौर

**(डॉक्टर ब्रह्मदीप अलूने)**

पाकिस्तान की सरकार तहरीक-ए-लब्बैक पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। टीएलपी वही कट्टरपंथी संगठन है जिसे पाकिस्तान की सेना ने पैदा किया और अब यह उसके लिए भस्मासुर बन गई है। टीएलपी इजरायल से रिश्ते का विरोध कर रही है।

मोहम्मद अली जिन्ना को धर्म के आधार पर भारत का विभाजन तो तर्कपूर्ण नजर आता था लेकिन उनके लिए फ़िलिस्तीन राष्ट्र से अलग होकर इजरायल का बनना अरब देशों के साथ अन्याय था। भारत की आज़ादी, विभाजन और इजरायल की स्थापना की घटनाओं में ज्यादा अंतर नहीं था। इजरायल दक्षिण पश्चिम एशिया का एक स्वतंत्र यहूदी राज्य है जो 14 मई 1948 को फ़िलिस्तीन से ब्रिटिश सत्ता के समाप्त होने पर बना। जिन्ना ने अमेरिका के तत्कालीन राष्टपति हैरी एस ट्रूमैन को बाकायदा पत्र लिखकर इसका विरोध किया और भविष्य में इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी भी दी। जिन्ना ने बार-बार कहा था कि पाकिस्तान कभी भी फ़िलिस्तीन में यहूदी राज्य की स्थापना से सहमत नहीं होगा। हम अरबों के स्वतंत्र फ़िलिस्तीन के संघर्ष का समर्थन करेंगे। उनका यह रुख पाकिस्तान की विदेश नीति का प्रारंभिक आधार बना।




अब जब शहबाज़ शरीफ अमेरिका के गहरे दबाव में हैं और हमास को रोकने के लिए उन्हें ट्रंप के साथ खड़ा होना पड़ रहा है तो यह बात पाकिस्तान के कट्टरपंथी ताकतों को नागवार गुजर रही है। तहरीक-ए-लब्बैक या टीएलपी नामक कट्टरपंथी संगठन पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मांग है कि पाकिस्तान किसी भी प्रकार से अमेरिका के साथ खड़ा नहीं हो तथा वह हमास को मजबूत करें। पाकिस्तान के कई शहरों में तहरीक-ए-लब्बैक के कार्यकर्ता उत्पात मचा रहे हैं, पुलिस से झड़प हो रही है, कई लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान की मांग से लेकर स्थापना तक जिन्ना ने कई राजनीतिक और साम्प्रदायिक दांव खेले थे। जिन्ना की वह नीतियां अब पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए ही जानलेवा बन गई है और शहबाज़ शरीफ के लिए कट्टरपंथियों को रोक पाना मुश्किल हो गया है।

**जिन्ना ने भड़काई सांप्रदायिक हिंसा:** कट्टरपंथी जिन्ना की नीतियों का हवाला दे रहे हैं जबकि शहबाज शरीफ यदि इसे मानते हैं तो ट्रंप का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ सकता है। मतलब जिन्ना के फेर में उलझे पाकिस्तान की स्थिति कूएं और खाई की तरह हो गई है। द्विराष्ट्र से भारत और फिलिस्तीन दोनों अभिशिप्त रहे हैं लेकिन तत्कालीन दौर की घटनाओं में जिन्ना का दोहरा चरित्र भी सामने आता है। अप्रैल 1943 में नई दिल्ली में मुस्लिम लीग का सालाना अधिवेशन हुआ जिसमें मुस्लिम बहुल इलाकों को मिलाकर एक मानचित्र लगा था और उसके ऊपर लहराते हुए झंडे पर लिखा था कि भारत की आजादी पाकिस्तान में निहित है। यह भारत के खंडित होने की तरफ बड़ा इशारा था। इसके बाद भी जिन्ना को जब लगने लगा की पाकिस्तान बनना मुश्किल है तो उसने साम्प्रदायिक दंगों का खतरनाक दांव खेला, जिसमें पूरा देश झुलस गया। इस समय लोग पागलों की तरह एक दूसरे की जान ले रहे थे। वहीं जिन्ना का फिलिस्तीन को लेकर रुख बिल्कुल अलग था।

साल 1937 में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के लखनऊ अधिवेशन में जिन्ना ने स्पष्ट कहा, भारत के मुसलमान अपने अरब भाइयों के साथ खड़े रहेंगे, जो फ़िलिस्तीन में ब्रिटिश सरकार और यहूदियों द्वारा किए जा रहे अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। यह वह समय था जब ब्रिटिश नीति के अंतर्गत फ़िलिस्तीन में यहूदियों के बड़े पैमाने पर बसाए जाने की शुरुआत हो चुकी थी। जिन्ना ने इस नीति को साम्राज्यवादी स्वार्थ बताया और कहा कि यह इस्लामी विश्व की राजनीतिक अखंडता के लिए गंभीर खतरा है। साल 1938 में जिन्ना ने बम्बई में कहा, फ़िलिस्तीन के लोग केवल अपनी मातृभूमि के लिए नहीं बल्कि इस्लाम की पवित्र भूमि की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हर मुसलमान का कर्तव्य है कि वह उनकी हर संभव सहायता करे। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात, जब ब्रिटेन और अमेरिका फ़िलिस्तीन में यहूदी शरणार्थियों को बसाने की नीति पर काम कर रहे थे, जिन्ना ने इसे न्याय और मानवता का अपमान कहा। उन्होंने कहा,आप किसी की भूमि छीनकर वहां बाहरी लोगों को बलपूर्वक नहीं बसा सकते।

**इजरायल को अवैध मानता है पाकस्तिान:** साल 1947 में पाकिस्तान की स्थापना से पहले ही जिन्ना ने घोषणा की कि पाकिस्तान कभी भी फ़िलिस्तीन में यहूदी राज्य की स्थापना से सहमत नहीं होगा। उनकी मौत के बाद पाकिस्तान ने इसी नीति को अपनी विदेश नीति का अंग बनाया और आज तक इज़राइल को मान्यता नहीं दी। लेकिन अब ट्रंप जिस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उससे इस्लामिक दुनिया को इजरायल को मान्यता देनी ही होगी। तहरीक-ए-लब्बैक को यह किसी भी कीमत में स्वीकार नहीं है। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान में केवल धार्मिक आंदोलन नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव समूह बन चुकी है। लब्बैक पाकिस्तान की अन्य इस्लामी पार्टियों की तरह, इज़रायल को एक अवैध देश मानती है। उसके प्रदर्शनों में लाखों लोग भाग लेते हैं, जिनमें हमास को सलाम जैसे नारे लगाए जाते हैं। गाज़ा पर इज़रायली हमलों के दौरान तहरीक-ए-लब्बैक ने लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में लगातार बड़े विरोध प्रदर्शन किए हैं।

**मुस्लिम उम्माह बनाना चाहते थे जिन्ना:** जिन्ना ने पाकिस्तान को उम्माह एकता की अवधारणा पर ढालने की कोशिश की थी। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान की विदेश नीति को ऐसा ही देखना चाहता है। उम्माह एकता का अर्थ है कि मुस्लिम जगत को राजनीतिक, धार्मिक और नैतिक रूप से एकजुट रहना चाहिए। यह विचार राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर इस्लामी पहचान को रखता है। जिन्ना के लिए पाकिस्तान का अर्थ भारत की सभ्यता और संस्कृति का विरोध था। उनका पाकिस्तान भारत से दूर होकर मध्य पूर्व के इस्लामिक कट्टारपंथी देशों के करीब आने को बेताब था। जिन्ना की यह कोशिश पाकिस्तान पर अब भारी पड़ रही है। गाजा अब शांति की ओर लौट रहा है जबकि पाकिस्तानी में कट्टरपंथी चाहते हैं कि पाकिस्तान हमास के साथ मिलकर इजरायल से युद्ध करे। पाकस्तिान अब टीएलपी पर बैन लगाने की योजना बना रहा है। लेखक डॉक्टर ब्रह्मदीप अलूने अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं।

7777777777777777777777777_page 12 29.05.2025.qxd 17-10-2025 21:34 Page 1



# अवैध अंग्रेजी मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन

## 50 पेटी अंग्रेजी शराब सहित उपकरण जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** उत्पाद विभाग धनबाद की टीम ने शुक्रवार को धनबाद जिला के सोनारडीह और तेतुलमारी थाना इलाके में छापामारी कर अवैध अंग्रेजी मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इन दोनों जगहों से करीब 70 लाख रुपये की शराब और स्प्रिट बरामद हुई है।

इसके साथ शराब बनाने में उपयोग होने वाले समान को बरामद किया है। इसमें बोटलिंग व पंचिंग मशीन समेत अन्य उपकरण शामिल हैं।

उत्पाद विभाग की टीम ने सुबह सोनारडीह थाना इलाके के कोयरीडीह पहुंची। यहां बीसीसीएल के एक मकान में छापामारी की इस मकान में 50 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह मकान सूरज महतो का है। टीम ने यहां से सारा सामान जब्त किया और आसपास के लोगों से पूछताछ किया।

जानकारी मिली कि तेतुलमारी के दिनेश टुडू के साथ सूरज कारोबार करता है। इसके बाद टीम तेतुलमारी के तीलाटांड में दिनेश टुडू के घर पर छापेमारी किया। टीम को यहां की स्थिति देख होश उड़ गए।

करीब 150 बोरे में शराब की भरी हुई बोतलें रखी हुई थीं। इसके अलावा 800 लीटर स्प्रिट, ढक्कन, विभिन्न कंपनियों के स्टीकर, शराब बनाने के उपकरण, पंचिंग मशीन समेत अन्य सामग्री बरामद की गई। बरामद की गई शराब करीब 700 लीटर है।

इस संबंध में उत्पाद विभाग के अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि बरामद शराब की कुल कीमत 70 लाख के आसपास है। छापामारी के दौरान सूरज महतो और दिनेश टुडू फरार हो गए। छापामारी में उत्पाद विभाग के जोय हेम्ब्रम, कुलदीप कुमार, सत्येंद्र के साथ सोनारडीह और तेतुलमारी थाना पुलिस जवान भी शामिल थे।

# बाल श्रमिक को ढाबा पर से कराया गया मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रेसक्यू एवं पूनर्वास अभियान के तहत शुक्रवार को धावा दल द्वारा बेंगाबाद के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान शिवम ढाबा बेंगाबाद में औचक निरीक्षण किया गया। जहाँ बाल मजदूर काम करते हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बच्चा ,ग्लास, कप, प्लेट धोने, साफ सफाई तथा ज्वलनशील चूल्हे के नजदीक मुर्गा-मछली बनाने का काम करता था। बच्चों ने बताया कि 1500 एडवांस देकर मुझे लाया गया था। यह एक प्रकार का बालकों से बंधुआ मजदूरी करवाना है। रेस्क्यू किए गए बच्चे को बाल कल्याण समिति गिरिडीह के समक्ष प्रस्तुत किया गया । बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चे को बाल संरक्षण गृह में भेजा गया। धावा दल में श्रम विभाग के प्रधान लिपिक विजय राज , बेंगा बाद थाना के एसआई सरयू पासवान, चाइल्ड हेल्फ लाइन के संतोष कुमार वर्मा , बनवासी विकास आश्रम, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सुरेश कुमार शक्ति, उत्तम कुमार सिंह , रूपा कुमारी इत्यादि शामिल थे।

बाल श्रम से विमुक्त किए गए बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । बाल कल्याण समिति द्वारा बाल सरंक्षण गृह गिरिडीह में रखा गया है। नियोक्ता शिवम ढाबा के मालिक को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत होने को कहा गया परन्तु उन्होंने प्रस्तुत होने से मना कर दिया। धावा दल में उपरोक्त के अलावे चाइल्ड हेल्फ लाइन के संतोष कुमार वर्मा , बनवासी विकास




आश्रम, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सुरेश कुमार शक्ति, मुकेश कुमार, रूपा कुमारी, पारा लीगल वालंटियर संतोष कुमार पाठक इत्यादि शामिल थे। गौर तलब है कि बाल श्रम से मुक्त कराये गए बच्चे को तथा इसके भाई को स्पॉउंसरशिप स्किम के तहत स्कूल में पढ़ाई करने के उद्देश्य से चार -चार हजार रुपए की सहायता राशि प्रति माह दी जा रही है, स्किम के उद्देश्य का प्रॉपर मॉनिटरिंग नहीं हो पाने के वजह से लाभार्थी स्कूल न जाकर बाल श्रम जैसे गतिविधियों में शामिल होते हैं।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर से ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस में तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौराने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ दीपेश कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की भू-अर्जन व भू-हस्तांतरण से संबंधित बैठक

## विकास कार्यों में आने वाली परेशानियों को समन्वय स्थापित कर हल करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रहे व लंबित भू-अर्जन से संबंधित कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि भू अर्जन से संबंधित कार्यों को किसी भी सूरत में लंबित न होने दें। साथ ही ऐसे कार्य में जो भी समस्याएं आ रही है उनका निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करें। इसके अलावे उपायुक्त ने विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए भू-हस्तांतरण, भू-अधिग्रहण, वन विभाग से




अनापति प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से जुड़े क्लियरेंस लेने में हो रही देरी पर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निदेश दिया। ताकि योजनाओं के लिए स्थल चिन्हित करने अथवा कार्य में देरी न हो व तय समयानुसार योजनाओं को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके। एनएचएआई, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, आरओबी निर्माण आदि द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए भू-अर्जन के कार्यों को गति देने का निर्देश दिया। साथ ही भू-अर्जन, भू-हस्तांतरण व मुआवजे से जुड़े कार्यों को तय समय अनुसार पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने भवनों के मूल्यांकण से जुड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने म्युटेशन, दाखिल खारिज के अलावा अन्य कार्यों का निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखण्डों के सीओ को निदेशित करते हुए कहा कि म्यूटेशन दाखिल-खारिज, लगान रसीद से संबंधित कार्यों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# डकैती कांड का उद्भेदन, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भरकट्टा ओपी क्षेत्र के ग्राम चिताखारों के सीएससी सेंटर में 6 अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें बिरनी धाना भरकट्टा ओपी कांड सं0 277/25 दर्ज किया गया था। घटना के त्वरित उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा कांड के उदभेदन हेतु लगातार छापामारी कर पूर्व के अपराधकर्मियों से पूछ-ताछ एवं संदिग्ध मोबाईल नंबरों का सत्यापन किया गया। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा गांडेय थाना के सहयोग से ग्राम डहुआटांड में छापेमारी किया गया। इस दौरान दो युवकों को पकड़ा गया एवं एक भागने में सफल रहा। पकड़े गये युवकों से सख्ती से पूछ-ताछ करने पर अपना नाम कारू कुमार वर्मा उम्र 19 वर्ष दूसरा रितेश यादव उम्र




करीब 22 वर्ष पे० कमरू यादव सा० डहुआटांड थाना गांडेय दोनों जिला गिरिडीह बताया।

गिरफ्तार युवकों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। दोनों से पूछ-ताछ करने पर उनके द्वारा घटना में शामिल अन्य लडकों का नाम मोहित मंडल, छोटू मंडलका नाम बताया गया। दोनों ने अपनी स्वीकारोक्ति में बताया कि घटना तीन लोग अपाची मोटरसाइकिल से एक दिन पूर्व आकर चिताखारो स्थित सीएसएसी सेंटर की रैकी कर चुके थे, इन्हें सूचना थी कि संचालक के पास करीब 10 लाख रूपया कैश है।

दूसरे दिन चिताखारो में मिलकर दो मोटरसाईकिल से छह लोग सीएससी सेंटर में पीछे के गेट का कुंडी तोड़ कर घर में घुस कर पिस्टल के भय दिखाकर घर का कीमती सामान लैपटॉप, मोबाईल, 3 दो कैमरा 4 नगदी 5 कीमती आभुषणों की डकैती कर भाग गये जप्त सामान की विवरणी।

डकैती में वादी का लूटा हुआ मोबाईल रियलमे 50 ए डकैती में वादी से लूटा हुआ सामान बरामद किया गया। गठित टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी का नाम धनंजय राय, अनुपुपदा, बगोदर-सरिया अजय कुमार, पुलिसनिरीक्षक, सरियाअंचल पुअनि अमन कुमार सिंह, ओपी प्रभारी, भरकट्टा ओपी पुअनि आकाश भारद्वाज, थाना प्रभारी, बिरनी थाना पुअनि आनंद प्रकाश सिंह, थाना प्रभारी, गांडेय थाना पुअनि जितेंद्र सिंह, भरकट्टा ओपी जोधन महतो, तकनीकी शाखा, गिरिडीह, बिजली रविदास, रिजर्व गार्ड, भरकट्टा ओपी बंटी कुमार शर्मा, भरकट्टा ओपी शामिल थे।

# जनता दरबार में किया गया वादों का निष्पादन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज जिला नजारत उप समाहर्ता, आशुतोष ठाकुर ने जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों की शिकायतों और समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। इस दौरान श्री आशुतोष ठाकुर ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

# डीपीआरओ ने किया तिरला पंचायत का निरीक्षण

**खूंटी।** आज जिला पंचायत राज पदाधिकारी, खूंटी डॉ. शिशिर कुमार सिंह द्वारा तिरला पंचायत का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने टूथ टोली आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सेविका को बच्चों के पोषण, ईएचआर, रअट बच्चों के प्रतिवेदन तथा ग्रुप चार्ट संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

इसी क्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस किट में नेल कटर, कंघी, साबुन पाउडर, रुमाल, बिस्किट आदि सामग्री शामिल थी। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई की आदत विकसित करना है। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पंचायत मोबिलाइजर बाल गोविंद एवं राजेश बैठा द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

# दीपावली को ले जिले में खाद्य सुरक्षा जांच अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** दिवाली पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूंटी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में मिठाई दुकानों पर सघन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में अब तक कुल 95 से अधिक खाद्य नमूनों की राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला नामकुम, रांची से आए



जूनियर फूड एनालिस्ट एवं उनकी टीम द्वारा ऑन-द-स्पॉट जाँच की गई है। जाँच के दौरान कुल 11 खाद्य नमूने असफल पाए गए, जिन्हें विधिसम्मत तरीके से नष्ट कराया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 12 खाद्य नमूनों को आगे की विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला, नामकुम (रांची) भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी मिठाई दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि मिठाई निर्माण में किसी भी प्रकार के नॉन-फूड ग्रेड कलर का उपयोग न करें तथा साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। यदि निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाई जाती है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज बगोदर थाना परिसर के पास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार एवं बगोदर थाना प्रभारी के द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। जिसमें ब्लैक स्पॉट, प्रेशर हॉर्न एवं मल्टी-हॉर्न का प्रयोग करने वाले वाहनो पर ऑनस्पॉट नियमानुकूल कार्रवाई की गई एवं साथ ही सभी को जागरूक भी की गई कि ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। जांच के दौरान 40 से अधिक बिना हेलमेट और 05 बिना सीटबेल्ट के ड्राइविंग करते हुए वाहन चालकों और दो बड़े वाहनों से लगभग 80,000 हजार जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री संतोष कुमार ने आमजनों को



जागरूक करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। ऐसे में अपने परिवार के साथ दूसरों की सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें। सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में यातायात नियमों का पालन करने, सीटबेल्ट/हेलमेट पहनने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने और पैदल चलने वालों की भी सुरक्षा का ध्यान रखें।

# विश्व खाद्य दिवस के मौके पर कृषि मंत्री ने की किसानों से अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** विश्व खाद्य दिवस के मौके पर झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य के किसानों को नई तकनीक से रिश्ता जोड़ने को कहा है। परंपरागत खेती के साथ नई तकनीक से खेती किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाएगी। उन्होंने राज्य के किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए सप्ताह में एक दिन आवश्यक रूप से प्रखंड कार्यालय जाने की नसीहत दी। कृषि मंत्री ने आइसीएआर गढ़खटंगा में किसान गोष्ठी में उक्त बातें कहीं।

इस मौके पर कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिला किसानों को सम्मान के साथ बीज उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि हम और आप भोजन के नाम पर क्या ग्रहण कर रहें है, इसकी पड़ताल भी जरूरी है।

मसलन अत्यधिक रासायनिक खाद युक्त खाद्यान्न के सेवन से मनुष्य का अस्वस्थ होना तय है। अत्यधिक रसायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी कम होती है। मंत्री ने कहा कि आइसीएआर और बीएयू जैसे संस्थान कृषि के क्षेत्र में हर दिन कुछ नया कर रहें है। आइसीएआर के द्वारा तैयार की गई धान की नई प्रजाति को हम सभी ने देखा। कृषि मंत्री ने आइएचएम ब्रांबे में मिलेट्स फेस्ट 2025 में बतौर मुख्य अतिथि भी शामिल हुई। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बगैर आपके समाज की परिकल्पना अधूरी है।

उन्होंने कहा कि अन्न ग्रहण करते वक्त किसानों की कड़ी मेहनत और उनके संघर्ष को याद करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि अब लोग स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के लिए मोटे अनाज को बड़े ही चाव से खा रहें है। मड़ुआ से बने लजीज व्यंजन चाहे वो मीठे की बात हो या नमकीन



की, लोगों को पसंद आ रहे है। राज्य में पहले 20 हजार हेक्टेयर में मड़ुआ की खेती होती थी, लेकिन विभाग की ओर से प्रति एकड़ तीन हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने के बाद से मड़ुआ की खेती अब 90 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गई है। एफपीओ के साथ जुड़कर किसान मोटे अनाज के उत्पादन में बेहतर काम कर रहे हैं। भविष्य में झारखंड में मिलेट्स कैफे खोलने पर काम चल रहा है। विभाग का उद्देश्य मोटे अनाज के लिए किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोशल अल्फा संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। स्टार्टअप के क्षेत्र में नए विचारों के साथ काम करने वालों को यह संस्था प्रोत्साहित करती है। खासकर नए प्रोडक्ट को बाजार तक पहुंचाने में संस्था की अहम भूमिका है।

कार्यक्रम में विशेष सचिव गोपाल तिवारी, प्रदीप हजारी, आइसीएआर निदेशक सुजय रक्षित, बीएयू के कुलपति डा सुनील चंद्र दुबे, अभिजीत कर, पुष्पा तिर्की, आइएसएम रांची के प्रधानाचार्य डा भूपेश कुमार, नाबार्ड डीजीएम गौरव कुमार, ओपन फील्ड की डा मनीषा उरांव, पंकज कुमार, मांडर प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, उप प्रमुख मुद्दसिर हक, सेराफिना, बंधु उरांव, शमीम अख्तर, गणेश विक्रम, आर्यन देव, देवांजन, मोनिका मुंडू, किशुन नाग, रागिनी मरांडी, एतवा मुख्य रूप मौजूद थे।

# त्योहारों के महत्त्व और सांस्कृतिक विरासत से बच्चों को जोड़ें : ओम प्रकाश गोयल

## कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल के प्रांगण में संयुक्त प्रातः कालीन सभा में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने महापर्व छठ का सजीव चित्रण कर सभा में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं सभी कर्मचारियों को अचंभित कर दिया । यहां उन्होंने छठ की शुद्धता एवं उनके कठिन नियमों एवं निर्जला उपवास की पद्धति का ऐसा प्रदर्शन किया कि सभी देखने वालों का रोम-रोम सिहर गया। कईयों की आंखों में खुशी के आंसू तक छलक गए। बच्चों ने बड़ी श्रद्धा एवं निष्ठा से हर एक विधि का ध्यान में रखकर महापर्व को प्रदर्शित किया । कक्षा बाल वाटिका से दूसरी तक के बच्चों ने भी दीपावली एवं भाई दूज की झलक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करके दिखाया । नन्हें- मुन्हें बच्चों ने नृत्य एवं द्वीप प्रज्वलित कर अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश दिया। कुल मिलाकर विद्यालय में दीपावली और छठ पूजा के पावन त्योहारों के अवसर पर एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को इन त्योहारों के महत्त्व और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना रहा है इस अवसर पर प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल ने महापर्व छठ की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि जिस महापर्व ने देश की सीमाओं को भी छोटा कर दिया और इसके प्रति प्रकृति के प्रेम और श्रद्धा को कैसे निर्जला रखकर निभाते हैं। कैसे पूरा समाज मिलकर इस महापर्व को मनाने के लिए अपना सहयोग अपने समर्थ के अनुसार श्रम, अर्थ जैसे भी हो करते हैं और करें भी। प्राचार्य ने इस अवसर पर शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों को इस महापर्व की बधाई भी दी। प्रस्तुति को निभाने में मुख्य रूप से प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल, एस रब्बानी, बीना भारती, श्वेता सिन्हा, अनीता ओझा, जुली कुमारी, पूजा सिन्हा, रूबी तिवारी, स्मिता डे, सुस्मिता कुमारी ने मुख्य योगदान किया।

CMYK

# धमदाहा में सियासी रण का बिगुल : लेसी सिंह ने भरा नामांकन, निर्दलीय रमन ने दी सीधी चुनौती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ अनुभव बनाम नई सोच की जंग में धमदाहा बना चुनावी अखाड़ा, दोनों प्रत्याशियों ने दिखाई अपनी राजनीतिक धार



**पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को धमदाहा की सियासत अचानक उबाल पर आ गई। नामांकन के आखिरी दौर में यहां दो प्रत्याशियों ने मैदान में उतरकर पूरे इलाके की राजनीति को नई दिशा दे दी। जनता दल (यू) की वरिष्ठ नेत्री और मंत्री लेशी सिंह ने समर्थकों के विशाल काफिले के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा— 'धमदाहा के विकास को रुकने नहीं देंगे। जनता का आशीर्वाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियां हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। हमने जो किया है, वही हमारी पहचान है और वही हमारी गारंटी भी।'

वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रमन कुमार ने नामांकन दाखिल करते हुए सत्ता के खिलाफ सीधा संदेश दिया। उनका कहना था— 'जनता अब किसी वादे में नहीं, अपने अधिकार में विश्वास करती है। मैं किसी दल का नहीं, जनता की उम्मीद का प्रत्याशी हूं। बदलाव की शुरूआत धमदाहा से होगी और जनता इस बार खुद अपनी राह तय करेगी।'

दोनों नामांकनों के बाद पूरे क्षेत्र में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। समर्थकों की भीड़, नारेबाजी और जोश से पूरा धमदाहा विधानसभा क्षेत्र चुनावी जज्बे में डूब गया है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि जनता अनुभव की साख पर भरोसा जताती है या नई सोच के नारे को मौका देती है।

# सदर, कोढा व प्राणपुर से एक-एक ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता







**कटिहार।** जिले के विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। ऐसे में शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी, कोढा विधानसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी तथा प्राणपुर विधानसभा से एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन किया था।

सदर विधानसभा क्षेत्र से समीर कुमार झा ने निर्दलीय नामांकन करवाया है। जबकि कोढा विधानसभा क्षेत्र से पीटीआईडी पार्टी से तूफानी दास ने अपना नामांकन करवाया है । वही सुभाष चंद्र साह ने प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय नामांकन किया है। सभी लोगो ने कहाकि मेरा उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना और आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।?उन्होंने आगे कहा कि उनका चुनाव प्रचार पूरी तरह से जनता के मुद्दों पर केंद्रित रहेगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार मुख्य विषय होंगे।

## बनमनखी में भाजपा प्रत्याशी कृष्ण कुमार ऋषि का शक्ति प्रदर्शन

# नामांकन से पहले की पूजा-अर्चना और बाद में निकाला भव्य रोड शो



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी, पूर्णिया।** बनमनखी विधानसभा क्षेत्र (संख्या 59, अनुसूचित जाति) से भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। नामांकन से पहले उन्होंने हृदयेश्वरी दुर्गाशक्ति पीठ, भक्त प्रह्लाद स्तंभ स्थित भगवान नरसिंह मंदिर और धीमेश्वर धाम महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव की कामना की। पूजा के उपरांत विधायक ऋषि समर्थकों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में निकले। सड़क के दोनों किनारों पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी, जबकि मोटरसाइकिलों और चारपहिया वाहनों का काफिला किलोमीटरों तक फैला हुआ था।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद भी उत्साह थमा नहीं। पुनः रोड शो के माध्यम से उन्होंने नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आम जनता का अभिवादन स्वीकार किया। अंत में सुमरित उच्च विद्यालय मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा —बनमनखी की जनता मेरे लिए परिवार के समान है। पांच बार का विश्वास जनता ने मुझ पर जताया है। विधायक नहीं, मैं हमेशा इस धरती का बेटा बनकर काम करता रहा हूँ। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास को धरातल पर उतारने का काम किया है, और आगे भी यही प्रयास रहेगा।ह्व उन्होंने आगे कहा कि बनमनखी की जनता अब विकास, शांति और सुरक्षा चाहती है, किसी के बहकावे में नहीं आएगी। सभा स्थल पर ह्यअबकी बार फिर से कृष्ण कुमारह्व के नारों से माहौल गूंजता रहा। डीजे की धुनों, केसरिया झंडों और जोशीले नारों से पूरा बनमनखी भाजपामय हो उठा।

## वाहन जांच के क्रम में 95 हजार नगद बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रो में निरंतर सघन वाहन जाँच कि जा रही है। इसी क्रम मे पोठिया थाना क्षेत्रान्तर्गत चाँदपुर चौक के पास से उड़न दास्ता टीम के द्वारा रू 95,000/ रूपया नगद बरामद किया गया। जबकि बरामद राशि के संबंध में जब अभियुक्त वैध कागजात एवं प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा गया तो वे ना तो कोई दास्तावेज दिखा सके ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए।जिसके बाद बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।

# दीपावली व छठ पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**केनगर /पूर्णिया।** गुरुवार की शाम केनगर थाना परिसर में दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ आशीष कुमार ने की। बैठक में बीडीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और आम लोगों को दीपावली व छठ की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आचार संहिता के तहत दीपावली व छठ पूजा के दौरान आतिशबाजी, डीजे और लाउडस्पीकर पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने कहा कि सभी पर्वों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जानकारी लेते हुए काझा पंचायत के काझा गाँव में आयोजित काली पूजा मेले के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बताया गया कि मेले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। थानाध्यक्ष ने आयोजकों से प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और लाइसेंस अनिवार्य रूप से लेने की बात कही। साथ ही असामाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में थाना क्षेत्र के छठ घाटों की पहचान की गई और सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बीडीओ और थानाध्यक्ष ने कहा कि घाटों पर बैरिकेटिंग, गोताखोरों की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर/चूना का छिड़काव, तथा छठव्रतियों के लिए कपड़ा बदलने की सुविधा सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक घाट पर पुलिस की निगरानी रहेगी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी उपस्थित थे, जिनमें पूर्व मुखिया मनोज यादव, मो. मुर्तजा, मो. आलम, दाऊद आलम, संतोष यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# पूर्णिया विस 62 विजय खेमका ने उत्साहपूर्ण जनसमर्थन के बीच नामांकन दाखिल किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** सदर विधानसभा क्षेत्र संख्या 62 से भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी विधायक विजय खेमका ने उत्साह और जनसमर्थन के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने गुलाबबाग जीरो माइल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत की।

भव्य आशीर्वाद यात्रा में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, त्रिपुरा विधायक सुशांत देव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, जदयू महानगर अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, अनुपमा झा, चंदन पासवान, संजय मिश्रा सहित कई एनडीए नेता शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान उन्होंने नगर भ्रमण किया और हजारों समर्थकों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए नामांकन स्थल तक पहुँचे। यात्रा गुलाबबाग से सोनौली चौक, कटिहार मोड़, लाइन बाजार, फोर्ड कंपनी, गिरजा चौक, आस्था मंदिर होते हुए जिला स्कूल मैदान में समाप्त हुई, जहां इसे विशाल आशीर्वाद जनसभा में परिवर्तित कर दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं सकलदीप राजपाल, डालचंद संचेती, डॉ. के.के. चौधरी, गुप्तेश कुमार, अरविंद साह भोला, नूतन गुप्ता, संजय मिश्रा, सौरभ झा, रमेश कुशवाहा, आनंद भारती, संगीता बर्मन, आरती जायसवाल, अवधेश साह, मिथलेश राय, सी.के. मिश्रा, क्रांति देवी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने जनता को संबोधित किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री सरोज पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और राज्य में विकास, नारी सशक्तिकरण, सम्मान और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हुई हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे विजय खेमका को तीसरी बार जीत दिलाकर कमल खिलाएं। एनडीए प्रत्याशी विजय खेमका ने अपने संबोधन में कहा कि यह नामांकन केवल उनका नहीं, बल्कि पूर्णिया की जनता, किसान, उद्यमी, व्यापारी, कर्मचारी, श्रमिक, युवा और महिलाएं सभी का नामांकन है। यह विकास और सुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में पूर्णिया में शांति, सुरक्षा और भाईचारे का वातावरण बना हुआ है और उन्होंने कभी रंगदारी, ठेकेदारी या चंदा प्रथा को स्थान नहीं दिया। सभा में उपस्थित संत मुरारी बाबा, आचार्य जितेंद्र बाबा और गुरुद्वारा के गणपति हरविंदर सिंह ने विजय खेमका को आशीर्वाद दिया और पूर्णिया में भारी मतों से भाजपा-एनडीए की जीत की कामना की। युवाओं और मातृशक्ति के उत्साह से गूंजते मैदान में हर गली और चौक पर ह्वअबकी बार कमल खिलानेह्व के नारों से वातावरण जीवंत हो गया। विधायक को फूल माला और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् संजय सिंह ने किया।

## इंद्रिया, आदित्य बिड़ला ज्वेलरी, ने गयाजी में अपने लॉन्च के साथ बिहार में अपना विस्तार किया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** इंद्रिया, आदित्य बिड़ला ज्वेलरी, ने ऐतिहासिक शहर गया जी में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया है। गया जी, जो अपनी गहरी जड़ें जमाई हुई विरासत और परिष्कृत कला की सराहना के लिए प्रसिद्ध है, अब उत्कृष्ट आभूषणों की सुंदरता के एक नए युग का स्वागत कर रहा है। गया जी, एक ऐसा शहर जो सूक्ष्म शिल्पकला और जीवंत परंपरा की विरासत में डूबा हुआ है, ब्रांड के पारंपरिक सोने के काम और समकालीन सौंदर्यशास्त्र के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को दशार्ता है।

श्री संदीप कोहली, सीईओ, इंद्रिया ने कहा, हम बिहार में अपनी उपस्थिति को और गहरा करने के लिए गया जी में अपने नए स्टोर के साथ अत्यंत प्रसन्न हैं। यह शहर उत्कृष्ट आभूषणों की सराहना की गहरी परंपरा रखता है, जहाँ हर आभूषण एक महत्वपूर्ण खजाना और परंपरा की अभिव्यक्ति होता है। यह विस्तार राज्य में हमारे तीसरे स्टोर को दशार्ता है, जो बिहार भर के ग्राहकों की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम गया जी को इंद्रिया के पहचान-चिह्न संग्रह से परिचित कराने के लिए उत्सुक हैं जो जटिल पारंपरिक सोने के काम और आधुनिक, सुरुचिपूर्ण डिजाइन का मिश्रण है और एक बेजोड़ आभूषण खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। नया स्टोर, जो स्वराजपुरी रोड, इनायत कॉलोनी में स्थित है, में एक समर्पित कारीगरी कक्ष और ब्राइडल लाउंज जैसे सोच-समझकर डिजाइन किए गए क्षेत्र हैं, ताकि ग्राहकों को एक संपूर्ण खरीदारी अनुभव मिल सके। 5,000 से अधिक विशेष डिजाइनों और 25,000 से अधिक बारीकी से बनाए गए आभूषणों के चयन के साथ, यह स्टोर प्राचीन कारीगरी की निपुणता और आधुनिक डिजाइन को एक साथ लाता है। इस लॉन्च के साथ, इंद्रिया की उपस्थिति पूरे भारत में 35 स्टोर्स तक बढ़ गई है। ब्रांड के अब दिल्ली में छह स्टोर हैं; हैदराबाद में चार; मुंबई और पुणे में तीन-तीन; अहमदाबाद, जयपुर और पटना में दो-दो; और इंदौर, जोधपुर, सूरत, विजयवाड़ा, भुवनेश्वर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, बैंगलोर, आगरा, गया जी, जम्मू और छत्रपति संभाजीनगर में एक-एक स्टोर हैं। यह बढ़ता हुआ नेटवर्क इंद्रिया की इस प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि वह पूरे देश के ग्राहकों तक उत्कृष्ट रूप से निर्मित आभूषण पहुँचाए, और कालातीत कारीगरी व आधुनिक सुंदरता के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करे। आदित्य बिड़ला समूह की विश्वसनीय विरासत अब बिहार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है, इंद्रिया के पहले स्टोर के लॉन्च के साथ गया जी में, जो अपनी गहरी जड़ें जमाई विरासत और परिष्कृत कला की सराहना के लिए प्रसिद्ध है।

# दीपावली व छठव्रत को ले शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी/कटिहार।** अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह की अध्यक्षता में एसडीएम के वैश्म में शांति समिति की बैठक आहुत की गयी।आनेवाले दिनों में दीपों का पर्व दीपावली व लोक आस्था का महापर्व छठ परम्परागत रुप से शांति एवं सौहाद्रपूर्ण मनाने की तैयारी को ले मंथन किया गया।

मनिहारी गंगातट पर धार्मिक अनुष्ठानों व मांगलिक अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालू,धमार्नुरागी गंगास्नान को आते हैं।छठ महापर्व के निमित्त भी लाखों लोग पतित पावन गंगा में स्नान कर तन मन निर्मलकर छठ महापर्व का अनुष्ठान करते हैं। मनिहारी उत्तर वाहिनी गंगा किनारे स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की संभावित भीड नियंत्रण व सुरक्षित गंगा स्नान को लेकर प्रशासनिक तैयारी पर विचार किये गये। श्रद्धालुओं की सुरक्षित स्नान पर किसी अनहोनी को टालने के लिए गंगाकिनारे नदी किनारे बैरिकैडिंग, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, साफ सफाई, एसडीआर एफ गौताखोरों की तैनाती के भी निर्देश एसडीएम ने संबंधित पदाधिकारी को दिये।भीड नियंत्रण की द्दष्टि इस दिशा मे प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये।वाहन पार्किंग व भीड नियंत्रण के लिए भी व्यवस्था करने की हिदाय दी। बैठक में एसडीपीओ बिनोद कुमार ने छठ व्रत के निमित्त गंगाघाट पर हर संभव सुरक्षा ईंतजाम का भरोसा दिलाया.कहा कि जिले से अतिरिक्त महिला पुलिस सहित पुलिस बल की मांग कर सुरक्षा के सख्त व्यवस्था रहेगी।बैठक में सीओ निहारिका राय, स्नेहा कुमारी, बीडीओ सनत कुमार,बीपीआरओ सोनू गुप्ता, नगर कार्यपालक पदाधिकारी मनिहारी नसीमुद्दीन खान,आरूष कुमार, सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# खेत की घेराबंदी को लेकर विवाद युवक घायल, थाने में आवेदन

## गोआसी पंचायत वार्ड 12 की घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** मरंगा थाना क्षेत्र के गोआसी पंचायत में खेत की जाफरी लगाने को लेकर दो पक्षों में कहा-सुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 12 निवासी सागर कुमार गुप्ता अपने भाई सन्नी कुमार के साथ बैंगन के खेत में जाफरी लगाकर घेराबंदी कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी उपेन्द्र साह (पिता स्व. सोती साह), उसके पुत्र बमबम साह और पुत्रियाँ मनीषा कुमारी एवं बुधिया कुमारी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। सागर कुमार के अनुसार, जब उन्होंने विरोध किया तो बमबम साह ने लोहे की रॉड फेंककर वार करने की कोशिश की, जबकि उपेन्द्र साह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। झड़प के दौरान गले में दांत काटने से वह लहूलुहान हो गया। साथ ही खेत की जाफरी और बैंगन के पौधे भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए। पीड़ित सागर कुमार ने बताया कि उक्त परिवार अक्सर मोहल्ले में अन्य लोगों से भी विवाद करता रहता है और यह घटना उसी झगड़ालू प्रवृत्ति का परिणाम है।सूचना मिलते ही मरंगा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है।

# विभिन्न विभागों की ओर से चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के निर्देश पर स्वीप कोषांग की ओर से जिला में मतदाता जागरुकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। जिसमें मतदाता शपथ, मेरा वोट- मेरा अधिकार रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन और रैली का आयोजन कर मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।

आगामी विधानसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से आइसीडीएस, शिक्षा, जीविका आदि विभागों द्वारा इस तरह की गतिविधियां अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित किया जाता है। जिला जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुनियाद केन्द्र कटिहार सहित 10 प्रखंडों में दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, स्वयंसेवक, रैम्प, हेल्पलाइन नंबर, पोस्टल बैलेट तथा मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ जागरुकता रैली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो वहक आईसीडीएस की ओर से एल.एस के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता और पैदल मार्च का आयोजन किया गया। जबकि समेली और बलरामपुर प्रखंड में स्कूली बच्चों द्वारा पोषक क्षेत्र में पैदल तथा साइकिल से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई।वहीं कोढा, कुसेर्ला सहित कई अन्य प्रखंडों में जीविका महिला संगठन की ओर से रंगोली और महिला प्रतियोगिता के साथ रैली निकाल कर मतदान की आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान पहले मतदान-फिर जलपान के नारे भी लगाये गये।

# जल जमाव से किसान हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ जल जमाव दूर करने को ले स्लूईस गेट खुलवाने की एसडीएम से लगायी गुहार

■ सैकडों एकड में फैले बाढ का पानी निकालने को ले बाघमारा स्लूईस गेट खोले जाने की मांग



**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के बाघमारा,बौलिया,दिलारपुर पंचायत के सैकडों किसानों ने अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी त्रिलोकी नाथ सिंह को आवेदन देकर सैकडों एकड कृषि योग्य भूमि में फैले बाढ का पानी निकालने को ले बाघमारा स्थित स्लूईस गेट खोले जाने की मांग की है। ताकि जलग्रहण क्षेत्रों में फैले जल जमाव को दूर किया जा सके।

मुखिया रज्जाक आलम ने जानकारी दी है कि दशकों पूर्व बाढ के पानी की निकासी के लिए बाघमारा मे स्लूईस गेट की व्यवस्था की गयी है. लेकिन हाल के वर्षो में विभागीय उदासीनता के कारण यह अपनी उपयोगिता खो चुका है। परिणाम स्वरुप बाढ का पानी किसानों की बडी भू भाग पर लम्बे समय तक जमा रहता है. किसान जलजमाव के कारण अपनी भूमि पर ससमय फसल लगाने से वंचित रह जाते हैं. इस वर्ष भी बाढ का पानी सैकडों एकड भू भाग मे फैला हुआ है. रवि फसल बुआई का मौसम आरंभ हो जाने से किसान जल जमाव दूर करने को लेकर परेशान हैं। दूसरी ओर स्लूईस गेट बंद रहने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। किसानों ने अपनी चिंता से एसडीएम को अवगत करातेहुए अग्रतर कार्रवाई कर स्लूईस गेट खोलवाने की मांग की है। ताकि किसान अपनी भूमि पर ससमय रवि फसल की बुआई कर सकें।



# पंचायत फेम जितेंद्र कुमार इस फिल्म में निभाना चाहते थे चुनौतीपूर्ण किरदार



वेब सीरीज पंचायत फेम जितेंद्र कुमार इन दिनों अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ अरशद वारसी भी हैं। फिल्म में उन्होंने एक कॉलेज प्रोफेसर की भूमिका निभाई है। जितेंद्र के मुताबिक- वह ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहते थे, जिससे उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका मिल सके।

## अहम किरदार में हैं अरशद

भागवत चैप्टर 1- राक्षस में जितेंद्र, कॉलेज प्रोफेसर समीर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अरशद वारसी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में अरशद कॉलेज से कई युवतियों के लापता होने की जांच कर रहे हैं। जी5 की इस फिल्म का निर्देशन अक्षय शेरे ने किया है।

## कंफर्ट जोन से निकलना चाहते थे जितेंद्र

जितेंद्र ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्साहित था। मुझे यह किरदार काफी चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं इसे कैसे निभा पाऊंगा। हालांकि हर चुनौती के साथ मेरे अंदर एक अलग ही उत्साह था। मैं सच में एक क्राइम-थ्रिलर और कई अलग-अलग पहलुओं वाला किरदार निभाना चाहता था।

## जितेंद्र ने की अरशद की तारीफ

अरशद वारसी के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा वारसी के साथ काम करना प्रेरणादायक था, जो सेट पर सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करते थे। अरशद सर जिस तरह से सेट पर खुद को पेश करते हैं, वह वाकई दिलचस्प है। वैसे तो वह बहुत शांत रहते हैं, लेकिन हर बार जब उनका कोई सीन होता था, तो वह सहजता से उसमें ढल जाते थे। जिस तरह से वह अपने किरदार में ढल जाते हैं, उसे देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और हमारा सेट बहुत सहयोगात्मक था। हमने हर सीन पर कई बार चर्चा की।



# अपनी आगामी फिल्म से एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी श्रीलीला

**श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।**

श्रीलीला ने आज अपनी आगामी फिल्म से एजेंट मिर्ची के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई, एक और फैन ने लिखा, लीला ऑन फायर एक्शन। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है।

### श्रीलीला का वर्कफ्रंट

श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म मास जथारा रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्तूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ उस्ताद भगत सिंह पुलिस एक्शन ड्रामा है। हिंदी में अनुराग बसु की रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ है।



# मेटा एआई की नई आवाज बनी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताती हैं कि वह मेटा एआई की नई आवाज बन रही हैं। इस वीडियो पर दीपिका के फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। दीपिका भी वीडियो में काफी खुश नजर आ रही हैं।

## दीपिका ने वीडियो किया शेयर

दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' इसके बाद वह अपनी आवाज के अलग-अलग सैंपल रिकॉर्ड करती हैं। इस प्रोसेस को दीपिका ने काफी एंज्वॉय किया।

## फैंस ने दिए रिएक्शन

दीपिका की वीडियो पर उनके फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर लिखता हैं, 'यह बड़ी बात है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'नया दिन, नई उपलब्धि।' एक अन्य फैन ने कमेंट लिखा, 'आपकी आवाज बहुत अच्छी है।' इसी तरह के कई कमेंट्स फैंस ने दीपिका के वीडियो पर किए हैं।

### शाहरुख और अल्लू अर्जुन के साथ कर रही हैं फिल्में

दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह शाहरुख की फिल्म 'किंग' कर रही हैं। इस एक्शन फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी एक्टिंग कर रही हैं। इसके अलावा दीपिका साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म को एटली डायरेक्ट कर रहे हैं।



# डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज का निर्देशन करेंगे रेमो डिसूजा

## अंडरवर्ल्ड की कहानी बताएगी फिल्म

फिल्म डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज को रेमो डिसूजा निर्देशत करेंगे, जबकि फिल्म का निर्माण संदीप सिंह करेंगे। फिल्म की एक खास झलक आज रिलीज की गई है, जिसमें अंडरवर्ल्ड का खौफनाक नजारा साफ दिखाई दे रहा है।

फिल्म डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज की एक खास झलक शेयर की गई। जिसकी शुरुआत लिफ्ट के एक सीन से होती है। इसके बाद पुराने जमाने की ब्लैक रंग की एक मर्सिडीज कार पूरी तेज रफ्तार से सड़क पर चलती नजर आती है। फिर अचानक से एक आधा चेहरा सामने दिखाई देता है-जिसने ब्लैक चश्मा पहना हुआ है। यह शख्स ब्लैक मर्सिडीज में बैठा है और सिगरेट के कश पी रहा है। यह कार एक होटल के सामने लिफ्ट के आगे रुकती है और फिर होती है गोलियों की बौछार। पूरी लिफ्ट खून और गोलियों से भर जाती है।

रेमो डिसूजा ने अपनी फिल्म डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज की खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, मुंबई अंडरवर्ल्ड फिर से उठ खड़ा हुआ! पेश है ष्डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज, मुंबई के दिल से एक कच्चा, भावनात्मक और विस्फोटक एक्शन ड्रामा। डोंगरी गैंगस्टर्स पैराडाइज का निर्माण संदीप सिंह कर रहे हैं। इस गैंगस्टर्स ड्रामा एक्शन फिल्म का निर्देशन रेमो गोपी डिसूजा करेंगे। यह फिल्म क्लासिक मुंबई अंडरवर्ल्ड शैली की वापसी का प्रतीक है। यह फिल्म 9 अक्तूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की पटकथा और संवाद मिलाप मिलान जवेरी ने लिखे हैं।



# अहान पांडे ने अली अब्बास जफर की एक्शन मूवी के लिए बदला लवर बॉय वाला हुलिया

सैयारा एक्टर अहान पांडे एक बार फिर से ज़ेन जी वाली भीड़ की धड़कनें बढ़ाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। अहान पांडे ने अली अब्बास जफर की अगली फिल्म से अपना लुक दिखा दिया है, जिसपर फैन्स अभी से दिल हारे बैठे नजर आ रहे हैं। लोगों ने अभी से उनके लुक और फिल्म के लिए डेट ब्लॉक करने की बातें भी कह दी हैं। अहान पांडे अब अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए रेडी दिख रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और इसे यशराज फिल्म्स के आदित्य चोपड़ा प्रड्यूस कर रहे हैं। सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद जो भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव-स्टोरी बनी उसके बाद अब अहान अपने करियर के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं।

## सैयारा के रोमांटिक लवर बॉय लुक से बिल्कुल अलग

यह फिल्म अली अब्बास जफर की यशराज फिल्म्स में वापसी को भी है। अहान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना नया लुक शेयर किया, जिसमें सैयारा के रोमांटिक लवर बॉय लुक से बिल्कुल अलग लुक है।

अहान के इस लुक पर फैन्स जोरदार फिदा दिख रहे हैं। एक ने कहा- आप इस हेयरस्टाइल में एक्स्ट्रा हैंडसम दिख रहे। एक और ने कहा- अहान आप कितने हैंडसम दिख रहे हैं। एक ने कहा- इतने सालों बाद इन्हें शॉर्ट हेयर में देख रहा। एक ने तो इतना कहा कि मैं कैसे बताऊं कि मेरे दिल की धड़कनें आपको देखकर बंद हो गई। एक और यूजर ने लिखा- भाई साहब, ये लड़का सारा रेकॉर्ड ब्रेक करने वाला है बॉलीवुड में। एक फैन ने कहा- जो भी डेट हो, अभी से बुक है।

## अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी

माना जा रहा है कि लव-स्टोरी के बाद अब ये नई एक्शन-रोमांस फिल्म आहान को एक बिल्कुल नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। ये आदित्य चोपड़ा व अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म होगी, जिनकी जोड़ी ने मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्में दी हैं।



# खुद से आधी उम्र की अभिनेत्री संग रोमांस करेंगे चिरंजीवी

**तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है।**

## चिरंजीवी की नई फिल्म में बनेंगी लीड एक्ट्रेस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

## इंडस्ट्री में मालविका का सफर

केरल से ताल्लुक रखने वाली मालविका मोहनन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर के.यू. मोहनन की बेटी हैं। उन्होंने साल 2013 में मलयालम फिल्म 'पट्टम पोल' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में कई अहम किरदार निभाए। उनकी पहचान 'मास्टर' (विजय के साथ), 'पेट्टा' (रजनीकांत के साथ), 'मारन' (धनुष के साथ) और 'थंगालान' (विक्रम के साथ) जैसी फिल्मों से और मजबूत हुई। अब तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हुए मालविका अपनी नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

## सोशल मीडिया पर छा गईं मालविका

मालविका मोहनन अपने ग्लैमरस अंदाज और सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। 'द राजा साब' के टीजर में उनका बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक फैंस को खूब पसंद आया था। अब खबर है कि उन्हें 'मेगा 158' जैसी मेगा फिल्म में जगह मिलने की संभावना है, जिससे वह टॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो सकती हैं।

## चिरंजीवी के साथ काम करने पर बयान

मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।

### करियर का टर्निंग पॉइंट

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही नई अभिनेत्रियों की जबरदस्त एंट्री हो रही है- रुक्मिणी वसंथ, रितिका नायक और कयादू लोहार जैसी स्टार्स तेजी से आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में अगर मालविका को चिरंजीवी के साथ यह मौका मिलता है, तो यह उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।



# सिर्फ 25 की उम्र में ओलंपिक चैंपियन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे सफल तैराकों में से एक, ऑस्ट्रेलिया की एरियार्न टिटमस ने सिर्फ 25 साल की उम्र में तैराकी से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया है. चार बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर यह ऐलान किया. उन्होंने कहा कि अब उनके जीवन में कुछ चीजें तैराकी से ज्यादा अहम हो गई हैं.

### पेरिस ओलंपिक में रचा था इतिहास

एरियार्न टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की दिग्गज तैराक केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया था. खास बात यह रही कि उन्होंने इस इवेंट में नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था.

### खत्म हुआ एरियार्न टिटमस का सुनहरा करियर

टिटमस के नाम कुल 33 अंतरराष्ट्रीय पदक दर्ज हैं. इनमें 4 ओलंपिक स्वर्ण, 3 रजत, और 1 कांस्य शामिल हैं. इसके अलावा उन्होंने चार विश्व खिताब भी अपने नाम किए. उन्होंने न केवल अपनी देश की उम्मीदों पर खरा उतरीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला तैराकी में एक नया मानदंड स्थापित किया.

### क्यों लिया संन्यास का फैसला?

टिटमस ने अपने बयान में कहा, मुझे हमेशा से ही तैराकी में बेहद रूचि रही है. बचपन से ही ये मेरा सपना और जुनून रहा है, लेकिन अब जब मैंने थोड़ा वक्त इस खेल से दूर बिताया, तो महसूस किया कि जीवन में और भी बहुत कुछ है, जो मेरे लिए अब ज्यादा मायने रखता है. उनके इस बयान ने फैंस को भावुक कर दिया है.

### अब खेल से बाहर नई शुरुआत की तैयारी

हालांकि एरियार्न टिटमस के कोच और प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे कि वह 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में वापसी करेंगी, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि उन्होंने नया रास्ता चुन लिया है. उन्होंने यह भी कहा कि यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन वह इस जीवन के नए अध्याय को लेकर उत्साहित हैं.





## फीफा को लेकर फैंस में भारी क्रैज, विश्व कप 2026 के 10 लाख से अधिक टिकट बिके

**मियामी, एजेंसी।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट बृहस्पतिवार दोपहर तक 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।

## नाओमी ओसाका के लगी चोट, जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटीं



**ओसाका, एजेंसी।** नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया। जापान ओपन के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता लेला फर्नांडिज ने रेबेका रैमकोव को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।



# विराट-रोहित दोनों वर्ल्ड कप 2027 खेलेंगे...

**● ट्रेविस हेड ने जैसे ही ये कहा अक्षर पटेल का चेहरा बदल गया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का आगाज 19 अक्टूबर से पर्थ में हो रहा है. इस सीरीज से पहले ट्रेविस हेड और अक्षर पटेल ने मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर सवाल पूछा गया. ट्रेविस हेड से पूछा गया कि ये ऑस्ट्रेलिया में विराट और रोहित दोनों की आखिरी सीरीज हो सकती है तो इसपर उन्होंने कहा कि उनके साथ खेलना सम्मान की बात है. साथ ही उन्होंने ये उम्मीद जताई कि ये दोनों दिग्गज 2027 वर्ल्ड कप भी खेलें. हालांकि ट्रेविस हेड के इस बयान के बाद अक्षर पटेल की जो भाव भंगिमा बदली उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

### ट्रेविस हेड ने क्या कहा?

ट्रेविस हेड ने मीडिया से बातचीत में विराट और रोहित दोनं की तारीफ की. उन्होंने कहा, 'रोहित और विराट दोनों सफेद गेंद के खेल के महान खिलाड़ी हैं. विराट कोहली शायद सर्वकालिक महान वनडे क्रिकेटर हैं और रोहित भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं. उनके लिए काफी सम्मान है. मुझे लगता है कि दोनों वर्ल्ड कप 2027 खेलने वाले है. खेल के लिए बहुत अच्छा होगा.' ट्रेविस हेड ने जैसे ही ये कहा, गंभीर भाव से इस बात को सुन रहे अक्षर पटेल अचानक मुस्कुराने लगे. उन्होंने दोनों के वर्ल्ड कप 2027 खेलने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा लेकिन इस ऑलराउंडर ने इस बात की पुष्टि कर दी कि रोहित और विराट वनडे सीरीज के लिए बिल्कुल तैयार हैं.

### अक्षर ने विराट-रोहित पर क्या कहा?

अक्षर पटेल ने कहा कि विराट और रोहित जानते हैं कि दोनों को क्या करना है. उन्होंने कहा, 'विराट-रोहित दोनों वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी हैं. दोनों प्रोफेशनल खिलाड़ी हैं, जानते हैं कि क्या करना है, वो तैयार हैं. अगर आप उनकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे तो वो अच्छी तैयारी कर रहे हैं. मुझे लगता है कि वो तैयार हैं. सभी खिलाड़ियों ने अपना फिटनेस टेस्ट दिया है और सीरीज के लिए तैयारी पूरी है.'

**महिला विश्व कपः**

## मैच से पहले बोली इंग्लैंड की कप्तान, इस भारतीय बल्लेबाज को रोकना आसान नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार को होने वाले महिला वनडे विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले इंग्लैंड टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का नाम है स्मृति मंधाना। भारतीय उप-कप्तान हाल ही में अपनी शानदार फॉर्म में लौटी हैं और विपक्षी कप्तान हीथर नाइट मानती हैं कि उन्हें बल्ले से शांत रखना इंग्लैंड के लिए सबसे मुश्किल काम होगा। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में 80 रनों की दमदार पारी खेली थी, भले ही वह मैच भारत हार गया हो। लेकिन इस प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया कि बाएं हाथ की यह स्टार बल्लेबाज एक बार फिर अपने रंग में लौट आई हैं। टीम इंडिया चाहेगी कि मंधाना और हरमनप्रीत कौर इंग्लैंड के खिलाफ रन बरसाएं और टीम को जीत की राह दिखाएं।

**वो अब भी वही पुरानी स्मृति है-हीथर नाइटः** इंग्लैंड की अनुभवी बल्लेबाज और कप्तान हीथर नाइट ने कहा, जब मैंने पहली बार उसके खिलाफ खेला था, तब से लेकर अब तक उसमें बहुत कुछ वैसा ही है।

वह अब भी वही पुरानी स्मृति है- शांत, आत्मविश्वासी और बेहद खतरनाक। बल्ले से उसे रोकना आसान नहीं होगा, और यही हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

नाइट ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरमन का जुनून और ऊर्जा भारत को एक खतरनाक टीम बनाते हैं। उन्होंने कहा, हरमन और स्मृति दोनों बिल्कुल अलग हैं- एक जहां शांत और स्थिर है, वहीं दूसरी आग और जोश से भरी हुई। हरमन का जोश टीम को प्रेरित करता है, और उनके खिलाफ खेलना हमेशा कठिन रहता है।

**मंधाना की विनम्रता पर मुग्ध नाइटः** हीथर नाइट ने स्मृति के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, जब मैंने उसे पहली बार देखा, तो मुझे लगा कि यह लड़की बहुत खास है। वह चाहे जितनी प्रसिद्ध हो गई हो, लेकिन उसका व्यवहार अब भी विनम्र है।

यह बात मुझे हमेशा प्रभावित करती है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने स्मृति के साथ इंग्लैंड की वेस्टर्न स्टॉर्म टीम में और बाद में आरसीबी के लिए भी खेला था। पहला डब्ल्यूपीएल सीजन उसके लिए मुश्किल था, लेकिन जिस तरह से उसने अगले साल वापसी की, वह उसके मजबूत इरादों की मिसाल है। भारत में वह सचमुच एक 'रॉकस्टार' है लेकिन इसके बावजूद जमीन से जुड़ी हुई।

**इंग्लैंड की कप्तान साइवर-ब्रंट ने भी जताई चिंताः** इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने भी माना कि भारत के खिलाफ मुकाबला रोमांचक होगा। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत अगर अपने ज़ोन में आ गईं तो उन्हें रोकना लगभग नामुमकिन है।

## भारत के खिलाफ ओडीआई सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले करारा झटका लगा है. ऑस्ट्रेलिया कुल मिलाकर ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाह रहा था, क्योंकि उनके कई स्टार खिलाड़ी पहले ही सीरीज से बाहर हैं. अब इंजरी के कारण यह स्टार ऑलराउंडर भी बाहर हो गया है.



**स्टार ऑलराउंडर बाहर...**

दरअसल, अ टीम के स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन चोट के कारण तीन मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं. ग्रीन को ट्रेनिंग के दौरान हल्की साइड स्ट्रेन (पेट के पास खिंचाव) की शिकायत हुई थी, जिसके चलते वे नहीं खेल पाएंगे. उनकी जगह टॉप ऑर्डर बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है. सीरीज की शुरुआत रविवार (19 अक्टूबर) से पर्थ में हो रही है. मार्नस लाबुशेन को शुरू में ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के चलते अब उन्हें मौका दिया गया है. कैमरन ग्रीन की यह नई चोट ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका है. हाल ही में वह पीठ की चोट से उबरकर दोबारा गेंदबाजी करने लौटे थे. अपने पिछले वनडे मैच में उन्होंने 118* रन की बेहतरीन पारी खेली थी, जिससे टीम को काफी उम्मीदें थीं. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की ओर से जो बयान आया है, उसके मुताबिक- कैमरन ग्रीन की चोट मामूली है और वे इस महीने के अंत तक घरेलू क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं, ताकि अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले एशेज टेस्ट की तैयारी कर सकें.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा- ग्रीन थोड़े समय के लिए रिहैबिलिटेशन करेंगे और शेफील्ड शील्ड के राउंड तीन में कमबैक की प्लानिंग है.

## विराट कोहली संग खेलने का टूटा था सपना, अब डेब्यू पर एमबीएस्टूडेंट ने जड़ा दोहरा शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 में दिल्ली की टीम अपना पहला मुकाबला हैदराबाद के खिलाफ खेल रही है. हैदराबाद के नेक्सजेन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे एलीट ग्रुप-डी के इस मुकाबले में दिल्ली के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया है. दिल्ली ने अपनी पहली पारी 529/4 के स्कोर पर घोषित की. दिल्ली की तरफ से युवा बल्लेबाज आयुष दोसेजा ने 279 गेंदों पर 209 रनों की पारी खेली, जिसमें 25 चौके और पांच छक्के शामिल रहे. आयुष का ये फर्स्ट क्लास में डेब्यू मुकाबला है, जिसे उन्होंने यादगार बना दिया. दिल्ली के लिए सनत सांगवान ने भी दोहरा शतक जड़ा.

सनत ने 21 चौके और तीन छक्के की मदद से 470 गेंदों पर नाबाद 211 रन बनाए. आयुष दोसेजा का फर्स्ट क्लास डेब्यू आठ महीने पहले ही हो गया रहता, तब विराट कोहली भी दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलने उतरे थे. लेकिन मैच से एक दिन दोसेजा का टखना मुड़ गया और डेब्यू का सपना तब अधूरा रह गया. अब उसी अधूरे सपने को उन्होंने नए अंदाज में पूरा किया. आयुष ने इस दौरान सनत सांगवान के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 319 रनों की साझेदारी की, जिसने दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया.

**इस खिलाड़ी ने भी डेब्यू पर जड़ा दोहरा शतकः** आयुष दोसेजा की तरह गोवा के अभिनव तेजराणा ने चंडीगढ़ के खिलाफ अपने फर्स्ट क्लास डेब्यू पर दोहरा शतक लगाया.



अभिनव ने 320 गेंदों का सामना करते हुए 2025 रन बनाए, जिसमें 21 चौके और चार छक्के शामिल रहे. एक ही दिन दो डेब्यूटेंट बल्लेबाजों का दोहरा शतक बनाना रणजी इतिहास की एक दुर्लभ घटना मानी जा सकती है.

### कोहली के साथ ना खेल पाने का दर्द बरकरार

आयुष दोसेजा ने कहा कि विराट कोहली के साथ खेलने का मौका छिन जाना उनके लिए काफी दुखद था, लेकिन उन्होंने उसे ही प्रेरणा बना लिया. उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, किस्मत के अपने इरादे थे. विराट सर के साथ खेलने का मौका बस आया और चला गया. लेकिन रणजी डेब्यू पर दोहरा शतक लगाना उस दर्द को काफी हद तक कम कर गया. आयुष दोसेजा ने इस इनिंग्स का श्रेय साथी खिलाड़ी सनत सांगवान को भी दिया. दोसेजा कहते हैं, हमने अंडर-23 और अंडर-24 क्रिकेट एक साथ काफी खेली है. हमें पता था कि अगर सकारात्मक तरीके से क्रिकेट खेलेंगे तो रन अपने-आप आएंगे. दिलचस्प बात यह है कि आयुष क्रिकेट के साथ-साथ स्क्र की पढ़ाई भी कर रहे हैं. आयुष दोसेजा ने बताया, मैं मेरठ की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से एमबीए कर रहा हूं..

# क्रिकेट का नया फॉर्मेट इस दिन होगा लॉन्च, ये हैं नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में आए दिन कोई न कोई बदलाव होते रहते हैं, लेकिन इस बार एक नए फॉर्मेट का जन्म हुआ है. जो क्रिकेट के रोमांच को और ज्यादा बढ़ा देगा. इसके लिए वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी सर क्लाइव लॉयड, साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह को टेस्ट ट्वेंटी फॉर्मेट के सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया. इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स के पूर्व सीईओ माइकल फोर्डहम को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है.

**क्या है नया फॉर्मेट?**

टेस्ट ट्वेंटी फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट के पहलुओं को टी20 के साथ मिलाने की कोशिश करेगा. ये दुनिया का पहला 80 ओवर का फॉर्मेट होगा.

हालांकि दोनों टीमों को एक साथ 40 ओवर खेलने के बजाय उनको 20-20 ओवर की दो पारियां खेलने का मौका मिलेगा.



इसके लिए प्रत्येक टीम दो बार बल्लेबाजी करेगी, ठीक वैसे ही जैसे टेस्ट मैच में होता है. इसमें टेस्ट और टी20 क्रिकेट दोनों के नियम लागू होंगे. इसमें सभी चार परिणाम जीत, हार, टाई या ड्रॉ संभव हो सकते हैं.

**टेस्ट ट्वेंटी कब शुरू होगा?**

टेस्ट ट्वेंटी का पहला सीजन जनवरी 2026 में शुरू होगा. इसमें 6 फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी. जिनमें से तीन भारत से और तीन दुबई, लंदन और संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेंगी. प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी होंगे.

इस नए फॉर्मेट का आधिकारिक उद्घाटन 16 अक्तूबर किया गया. टेस्ट ट्वेंटी द वन वन सिक्स नेटवर्क के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव बहिरवानी के दिमाग की उपज है. इस फॉर्मेट का पूर्व क्रिकेटरों ने काफी तारीफ की है.

**पूर्व खिलाड़ियों ने क्या कहाः** 1उथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा कि टेस्ट ट्वेंटी से क्रिकेट में रोमांच और बढ़ेगा. इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी इसमें भरपूर मौका मिलेगा. वेस्टइंडीज के दिग्गज सर क्लाइव लॉयड ने कहा कि क्रिकेट के हर युग में रहने के बाद मैं ये कह सकता हूं कि खेल ने हमेशा खुद को ढाला है, लेकिन कभी इतनी सोच-समझकर नहीं. टेस्ट ट्वेंटी इस खेल की कला और लय को वापस लाता है, साथ ही इसे आधुनिक ऊर्जा से जीवंत रखता है.

## संक्षिप्त समाचार

### 2029 से पहले साफ हो जाएगी यमुना... गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की लाइफलाइन माने जाने वाली यमुना नदी, जो सालों से प्रदूषण की मार झेल रही है। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले यमुना पूरी तरह स्वच्छ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ये लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। एक चैनल के कार्यक्र म में अमित शाह ने कहा कि यमुना को शुद्ध करना वोट बैंक का मुद्दा नहीं है। यमुना की सफाई करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का विषय है। उन्होंने कहा कि यमुना जी की ही कृपा है जो उनके किनारे के सभी राज्यों में हमारी सरकार है। उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी के प्रयागराज में यमुना मिलती है। ये सभी राज्य आज भाजपा शासित ही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि अभी छठ दूज-यम द्वितीया पर लाखों लोग यमुना घाट पर जाते हैं लेकिन प्रदूषण की वजह से यमुना में स्नान नहीं कर पाते। उन्होंने कहा, आप इस बात को मान कर चलिए कि 2029 के चुनाव से पहले यमुना शुद्ध हो जाएगी। भाई दूज के दिन कोई भी भाई यमुना में जाकर स्नान कर पाएगा।

### कर्तव्य पथ दो लाख दीपों से जगमगाएगा, भव्य दीवाली की तैयारी; सीएम का ऐलान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली भारत की क्रिएटिव कैपिटल बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि अगले 80 दिनों में दिल्ली में तीस से ज्यादा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। दीवाली पर कर्तव्य पथ को दो लाख दीयों से सजाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन आयोजनों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया गया है। इसके अलावा 20 से अधिक चौराहों को सजाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यटन तथा कला संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि ट्रैविस स्कॉट, कृष्ण दास, जाकिर खान, पैपोन, एपी ढिल्लों, अरमान मलिक, जोनिता गांधी, राधिका दास दिल्ली में कार्यक्रम करेंगे। यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है। सीएम ने कहा कि राज्यों के लिए कॉन्सर्ट इकॉनमी महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है। इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। सरकार ने इसे समझा है कि केंद्र और दिल्ली सरकार के अधीन सभी प्रमुख स्टेडियम जैसे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम और छत्रसाल स्टेडियम के टैरिफ रेट कम किए जाएं और उनकी सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाए। रेखा गुप्ता ने कहा कि अनुमति, सुरक्षा और दूसरे इंतजाम की प्रक्रिया को सरल किया गया है। दिल्ली में कार्यक्रमों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इसका सफल उपयोग कांवड़ यात्रा, रामलीला, दुर्गा पूजा और छठ पर्व के आयोजन में हो चुका है। इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। इसी मॉडल को इवेंट सेक्टर में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मनोरंजन उद्योग करीब 150 अरब रुपये का है। दिल्ली सरकार बड़े चौराहों को सजाएगी। इंडिया गेट पर दो दिन का भव्य आयोजन होगा। इसके साथ प्रमुख चौराहों पर लाइटिंग की जाएगी। सिग्नेचर ब्रिज, मंडी हाउस, आईटीओ समेत शहर की प्रमुख इमारतों और चौराहों को सजाया जाएगा।

# खुलेआम बिक रहे बैन पटाखे, लाइसेंस तक लेने को तैयार नहीं कारोबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दीवाली की चमक के बीच पटाखों का बाजार गर्म है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के ताजा नियमों ने इस बार व्यापारियों के उत्साह पर पानी फेर दिया है। कोर्ट ने दीवाली के लिए ग्रीन पटाखों की बिक्री को हरी झंडी दी, लेकिन दिल्ली के व्यापारी इस मौके को भुनाने में ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहे। गुरुवार को शुरू हुई दो दिन की लाइसेंस प्रक्रिया में सिर्फ 15 व्यापारियों ने आवेदन किया। आखिर क्या है इस बेरुखी की वजह? चलिए समझते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए 18 से 20 अक्टूबर तक का समय दिया है और इन्हें जलाने की इजाजत भी सिर्फ दो खास समय-सीमाओं में दी है- 19 और 20 अक्टूबर को सुबह 6 से 7 और रात 8 से 10 बजे। लेकिन दिल्ली के बाजारों में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। सआदत बाजार से लेकर लाजपत नगर तक, सड़कों पर चकाचौंध करने वाले पटाखों की बिक्री जोरों पर है, वो भी बिना किसी लाइसेंस के। फुलझड़ियों से लेकर आसमान छूने वाले रॉकेट तक, सब कुछ खुलेआम बिक रहा है। लाइसेंस लेने की प्रक्रिया




भी कोई आसान नहीं है। व्यापारियों को दिल्ली के 15 डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस में से किसी एक के पास आवेदन करना पड़ता है, साथ में ढेर सारे दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। जिसमें एफिडेविट, फायर डिपार्टमेंट से एनओसी, साइट प्लान और 200 रुपये का बैंक ड्राफ्ट शामिल है। इसके बाद स्थानीय पुलिस स्टेशन से वेरिफिकेशन भी करवाना पड़ता है। सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि इस प्रक्रिया को सिर्फ दो दिन में करना है। इसी वजह से दिल्ली के 15 पुलिस जिलों में से छह नई दिल्ली, साउथईस्ट, द्वारका, ईस्ट, नॉर्थवेस्ट और आउटर में एक भी आवेदन नहीं आया। सबसे ज्यादा आवेदन साउथवेस्ट जिले में आए, वो भी सिर्फ तीन।

**ग्रीन पटाखों की कमी, नकली लेबल का खेल:** बाजार में ग्रीन पटाखों की कमी भी व्यापारियों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। तीन दशकों से पटाखे बेच रहे सीलमपुर के एक थोक व्यापारी हरि शंकर ने कहा, लाइसेंस मिल भी जाए, तो ग्रीन पटाखे कहां से लाएं? थोक में सप्लाई ही नहीं है। मैंने तो आवेदन कर दिया, लेकिन ये बस एक जोखिम है। वहीं, कुछ व्यापारी नकली ग्रीन पटाखों के खेल में भी उलझे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बाजार में नकली क्यूआर कोड और फर्जी लेबल वाले पटाखे खूब बिक रहे हैं।

लाजपत नगर के एक व्यापारी ने बताया कि वो ऑनलाइन ऑर्डर भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को पता है कि दुकान में ज्यादा स्टॉक रखने से पकड़े जाएंगे। इसलिए हम स्टॉक छुपाते हैं और ग्राहकों को उनके घर या पास की जगह पर डिलीवरी देते हैं। आज ही 10 ऑर्डर मिल चुके हैं। ग्रेटर कैलाश के एक छोटे से स्टॉल वाले ने कहा, लोग कई दिनों से खरीद रहे हैं। अब लाइसेंस के लिए क्या भागदौड़ करें?

दिल्ली पुलिस ने नियमों को लागू करने के लिए स्पेशल टीमें बनाई हैं। स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, बैन किए गए पटाखों की बिक्री या इस्तेमाल, चाहे ऑनलाइन हो या कूरियर से, सख्त कार्रवाई को बुलावा देगा। लेकिन हकीकत में ये इतना आसान नहीं है। पिछले साल, जब पूरी तरह से पटाखों पर बैन था, तब भी लोग खुलेआम पटाखे जला रहे थे। एक हेड कांस्टेबल ने बताया, लोग गाजियाबाद और गुरुग्राम से पटाखे लाए। कुछ ने तो हम पर जलते हुए पटाखे तक फेंके जब हमने रोकने की कोशिश की।

## दिल्ली पुलिस का नया फैसला

# हर यूनिट के 80 प्रतिशत कर्मी सड़कों पर रहेंगे सक्रिय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारों के बीच दिल्ली पुलिस ने एक बड़ा फैसला लिया है। सभी यूनिटों में अब फील्ड और ऑफिस ड्यूटी का अनुपात 80:20 होगा। राजधानी के हर यूनिट में करीब 80 फीसदी पुलिसकर्मी सड़क पर सक्रिय रहेंगे, जबकि 20 फीसदी ऑफिस का काम संभालेंगे।


पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने सभी यूनिटों का ऑडिट कराने के बाद यह निर्णय लिया है। इसके लिए दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने यूनिट प्रमुखों को निर्देश दिया है कि 80-20 अनुपात जल्द से जल्द लागू किया जाए। ऐसा होने पर दिल्ली पुलिस देश की पहली ऐसी पुलिस बन जाएगी, जिसमें हर यूनिट में यह अनुपात सुनिश्चित होगा।

दरअसल, ऑडिट में कुछ यूनिटों में फील्ड में पर्याप्त कर्मी नहीं पाए गए थे। कुछ यूनिटों में यह संख्या 40 से 60 फीसदी तक ही थी। अनुपात में यह कमी कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग पर असर डाल रही थी। इसलिए पुलिस कमिश्नर ने सभी यूनिटों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि फील्ड में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़े।

पुलिस कमिश्नर का जोर है कि फील्ड ड्यूटी में सक्रियता बढ़ने से अपराधियों में डर बना रहेगा और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। इससे पीड़ित को आपात स्थिति में तुरंत मदद मिलेगी और कानूनी कार्रवाई तेज होगी। हादसों से निपटने के लिए दिल्ली दमकल विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार 66 दमकल स्टेशनों से कुल 321 गाड़ियां तैनात की जाएंगी और भीड़भाड़ वाले इलाकों के लिए अतिरिक्त बल की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस ने त्योहार पर भारी भीड़ के कारण यातायात को प्रभावित होने से बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को को सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दीं। विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने कहा कि शहर में अधिकतम तैनाती की गई है। मोटरसाइकिल पर कर्मियों को तैनात किया गया है और छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। हम आने वाले दिनों में भीड़ को प्रबंधित करेंगे।

# दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए विंटर एक्शन प्लान लागू, सर्दी में नहीं होगी दमघोंटू हवा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने 2025-26 के लिए विंटर एक्शन प्लान लागू कर दिया है। यह योजना अक्तूबर से फरवरी के बीच होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनाई गई है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इसमें सात प्रमुख थीम और 25 एक्शन प्वाइंट शामिल हैं। सड़क धूल और निर्माण प्रबंधन, वाहन उत्सर्जन, उद्योग व ऊर्जा क्षेत्र, कचरा व खुले में आगजनी, नागरिक भागीदारी व निगरानी और ग्रीन इनोवेशन इसमें शामिल हैं। सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कदम तय समय सीमा में पूरे हों और ग्रीन वार रूम से उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग हो। उन्होंने कहा कि इस सर्दी प्रदूषण नियंत्रण के नियमों के अनुपालन पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर एक्शन प्लान के निर्देशों का पालन करें।



सरकार ने 86 मैकेनिकल रोड स्वीपर, 300 स्प्रिंकलर और 362 एंटी-स्मॉग गन पहले से ही तैनात किए हैं। इसके अलावा 70 और नए स्वीपिंग मशीन लाए जाएंगे। सरकार की ओर से कहा गया कि 578 टीमें सड़कों पर धुआं, पीयूसी और इंजन चालू रखे जाने के उल्लंघन पर निगरानी कर रही हैं। इसके अलावा 953 पीयूसी केंद्र अब ट्रांसपोर्ट विभाग के डैशबोर्ड से लाइव जुड़े हैं। 500 वर्गमीटर से बड़े हर निर्माण प्रोजेक्ट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। साथ ही 3,000 वर्गमीटर से बड़े प्रोजेक्ट के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना जरूरी।

# भाजपा का झूठ बेनकाब'; आप के सौरभ भारद्वाज ने छठ से पहले दिल्ली में यमुना सफाई पर सीएम को घेरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने छठ पूजा से पहले यमुना नदी की सफाई के तरीकों को लेकर दिल्ली की भाजपा सरकार पर पाखंड करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा ने पहले नदी की सफाई के लिए केमिकल के इस्तेमाल का विरोध किया था, लेकिन अब खुद वही तरीके अपना रही है।

सौरभ भारद्वाज ने याद दिलाया कि 2022 में छठ पूजा से पहले अरविंद केजरीवाल सरकार ने यमुना नदी से झाग हटाने के लिए केमिकल का छिड़काव किया था, जिससे छठ पूजा करने वालों के लिए साफ वातावरण सुनिश्चित हुआ। हालांकि, तब भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने इन केमिकल को 'जहरीला' बताते हुए इसकी आलोचना की थी।

'आप' के दिल्ली अध्यक्ष ने




कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री जिस तरह से दिल्ली की जनता से झूठ बोल रही हैं, हमने उसका पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है। 2022 में छठ पूजा से पहले, जब अरविंद केजरीवाल की सरकार ने यमुना में झाग हटाने के लिए केमिकल का छिड़काव किया था तो प्रवेश वर्मा वहां आए और कहा कि यह केमिकल यमुना को जहरीला बना देगा। भारद्वाज ने आगे कहा, आज, वही केमिकल जिसे उन्होंने दो साल पहले जहरीला बताया था... वही केमिकल दिल्ली जल बोर्ड ने एक टेंडर के जरिये मंगवाया है। भारद्वाज ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने इस 'झूठ का पूरी तरह से पर्दाफाश' कर दिया है कि कैसे 2022 में छठ पूजा से पहले यमुना की सफाई के प्रयासों को लेकर भाजपा नेताओं ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा निशाना बनाया था। भारद्वाज ने कहा, इस तरह, उनका झूठ उजागर हो गया है, द्वेष के कारण, उन्होंने छठ भक्तों को परेशान करने के लिए दिल्ली सरकार को झाग हटाने की अनुमति नहीं दी थी ताकि झाग बने रहें और छठ पूजा न मनाई जाए। 'आप' नेता का यह बयान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा गुरुवार को कालिंदी कुंज छठ घाट पर आगामी छठ पर्व की तैयारियों का जायजा लेने के बाद आया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था कि राजधानी में छठ पर्व मनाने वाली महिलाएं इस वर्ष गंदगी रहित और झाग मुक्त यमुना में सूर्य देव की पूजा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के उपायों से नदी की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

छठ पर्व शनिवार, 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ शुरू होगा। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना कहलाता है, जो 26 अक्टूबर को है। डूबते सूर्य को अर्घ्य 27 अक्टूबर को और उगते सूर्य को अर्घ्य 28 अक्टूबर को दिया जाएगा।

## यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए जल्द बुडापेस्ट में मुलाकात

# ट्रंप-पुतिन के बीच टेलीफोन पर हुई लंबी बातचीत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल ही में हुई टेलीफोन बातचीत को ÷बहुत ही उपयोगी÷ बताया। उन्होंने कहा कि पुतिन ने उन्हें और अमेरिका को मध्य पूर्व में शांति स्थापना के लिए बधाई दी। पुतिन ने इसे सदियों का सपना बताया।

**उच्च स्तरीय बैठक और बुडापेस्ट की योजना:** ट्रंप ने कहा कि दोनों पक्षों ने अगले सप्ताह उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित करने पर सहमति जताई है। इन बैठकों का नेतृत्व सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो और अन्य अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक का स्थान अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसके बाद राष्ट्रपति स्तर की मुलाकात बुडापेस्ट,



हंगरी में होगी। इसका मुख्य उद्देश्य है कि यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे ÷अप्रशंसनीय÷ युद्ध को समाप्त किया जा सके।

ट्रंप ने कहा कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में मिलेंगे। इस बैठक में पुतिन के साथ हुई बातचीत और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। जेलेंस्की पहले ही जोर दे चुके हैं कि टॉमहॉक मिसाइलों की बिक्री से यूक्रेन को रूस के गहरे इलाकों में हमला करने में मदद मिलेगी। उनका तर्क है कि इससे पुतिन पर दबाव बढ़ेगा और वह डायरेक्ट वार्ता के लिए गंभीर होंगे। ट्रंप ने बताया कि पुतिन ने फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप के बच्चों के लिए किए गए काम की सराहना की और कहा कि यह बहुत ही सराहनीय है। पुतिन ने आश्वासन दिया कि इस तरह के कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे।

दोनों नेताओं ने युद्ध के बाद अमेरिका और रूस के बीच संभावित व्यापार के अवसरों पर भी चर्चा की।

ट्रंप ने कहा कि इस टेलीफोन वार्ता से दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक और जेलेंस्की के साथ की जाने वाली चर्चा युद्ध को समाप्त करने और शांति स्थापित करने में मदद करेगी।

# इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित

**उरुग्वे , एजेंसी।** उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, ''जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।'' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया। इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है, लेकिन उरुग्वे में ऐसा नहीं है।

# फ्रांस में सियासी संकट: बाल-बाल बची मैक्रों की सरकार

## सदन में प्रधानमंत्री लेकोर्नु के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव गिरे

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस का ताजा सियासी संकट फिलहाल टल गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री सेबस्टियन लेकोर्नु गुरुवार को लगातार अविश्वास प्रस्तावों से बच गए। इससे सरकार गिरने का खतरा टल गया और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को कुछ समय के लिए राहत मिल गई। हालांकि, अब भी देश का बजट पारित कराना असली चुनौती है।

हालात में थोड़ी स्थिरता जरूर आई है। लेकिन संकट पूरी तरह टला नहीं है। यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अब भी एक अल्पमत वाली सरकार चला रही है। ससंद में कोई एक पार्टी या गठबंधन बहुमत में नहीं है। अब हर बड़ा कानून आखिरी समय पर होने वाली सौदेबाजी पर निर्भर हो गया है और अगली बड़ी परीक्षा सालाना बजट पारित कराना है, जिसे साल खत्म होने से पहले पास करना जरूरी है।

संसद में ड्रामा

गुरुवार को 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में सांसदों ने वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबोउड की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। प्रस्ताव के पक्ष में 271 वोट पड़े, जो सरकार गिराने के लिए जरूरी 289 वोटों से 18 कम थे। दूसरा अविश्वास प्रस्ताव दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली की ओर से लाया गया, जो विफल हो गया। अगर लेकोर्नू यह वोट हार जाते, तो राष्ट्रपति मैक्रों के सामने नए संसदीय चुनाव कराने, एक और नया प्रधानमंत्री खोजने (जो एक साल में फ्रांस का पांचवां प्रधानमंत्री होता) या खुद इस्तीफा देने जैसे कुछ ही कठिन और अप्रिय विकल्प बचते, जिससे वह पहले ही इनकार कर चुके हैं।

**फ्रांस इस स्थिति तक कैसे पहुंचा?:** जून 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा नेशनल असेंबली को भंग करने का



फैसला उनके लिए उल्टा साबित हुआ। इसके बाद जो संसदीय चुनाव हुए, उसमें निचले सदन में मैक्रों के विरोधी नेता तो बड़ी संख्या में चुनकर आ गए, लेकिन किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। तबसे मैक्रों की अल्पमत सरकार एक-एक विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है और लगातार गिर जा रही है। यह स्थिति फ्रांस की पांचवीं गणराज्य की राजनीतिक व्यवस्था से मेल नहीं खाती है, जिसकी नींव 1958 में शार्ल द गॉल के नेतृत्व में रखी गई थी। यह व्यवस्था एक मजबूत राष्ट्रपति और स्थिर संसद के बहुमत के लिए बनाई गई थी, न कि गठबंधन की सौदेबाजी या बिखरी हुई संसद के लिए।

अब जब कोई भी एक दल या गठबंधन 289 सीटों के पूर्ण बहुमत के करीब भी नहीं है, तो यह पूरी राजनीतिक व्यवस्था अपनी मूल संरचना के खिलाफ जाकर काम कर रही है। हर बड़ा वोट एक तनावपूर्ण मुकाबला बना रहा है और फ्रांस की शासन व्यवस्था को लेकर बुनियादी सवाल उठ रहे हैं। फ्रांसीसी मतदाताओं और पर्यवेक्षकों के लिए यह स्थिति चौंकाने वाली है। जो देश कभी यूरोप की स्थिरता का मॉडल माना जाता था, वह अब एक संकट से दूसरे संकट में फंसते चला जा रहा है।

### पेंशन कानून बना अहम मुद्दा

विपक्षी दलों के कुछ सांसदों का समर्थन पाने के लिए प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने राष्ट्रपति मैक्रों के 2023 के प्रमुख पेंशन कानून को धीरे-धीरे लागू करने का प्रस्ताव रखा। इस कानून के तहत सेवानिवृत्ति की उम्र 62 से बढ़ाकर 64 की जानी है। इस देरी से कानून के पूरी तरह लागू होने की समयसीमा लगभग दो साल आगे खिसक सकती है। इससे उन लोगों पर तुरंत असर नहीं पड़ेगा, जो अभी सेवानिवृत्ति के करीब हैं। सरकार का कहना है कि इस देरी से अगले साल करीब 400 मिलियन यूरो (430 मिलियन डॉलर) का अतिरिक्त खर्च आएगा और 2027 तक यह लागत बढ़कर 1.8 बिलियन यूरो (1.9 बिलियन डॉलर) हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि इन खर्चों की भरपाई के लिए अलग से प्रबंध किया जाएगा। फ्रांस में कई लोगों के लिए पेंशन का मुद्दा बहुत संवेदनशील है। 2023 के इस पेंशन कानून ने बड़े विरोध प्रदर्शनों और हड़तालों को जन्म दिया, जिससे पेरिस की सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए। इसके बाद सरकार ने अनुच्छेद 49.3 का सहारा लिया, जो प्रधानमंत्री को बिना संसद के वोट के कानून पारित कराने का विशेष सांविधानिक अधिकार देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम के तहत कॉलोनी की सफाई

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा आज फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम के तहत डीवीसी कॉलोनी की सफाई की गई। इस अवसर पर आज सुबह प्लांट के मुख्य द्वार के समक्ष डीवीसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों के अलावा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों आदि एकत्रित हुए और कॉलोनी की सफाई की। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा, उप महाप्रबंधक राजीव रंजन ओझा, रंजीत कुमार चौबे, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप समादेष्टा मोहम्मद मेहरून इस्लाम लश्कर, वरिष्ठ प्रबंधक सत्येंद्र कुमार, प्रबंधक राजकुमार चौधरी, प्राचार्य अमूल्य सिंह सरदार, अक्षय कुमार, सत्येंद्र नारायण सिंह, विपत मांझी, रवि रंजन सिंह, मुकेश गुप्ता, पार्थो गोयीन सहित दर्जनों कर्मियों ने शहर की सफाई की।



### इस्पातांचल स्वदेशी मेला का संरक्षक होंगे सांसद धनबाद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच का एक डेलीगेट क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो से मिलकर इस्पातांचल स्वदेशी मेला के संरक्षक बनने के लिए निवेदन किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उन्होंने स्वदेशी मेला को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अजय कुमार चौधरी सुधीर राय,अजय कुमार सिंह, संघर्ष वाहिनी प्रमुख एंव धनबाद के जिला संयोजक सफल झा शामिल थे। मेला की चर्चा करते हुए अजय चौधरी ने सांसद से कहा कि यह मेला का पिछले 24 साल से लगातार आयोजन होता आ रहा है। पिछले दो वर्षों से कई तरह की बाधाएं उत्पन्न की जा रही है। सांसद ने आश्वासन दिया कि स्वदेशी के प्रचार प्रसार के लिए जो भी बाधाएं होगी उसे दूर किया जाएगा । उन्होंने कहा कि आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आह्वान किया है की स्वदेशी अपनाओ भारत का सपना हर घर स्वदेशी हो अपना । डीके मिश्रा ने कहा जब भी सांसद महोदय से सहयोग की आवश्यकता होगी निश्चित रूप से को सहयोग करेंगे.

### रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता कला कौशल और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देना है। छात्रों ने चावल फूलो की पंखुड़ियों रंगबिरंगे रंगों और प्राकृतिक सामग्रियों का प्रयोग कर सुन्दर और आकर्षक रंगोलियाँ बनाई। छात्रों ने अद्भुत रंगों की अद्भुत रूपरेखा, डिजाइन और कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रचनात्मकता दिखाने में एक-दूसरे को पीछे छोड़ दिया। प्रथम पुरस्कार ग्रुप ए (वाचस्पति सदन ) ने जीता, जबकि ग्रुप बी ( भारती सदन ) एवं ग्रुप सी ( बिरसा सदन ) ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान ग्रुप डी ( विद्यापति सदन ) ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडली में मनोज कुमार दुबे एवं सीमा कुमारी ने अपने अनुभव का परिचय दिया` चेयरमैन श्री राजेंद्र कुमार ने अपने संवाद में कहा कि रंगोली ना केवल एक कला है बल्कि भारतीय परम्परा का प्रतिक भी है , साथ ही पुरे स्कूल परिवार को उन्होंने दिवाली की शुभकामना दिए। सचिव दिलीप कुमार झा ने अपने संवाद में विजेताओं को बधाई देते हुए उनके शानदार रचनात्मक प्रदर्शन की प्रशंसा की। एकेडमिक कॉर्डिनेटर देव दुलाल मित्रा ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दृष्टिहीन बालक मैसा पहाड़िया को मिली नई रोशनी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बॉक्सा ट्रस्ट द्वारा 17 वर्षीय दृष्टिहीन मैसा पहाड़िया की आंखों का ऑपरेशन कराया गया, जिसके बाद वह अब दुनिया देख सकता है। बॉक्सा ट्रस्ट के ट्रस्टी कपिल देव भगत ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मैसा पहाड़िया जन्म से दृष्टिहीन था। बॉक्सा ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता एवं अरविंद चोपड़ा की पहल से मैसा का 16 अक्टूबर को पुरुलिया के एक अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया। मैसा अब देख सकता है। बॉक्सा की इस अनुकरणीय कार्य का लोग सराहना कर रहे हैं।



### छठ घाटों का कार्यपालक दंडाधिकारी ने लिया जायजा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा के निदेर्शानुसार कार्यपालक दंडाधिकारी (ईएम) सत्यबाला सिन्हा ने बी. एस. सिटी क्षेत्र के सेक्टर वन-सी तालाब, सिटी पार्क वन भोज छठ घाट,कैंप टू तिरंगा पार्क छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर चल रहे सफाई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### दीपावली से पहले मिठाइयों में मिलावट का भंडाफोड़

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर में मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने बेकारबांध स्थित बसंत मिष्ठान भंडार और राजा नमकीन की दुकानों पर छापेमारी कर मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की। जांच में यह पाया गया कि दुकानों में बिक रहे लड्डू में चंपई रंग का प्रयोग किया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर डॉ. राजा कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान पाए गए मिलावटी मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चंपक रंग एक कैंसर कारक रासायनिक पदार्थ है, जिसका सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। फिलहाल दुकानदारों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है, लेकिन दोबारा ऐसी गलती पाए जाने पर उनके खिलाफ जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# कंपनियां नियोजन के लिए स्थानीय नियोजनालय से करें संपर्क, एसओपी का पालन जरूरी: मंत्री




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को पेटरवार स्थित जल संसाधन विभाग के गेस्ट हाउस सभागार में सीसीएल एवं ओएनजीसी के महाप्रबंधक, प्रबंधक व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सीसीएल और ओएनजीसी के पदाधिकारी व प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**स्थानीय युवाओं - विस्थापितों को मिले रोजगार**

मंत्री ने कहा कि कंपनियां अपने मानवबल की भर्ती के लिए स्थानीय नियोजनालय से संपर्क करें ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। उन्होंने सभी कंपनियों को राज्य सरकार द्वारा बनाए गए एसओपी का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में कोयला ढुलाई कार्य में भी स्थानीय युवाओं झ्र विस्थापित परिवारों के सदस्यों का वाहन इस्तेमाल में लाने, उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात कहीं।

**समस्याओं का सामना करें, समाधान निकालें - उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि कंपनियां समस्याओं से भागें नहीं, बल्कि उनका सामना करें, उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपने झ्र अपने क्षेत्र के प्रभावित गांवों को रेड और ऑरेंज जोन में बांटकर उनके लिए कार्य करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित सीएसआर नोडल पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार को कंपनियों के कार्य क्षेत्र में प्रदूषण मापक उपकरण लगाने की कार्रवाई करने को कहा, ताकि पर्यावरण की स्थिति पर नजर रखी जा सके।

**आगामी एक माह में स्थानीय समस्याओं का करें समाधान**

बैठक क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया गया कि सीसीएल की सभी इकाइयां कथारा, ढ़ोरी और बीएनके क्षेत्र आगामी एक माह में अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं का समाधान करें। इन कार्यों की निगरानी एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ के नेतृत्व में गठित टीम करेगी। उन्होंने एसडीओ बेरमो को प्रति महीने अनुमंडल स्तर पर समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने व स्थानीय समस्याओं के समाधान में पहल करने को कहा।

**आउटसोर्सिंग कंपनियां भी करें एसओपी का पालन, श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं**

माननीय मंत्री ने सीसीएल और ओएनजीसी कंपनियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों से भी एसओपी का पालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यरत सभी श्रमिकों को पीएफ, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और बीमा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**सीएसआर परियोजनाएं जिला समिति से स्वीकृत होने के बाद ही शुरू हों**

बैठक में विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा हुई। इस क्रम में मंत्री ने सभी योजनाएं जिला स्तरीय सीएसआर समिति से अनुमोदन के बाद ही शुरू हो, इसे सुनिश्चित करने को कहा। इस पर उपायुक्त ने कहा कि पिछले दिनों आयोजित बैठक में ही इस पर चर्चा करते हुए सभी कंपनियों को इस बाबत निर्देशित किया गया है। आगे सीएसआर की कोई भी योजना, कंपनियां जिला से अनुमोदन के बाद ही शुरू करेंगी। इससे परियोजनाओं की पारदर्शिता और सही दिशा में उपयोग सुनिश्चित होगा।

**झिरकी गांव में भूमिगत आग का होगा वैज्ञानिक सर्वे**

मंत्री ने झिरकी गांव में चल रही भूमिगत कोयला आग की समस्या पर मंत्री ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि कंपनी इस आग को बुझाने के दिशा में सकारात्मक पहल करें। इस पर उपायुक्त ने सीसीएल कथारा के महाप्रबंधक श्री संजय कुमार को पूरे क्षेत्र का वैज्ञानिक सर्वे और मैपिंग कराने को कहा। भविष्य की क्या कार्ययोजना है उसका विस्तृत प्रतिवेदन आगामी 17 नवंबर तक जिला को समर्पित करने को कहा। इसी क्रम में सीसीएल क्षेत्र में विद्युतापूर्ति के लिए लगे तार झ्र पोल जर्जर को दुरूस्त करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उक्त के अलावा 41 व्यक्ति का भूख हड़ताल - बुटकी बाई, कोयला निकालने के उपरांत खदान के गड्ढों को समतलीकरण, प्रभावित विस्थापितों एवं अन्य गांवों में सी.एस.आर फंड से विकास कार्य, आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा कार्य से नहीं बैठाने आदि के संबंध में चर्चा हुई और जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। बैठक के अंत में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रशासन और कंपनियां संयुक्त काम करें तो ही क्षेत्र का विकास संभव है। उन्होंने कहा, समस्याओं का समाधान सभी के सहयोग से ही हो सकता है। स्थानीय जनता को विकास का लाभ मिलना चाहिए। स्थानीय लोगों का नियोजन शत प्रतिशत सुनिश्चित करें।

## जनता दरबार में कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 25 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास/नावाडीह, बीएसएल, जिला समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन आदि उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन और आजीविका के नवाचार पर गोष्ठी का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जलवायु परिवर्तन और आजीविका के नवाचार विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन सारथी नेटवर्क बोकारो और प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जैनामोड स्थित एक होटल में किया गया। इस गोष्ठी में वक्ताओं ने झारखंड में कोयला आधारित आजीविका से जस्ट ट्रांजिशन न्यायसंगत परिवर्तन की दिशा में पहल और पारंपरिक कृषि में नवाचार के महत्व पर अपने विचार रखे। जस्टट्रांजिशन पर सार्थक चर्चा कार्यक्रम में दामोदर बचाओ आंदोलन के गुलाब चंद्र ने बोकारो सहित पूरे झारखंड में कोयला आधारित आजीविका से उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ह्यजस्ट ट्रांजिशनह्व (न्यायसंगत परिवर्तन) की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि यह परिवर्तन केवल ऊर्जा के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समुदाय, आजीविका और पारिस्थितिकी के संतुलन की प्रक्रिया है। अंजनी कुमार सिन्हा ने पारंपरिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खेती में नवाचार और पोषण-संतुलित भोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि में नवाचार जलवायु परिवर्तन के दौर में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर सकता है। जस्ट ट्रांजिशन जागरूकता यात्रा की जानकारी देते हुए सहयोगिनी संस्था के गौतम सागर ने बताया कि झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए आगामी 5 से 12 नवंबर तक एक जागरूकता यात्रा आयोजित की जाएगी। प्रदान संस्था की नवाचारी पहलें प्रदान संस्था के पीयूषमय और जुबा ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए आजीविका के क्षेत्र में संस्था द्वारा की जा रही नवाचारी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिश्रित खेती और पुनजीर्वी खेती को बोकारो जिले के नावाडीह, गोमिया, कसमार, पेटरवार, बेरमो और चास प्रखंडों में जस्ट ट्रांजिशन की दिशा में एक विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। गोष्ठी में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सारथी नेटवर्क और साझेदार संस्थाएं मिलकर नियमित रूप से वर्कशॉप और बैठकें आयोजित करेंगी, ताकि कृषि, जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ आजीविका के वैकल्पिक मॉडल को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम को कृषि विशेषज्ञ अंजनी कुमार सिंह तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त आदित्य रंजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मदनडीह बांसजोडा से आए पंकज कुमार ने बीसीसील प्रबंधन द्वारा रैयती जमीन पर जबरन उत्खनन एवं ओबी डंप करने की शिकायत की। तोपचांची से आए विजय कुमार महतो ने गंभीर बीमारी से पीड़ित हेतु चिकित्सा सहायता राशि हेतु उपायुक्त को आवेदन सौंपा, उपायुक्त ने इस मामले में सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर योजना का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा जमीन विवाद, रैयती जमीन की म्यूटेशन करने, पति द्वारा मारपीट करने, बीपीएल कोटे में एडमिशन, सरकारी कुआ जाने के रास्ते को अवरूद्ध करने, ओबीसी प्रमाण बनाने, आर्म्स लाइसेंस निर्गत करने, इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने, सड़क निर्माण, रास्ता से अवैध कब्जा हटाने समेत समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### महाकाली पूजा मंडल परिसर में त्रीवेणी कालीबाड़ी समिति द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.एस. सिटी के कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित महाकाली पूजा मंडल परिसर में त्रीवेनी कालीबाड़ी समिति द्वारा आयोजित स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से स्वास्थ्य जांच शिविरों का लाभ उठाने की अपील की। कैंप में विभिन्न चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, ब्लड शुगर, बीपी, नेत्र परीक्षण आदि सेवाएं प्रदान की गई। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने इस अवसर पर अपनी जांच करवाई और उपयोगी स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। इससे पूर्व, समिति के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, अजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### गया पुल चौड़ीकरण और बरमसिया ओवरब्रिज निर्माण को ले सांसद ने डीआरएम से की मुलाकात

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में गया पुल चौड़ीकरण, क्षतिग्रस्त बरमसिया पुल निर्माण सहित कई रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास के निर्माण कार्य को लेकर सांसद ढुल्लू महतो ने गुरुवार को डीआरएम अखिलेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में सांसद ने कहा कि गया पुल चौड़ीकरण कार्य की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अलावा बरमसिया पुल का पुनर्निर्माण, धनसार-गोबिंदपुर रेल ओवरब्रिज, सोनारडीह ओवरब्रिज और भूली में अंडरपास निर्माण को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनता की सुविधा को देखते हुए सभी जरूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गया पुल चौड़ीकरण और बरमसिया पुल निर्माण को लेकर रेलवे और आरसीडी विभाग के बीच समन्वय हो गया है। उन्होंने कहा कि आरसीडी विभाग जैसे ही निर्माण कार्य शुरू करेगा, रेलवे की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को यात्री चेतना पुरस्कार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को इस वर्ष का प्रतिष्ठित यात्री चेतना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतिष्ठित संस्था चेतना समिति, पटना द्वारा मैथिली के प्रख्यात साहित्यकार वैद्यनाथ मिश्र ह्ययात्रीह्व की स्मृति में वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष यात्री चेतना पुरस्कार मैथिली के ख्याति प्राप्त साहित्यकार को प्रदान किया जाता है। साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को वर्ष 2025 का यात्री चेतना पुरस्कार 3 नवंबर 2025 को विद्यापति भवन, विद्यापति मार्ग, पटना में आयोजित 72वां विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में प्रदान किया जायेगा।

## शहीद मनीन्द्र नाथ मंडल को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को शहीद मैदान सरायढेला में शहीद मनिंदर नाथ मंडल की 31 वीं शहादत दिवस समारोह सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हर वर्ष कि भांति कई निर्धारित कार्यक्रम कई चरणों में किया गया। प्रथम चरण में प्रभात फेरी - प्रात 6 बजे स्थानीय सरायढेला, कोलाकुसमा व अन्य अगल बगल के लोगों द्वारा सरायढेला समाधि स्थल से सरायढेला थाना मोड़ पुनः वहां से कोलाकुसमा मोड़ होते हुए समाधि स्थल पर समाप्ति की गई। द्वितीय चरण - में पंच भद्रांग द्वारा माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें उनके परिवार के सदस्यों ने भी साथ साथ श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मुख्यतः शहीद पत्नी रेखा मंडल,पुत्र सत्यजीत मंडल, पुत्री अनानंदिता मंडल व नतनी अन्ना मंडल तथा पंचभदरांग मागा प्रसाद महतो,प्रताप मल्लिक, बलराम महतो, खेदन महतो व संतोष मंडल शंकर मंडल। तत्पश्चात गण मान्य जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, सरायढेला -कोलाकुसमा दुर्गा पुजा समिति, बुद्धिजीवी,छात्र-महिला मजदूर के संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।तृतीय चरण के कार्य कर्म में सर्व- धर्म प्रार्थना सभा- जिसमें सनातन धर्म के अनुयायी भारत सेवा श्रम संघ के आचार्य स्वामी प्रयागात्मानन्द जी महाराज के दल द्वारा गीता पाठ तथा इस्लाम धर्म के अनुयायी मौलना के द्वारा कुरानेशरीफ पढ़ा गया । चतुर्थ चरण के कार्य कर्म में जन सेवा प्रसाद वितरण आम लोगों के लिये किया गया ।शहीद मनीन्दर नाथ मंडल स्मारक सामाजिक चैरिटी बल न्यास द्वारा व शहीद मनीन्दर नाथ मंडल स्मारक समिति के द्वारा शहादत समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शहीद मनीन्दर नाथ मंडल के साथ-साथ दिवंगत बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन ,राम दास सोरेन,तथा कंसारी मंडल के चित्रों पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । आज के इस समारोह में मुख्य रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद ढुलु महतो शामिल थे।

## एक ही रात चार घरों में चोरी पुलिस पर उठे सवाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निरसा के गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत मोहल बागान कॉलोनी में बीती रात चोरो ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाते हुए करीब दो लाख की संपत्ति लेकर चंपत हो गए। वहीं, पुलिस जांच के नाम पर बस लकीर पीट रही है। चोरी की सुचना पर सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी ने क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित सुद्दू बाउरी, भादो बाउरी, दुखा पासी और मनोज कुमार से मुलाकात की। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित इसीएल कर्मी सुद्दू बाउरी ने कहा की बुधवार की रात करीब 11.30 बजे घर का ताला बंद कर ड्यूटी करने गए थे। सुबह 4:05 में जब वापस घर लौटे तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश करते ही देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और अलमीरा में रखा गले का चैन, कान की बाली एवं हाथ का कड़ा सहित पच्चास हजार रुपए नगद गायब हैं। इसकी सूचना गल्फरबाड़ी पुलिस को दी है। वहीं, क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत है। मौके पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी ने पुलिस के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी चाहे वह कुमारधुबी क्षेत्र में हो या मैथन, या फिर गल्फरबाड़ी, सभी क्षेत्रों में चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक कुमार दास ने जब से ओपी में अपना योगदान दिया हैं, तब से एक आलीशान होटल में अपना ठिकाना बनाए हुए है। जनता का फोन नहीं उठाते हैं, पूरे क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार को खुली छूट दे रखी हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com